

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# जागरण मोर्चा

www.jagranmorcha.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद में प्रसारित

जन जन की आवाज़

माँ सिद्धिदात्री



(सिद्धियों और मोक्ष की दाता)

लखनऊ | वर्ष : 05 अंक : 44 | शुक्रवार 27 मार्च 2026 | चैत्र शुक्ल नवमी विक्रम संवत 2083 | पृष्ठ : 12 | मूल्य : 05 रूपया


## सोनिया गांधी की सेहत में सुधार

एजेंसी समाचार

**दिल्ली।** कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को संक्रमण होने के कारण अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उनकी सेहत में सुधार हो रहा है, हालांकि वह अब भी चिकित्सकीय निगरानी में हैं। सर गंगाराम अस्पताल के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अस्पताल के चेयरमैन डॉ. अजय स्वरूप ने कहा कि गांधी को 24 मार्च की रात को भर्ती कराया गया था। संक्रमण के उपचार के लिए उन्हें एंटीबायोटिक्स दी जा रही हैं और उन पर दवाओं का अच्छा असर हो रहा है। उन्होंने कहा कि वह वरिष्ठ चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में हैं जो उनकी स्थिति पर बारीकी से नजर रख रही है।



सूत्रों ने बताया कि एहतियात के तौर पर सोनिया गांधी को अगले कुछ दिनों तक अस्पताल में निगरानी में रखा जाएगा और उनकी हालत स्थिर है। सोनिया गांधी (79) को बुखार होने के बाद मंगलवार रात करीब 10 बजकर 22 मिनट पर अस्पताल में भर्ती कराया गया था। सूत्रों ने पहले कहा था कि मौसम बदलने के कारण उनकी तबीयत खराब हुई है।

## अग्निवीरों के लिए खुशखबरी : नौकरी में 20 प्रतिशत आरक्षण की सिफारिश

एजेंसी समाचार

**हमीरपुर/लखनऊ।** केंद्र सरकार ने अग्निवीरों के लिए रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी राज्यों से सरकारी नौकरियों में 20 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश की है। इस संबंध में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। यह पहल उस समय की गई है जब अग्निवीरों का पहला बैच वर्ष 2027 में अपनी चार वर्षीय सेवा पूरी करेगा। केंद्र सरकार चाहती है कि सेवा समाप्ति के बाद इन युवाओं को पर्याप्त रोजगार अवसर मिल सकें।

गृह मंत्रालय द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि पूर्व सैनिकों की तर्ज पर अग्निवीरों को भी राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में अवसर दिए जाएं। इससे 2027 में सेवा पूरी करने वाले पहले बैच को रोजगार के बेहतर विकल्प मिल सकेंगे। पत्र में विशेष रूप से वन रक्षक, खनन गार्ड, पुलिस कांस्टेबल, फायरमैन, माउंटेड पुलिस, जेल वार्डन, विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) और राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ) जैसे पदों में 20 प्रतिशत आरक्षण देने की सिफारिश की गई है।

इस कदम का उद्देश्य अनुशासित और प्रशिक्षित अग्निवीरों की सेवाओं का उपयोग राज्यों में कानून-व्यवस्था और आपदा प्रबंधन को मजबूत करने में करना है। देश के कई राज्यों ने इस दिशा में पहल भी शुरू कर दी है। हरियाणा इस तरह का आरक्षण लागू करने वाला पहला राज्य बन गया है, जहां पुलिस, वन गार्ड, जेल वार्डन, विशेष पुलिस अधिकारी और ग्रुप-सी पदों में अग्निवीरों के लिए प्रावधान किया गया है।

### पश्चिम एशिया संकट

# पीएम मोदी मुख्यमंत्रियों संग करेंगे बैठक, राज्यों की तैयारियों का लेंगे जायजा

एजेंसी समाचार

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को चुनाव वाले राज्यों को छोड़कर बाकी सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष के मद्देनजर उनकी तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा के लिए बैठक करेंगे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। यह पहली बार है जब प्रधानमंत्री पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर मुख्यमंत्रियों के साथ बैठक करेंगे।

यह संघर्ष 28 फरवरी को अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के साथ शुरू हुआ था। ईरान ने भी खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले कर जवाबी कार्रवाई की है। सूत्रों ने बताया, "प्रधानमंत्री कल शाम वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये मुख्यमंत्रियों के साथ पश्चिम एशिया संघर्ष पर बातचीत करेंगे,



ताकि राज्यों की तैयारियों और योजनाओं की समीक्षा की जा सके। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 'टीम इंडिया' की भावना के साथ प्रयासों में तालमेल सुनिश्चित करना होगा।" जिन राज्यों में विधानसभा चुनाव होने जा रहे हैं, उन राज्यों के मुख्यमंत्री, आदर्श आचार संहिता लागू होने के कारण इस बैठक में शामिल नहीं होंगे। मंत्रिमंडल सचिवालय, चुनाव वाले राज्यों - तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, केरल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी के मुख्य सचिवों के साथ एक अलग

# 'कोरोना जैसे बन रहे हालात'

## पुतिन बोले- जंग लड़ रहे देशों को इसके असर का अंदाजा नहीं

एजेंसी समाचार

**मॉस्को।** पश्चिम एशिया में जारी युद्ध को लेकर रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि इस संघर्ष के असर का अंदाजा लगाना अभी मुश्किल है, लेकिन इसके परिणाम कोरोना महामारी जैसे हो सकते हैं। पुतिन ने साफ कहा कि यह युद्ध केवल क्षेत्रीय नहीं बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और सप्लाई सिस्टम को प्रभावित कर रहा है। इससे वैश्विक स्तर पर चिंता बढ़ गई है।

पुतिन ने मॉस्को में बिजनेस लीडर्स से बातचीत के दौरान कहा कि अभी तक इस संघर्ष के परिणामों का सही अनुमान लगाना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि जो देश इस युद्ध में शामिल हैं, वे खुद भी इसके भविष्य को लेकर स्पष्ट नहीं हैं। ऐसे में बाकी दुनिया के लिए स्थिति और ज्यादा अनिश्चित हो जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ आकलनों में इस संकट की तुलना कोरोना महामारी से की जा रही है।



पुतिन ने कहा कि इस युद्ध का असर अंतरराष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स, उत्पादन और सप्लाई चेन पर साफ दिखाई दे रहा है। उन्होंने बताया कि हाइड्रोकार्बन, धातु और उर्वरक जैसे क्षेत्रों पर भारी दबाव पड़ रहा है। इससे वैश्विक बाजार में अस्थिरता बढ़ रही है और कई देशों की अर्थव्यवस्था प्रभावित हो सकती है। कंपनियों को भी बड़े नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

पुतिन ने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर हालात नहीं सुधरे तो यह संकट कोरोना महामारी जैसा बड़ा आर्थिक झटका दे सकता है। उन्होंने याद दिलाया कि कोरोना के दौरान पूरी दुनिया की रफ्तार धीमी पड़ गई थी और हर देश प्रभावित हुआ था। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया का यह युद्ध भी उसी तरह विकास को रोक सकता है और वैश्विक संकट पैदा कर सकता है।

पुतिन के बयान से साफ है कि आने वाले समय में वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी चुनौती खड़ी हो सकती है। उन्होंने संकेत दिया कि अगर युद्ध लंबा चला तो इसका असर हर देश पर पड़ेगा। ऐसे में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कूटनीतिक समाधान की जरूरत और बढ़ गई है। दुनिया को इस संकट से बचने के लिए जल्दी कदम उठाने होंगे।

# रामनवमी पर पीएम मोदी ने दी देशवासियों को बधाई

## सीएम योगी की अपील- शांति और सौहार्द के साथ मनायें पर्व

एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को राम नवमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान राम के आदर्श न केवल भारत के लोगों के लिए, बल्कि अनंतकाल तक पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक शक्ति बने रहेंगे। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, "देशभर के मेरे परिवारजनों को रामनवमी की असीम शुभकामनाएं।

त्याग, तप और संयम से भरे मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन से हमें हर परिस्थिति का पूरे सामर्थ्य से सामना करने की प्रेरणा मिलती है। उनके आदर्श अनंतकाल तक भारतवासियों के साथ-साथ संपूर्ण मानवता के पथ-प्रदर्शक बने रहेंगे।" प्रधानमंत्री ने कहा, "मेरी कामना है कि भगवान



राम की कृपा से सबका कल्याण हो, जिससे विकसित और आत्मनिर्भर भारत के संकल्प की सिद्धि का मार्ग प्रशस्त हो।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। अपने संदेश में उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, संयम और कर्तव्यनिष्ठा बनाए रखने की प्रेरणा देता है। यही मूल्य रामराज्य की संकल्पना का आधार हैं।

सीएम योगी ने सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि रामनवमी पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न कराया जाए। मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर विशेष स्वच्छता अभियान, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और श्रद्धालुओं के सुगम दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

इसके साथ ही भीड़ प्रबंधन, पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती और सतत निगरानी के निर्देश दिए गए हैं, ताकि किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो।

# सरकार कर रही आजम खां पर अत्याचार - अजय राय

- जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने



पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा से वार्ता करते अध्यक्ष अजय राय

कहा कि सरकार सपा नेता आजम खां पर अत्याचार कर रही है। पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा ने अजय राय को बताया कि सरकार पूरी तरह से अन्याय और अत्याचार कर रही है कोर्ट के आदेश के बावजूद भी आजम खां को जमीन पर सुलाया जा रहा है। उन्हें दवाइयां नहीं दी जा रही है। घर से मुलाकात के लिए जब कोई जाता है तो उनके सामने एलआईयू कर्मी बैठे रहते हैं। इस दौरान कई सपाई भी मौजूद रहे।

गुरुवार को जेल रोड स्थित आजम खां के घर पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पहुंचे। जहां उन्होंने पूर्व विधायक डॉ.तजीन फात्मा और बड़े बेटे अदीब आजम खां को ईद की मुबारकबाद दी। मुलाकात के बाद अजय राय जब घर से बाहर आए तो उन्होंने पत्रकारों को बताया कि यह कौन सी और

### पूर्व विधायक डॉ. तजीन फात्मा, बड़े बेटे अदीब आजम से की मुलाकात

किसकी सरकार चल रही है। क्या इतना प्रताड़ित करेंगे ऐसे व्यक्ति को जो बीमार है। आज आजम खां जेल में है जो व्यक्ति आम आदमी के लिए, लड़ने वाला, शिक्षा के बारे में सोचने वाले को प्रताड़ित किया जा रहा है। सरकार पर तंज कसते हुए कहा कि जितने अपराधी, माफिया है वह भाजपा में कोई एमपी, एमएलए, एमएलसी और कोई मंत्री बना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी आजम खां के खड़ी है। सरकार तानाशाही कर रही है।

# फ्रांस दौरे पर विदेश मंत्री जयशंकर, जी7 सहयोगी देशों के साथ बैठक में लेंगे हिस्सा

एजेंसी समाचार

**दिल्ली।** विदेश मंत्री एस जयशंकर जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए बृहस्पतिवार को फ्रांस रवाना हुए। इस बैठक में पश्चिम एशिया संकट पर चर्चा होगी और होर्मुज जलडमरूमध्य को अंतरराष्ट्रीय नौवहन के लिए खुला रखने के प्रयासों में समन्वय पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हालांकि भारत जी7 का सदस्य नहीं है लेकिन इस प्रभावशाली समूह के मौजूदा अध्यक्ष फ्रांस ने उसे साझेदार देश के रूप में आमंत्रित किया है। इस बैठक में अमेरिका,



कनाडा, जर्मनी, इटली, फ्रांस, जापान और ब्रिटेन के शीर्ष राजनयिक हिस्सा ले रहे हैं। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, विदेश मंत्री 26 और 27 मार्च को फ्रांस में एबे डेस-वॉक्स-डे-सेर्ने की यात्रा करेंगे, जहां वह साझेदार देशों के साथ जी7 देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक में हिस्सा लेंगे।

# युद्ध के चलते पूरी दुनिया प्रभावित... गोरखपुर में बोले सीएम योगी

## अफवाहों पर ध्यान न दें, मानसिक रूप से तैयार रहें...

एजेंसी समाचार

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर में एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि ईरान, इजराइल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध के संभावित प्रभावों पर चिंता जताते हुए कहा कि इससे मिडिल ईस्ट, एशिया और लगभग पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है।

योगी आदित्यनाथ गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण क्षेत्र (गीडा) में सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, "ईरान, इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच चल रहे युद्ध से



मिडिल ईस्ट, एशिया और लगभग पूरी दुनिया ही प्रभावित है। उस इलाके में हर कोई इससे प्रभावित है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में हम सुरक्षित हैं और बेखौफ अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं। लेकिन अगर यह युद्ध लंबा चला तो हर कोई प्रभावित होगा। हमें इसके लिए मानसिक रूप से तैयार रहना होगा।"

सीएम योगी ने जनता को अफवाहों पर ध्यान न देने की सलाह दी और कहा, "हमें अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमने राज्य के अंदर व्यवस्था की है और जिला प्रशासन से छढत्रृ सिलेंडर की होम डिलीवरी लागू करने को कहा है, जैसा कि एजेंसियां पहले करती थीं। लेकिन कुछ लोग अफवाहें फैलाकर माहौल खराब करना चाहते हैं। भारत में सब ठीक है।"

वर्तमान में मध्य पूर्व के युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे भारत में भी छढत्रृ सिलेंडर को लेकर अफवाहें फैल रही हैं। कई जगहों पर लोग घबराकर सिलेंडर खरीद और स्टॉक करने लगे हैं, जिससे कालाबाजारी और जमाखोरी की शिकायतें आई हैं।

जिला प्रशासन को LPG सिलेंडर की होम डिलीवरी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

# होर्मुज पर ताला लगाने वाले ईरानी नौसेना प्रमुख की मौत

एजेंसी समाचार

**तेहरान।** इस्राइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गुरुवार को दावा किया है कि उनके हवाई हमले में ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) की नौसेना के कमांडर अलीरेजा तंगसीरी मारे गए हैं। एक छोटे से वीडियो संदेश में उन्होंने यह भी कहा कि उनकी सेना पूरी ताकत से मुकाबला करती रहेगी। उन्होंने बताया कि बुधवार रात आईआरजीसी की नौसेना के कमांडर को मार गिराया गया। अलीरेजा तंगसीरी ने होर्मुज जलडमरूमध्य पर पहरा लगा रखा था।

नेतन्याहू से पहले देश के रक्षा मंत्री इस्राइल काट्ज ने भी तंगसीरी की मौत का दावा किया था। उन्होंने भी वीडियो संदेश जारी किया। काट्ज ने अपने बयान में कहा, बुधवार रात एक सटीक और खतरनाक अभियान में



आईडीएफ ने आईआरजीसी के नौसेना कमांडर तंगसीरी और नौसेना के वरिष्ठ अधिकारियों को मार गिराया। इससे पहले, इस्राइली मीडिया ने एक अज्ञात सूत्र के हवाले से बताया था कि तंगसीरी हवाई हमले में मार गए हैं। हालांकि, तब इस्राइल या ईरान ने आधिकारिक तौर पर उनकी मौत की पुष्टि नहीं की थी।

रिपोर्ट के मुताबिक, तंगसीरी आईआरजीसी की नौसेना के प्रमुख थे और उन्हें होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की जिम्मेदारी दी गई थी। वहीं, आईआरजीसी ने आज फिर से अमेरिकी सैन्य ठिकानों पर हमले किए हैं। बताया जा रहा है कि ईरान के उत्तरी हिस्से में बनियादी ढांचे और नागरिक इलाकों पर हमलों के जवाब में यह कार्रवाई की गई।

# पेट्रोल-डीजल के लिए पम्पों पर लगीं कतारें, अफवाहों का बाजार गर्म



एजेंसी समाचार

**लखनऊ।** गैस सिलेंडर की किल्लत के बीच गुरुवार को राजधानी के पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल-डीजल भराने के लिए लंबी कतारें लग गईं। अफवाहों का बाजार गर्म रहा, जिससे दोपहर बाद पेट्रोल पम्पों पर पेट्रोल और डीजल भराने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। कई जगह पेट्रोल खत्म हो गया।

टैंकर आने के बाद फिर पेट्रोल-डीजल का वितरण किया गया। कई पेट्रोल पम्पों पर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की निगरानी में वितरण कराया गया।

ईरान-इजराइल युद्ध से पेट्रोल-डीजल संकट की संभावना को देखते हुए गुरुवार दोपहर से पेट्रोल पम्प पर लोग बड़ी संख्या में पहुंचने लगे। छुट्टी का दिन होने के कारण देखते-देखते पम्पों पर कतारें लंबी होती गयीं। जिससे पेट्रोल पम्प कर्मचारियों और संचालकों के पसीने छूटने लगे। ग्राहक गाड़ियों का टैंक फुल करवा रहे थे।

स्थिति बिगड़ती देख कई पेट्रोल पम्पों पर लिमिट तय कर दी गई। शहर के अधिकांश पेट्रोल पम्पों पर देर शाम तक लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं तीनों तेल कंपनियों के राज्य समन्वयक संजय भंडारी ने बताया कि प्रदेश में 20-22 दिनों का पर्याप्त पेट्रोल-डीजल का स्टॉक उपलब्ध है। नागरिक पैनिक होकर पेट्रोल-डीजल का भंडारण न करें।

# छुट्टी के दिन भी खुला रजिस्ट्री दफ्तर, बैनामों की लगी लाइन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** वित्तीय वर्ष के आखिरी दौर में राजस्व बढ़ाने और लोगों की सुविधा के लिए गुरुवार को अवकाश के दिन भी रजिस्ट्री कार्यालय खोला गया। सुबह 10 बजे से ही निबंधन भवन में जमीन और मकान का बैनामा कराने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## सुबह से ही दस्तावेज लेकर पहुंचने लगे लोग

कार्यालय खुलते ही लोग जरूरी कागजात लेकर पहुंचने लगे। दिन चढ़ने के साथ भीड़ बढ़ती गई और काउंटरों पर लंबी कतारें लग गईं। कर्मचारियों को भी लगातार काम करना पड़ा। शासन के निर्देश पर इससे पहले पिछले रविवार को भी रजिस्ट्री कार्यालय खोला गया था। वित्तीय वर्ष के समापन को देखते हुए अवकाश के दिनों में भी काम जारी रखा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक बैनामे हो सकें।

## नवरात्र में बढ़ी रजिस्ट्री की रफ्तार

कार्यालय कर्मचारियों के मुताबिक नवरात्र के चलते बैनामा कराने वालों की संख्या में तेजी आई है। शुभ मुहूर्त मानकर लोग संपत्ति खरीदने और रजिस्ट्री कराने में रुचि दिखा रहे हैं।
विभागीय अधिकारियों का कहना है कि वित्तीय वर्ष के अंत में अधिक से अधिक राजस्व जुटाने के लिए यह व्यवस्था की गई है। जरूरत पड़ने पर आगे भी अवकाश के दिन कार्यालय खोले जा सकते हैं।

# देशी और विदेशी पर्यटकों को आकर्षित कर रही नाथ नगरी, एक करोड़ का आंकड़ा पार

- योगी सरकार की नीतियों से बरेली में खिंचे चले आ रहे हैं विदेशी पर्यटक
- एक साल में 20 प्रतिशत उछाल के साथ बरेली बना उभरता धार्मिक पर्यटन केंद्र

जागरण मोर्चा कार्यालय


शहर के धार्मिक स्थल

**बरेली।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने वाले विजन के अनुरूप बरेली में देशी विदेशी पर्यटकों की संख्या तेजी से बढ़ने लगी है।
नाथ नगरी बरेली में पर्यटकों की कुल संख्या एक करोड़ के पार पहुंच गई है। देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु और पर्यटक अब बरेली को प्रमुख धार्मिक पर्यटन गंतव्य के रूप में देख रहे हैं। पर्यटन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2023 में 81.56 लाख, 2024 में 99.13 लाख, जबकि 2025 में 1.00 करोड़ से अधिक पर्यटक बरेली पहुंचे। यही नहीं, विदेशी पर्यटकों की संख्या भी लगातार बढ़ रही है। 2023 में जहां केवल 911 विदेशी आए थे, वहीं 2025 में यह संख्या 1056 तक पहुंच गई है।

## नाथ कॉरिडोर से बदली बरेली की पहचान

योगी सरकार द्वारा अयोध्या, मथुरा और काशी की तरह धार्मिक स्थलों को पर्यटन से जोड़ने की नीति का लाभ अब बरेली को भी मिल रहा है। स्मार्ट सिटी बरेली में मौजूद सात नाथ मंदिरों को जोड़कर नाथ कॉरिडोर विकसित किया जा रहा है। पहले चरण का कार्य पूरा हो चुका है, जबकि दूसरे चरण के काम तेजी से चल रहे हैं। नाथ कॉरिडोर के पूर्ण होने के बाद पर्यटकों की संख्या में और उछाल आने की संभावना जताई जा रही है।

## ठहराव बढ़ाने पर सरकार का फोकस

योगी सरकार सिर्फ भीड़ नहीं, बल्कि पर्यटकों के ठहराव पर भी जोर दे रही है। इसी कड़ी में लाइट एंड साउंड शो की तैयारियां की जा रही हैं और होमस्टे योजना के तहत जगह-जगह आवास विकसित किए जा रहे हैं। अधिकारियों का मानना है कि ठहराव बढ़ेगा तो स्थानीय व्यापार, होटल, परिवहन और रोजगार को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा बरेली और आस पास के जिलों लोग कांवड़ यात्रा में जाते हैं। बरेली में भव्य कांवड़ का आयोजन किया जाता है। इसके लिये अलग से कांवड़ियों के लिये आश्रय स्थल बनाया जा रहा है।

### पर्यटक आंकड़े एक नजर में

2023 - 81,56,673 भारतीय 7 911 विदेशी
2024 - 99,13,182 भारतीय 7 1,120 विदेशी
2025 - 1,00,27,544 भारतीय 7 1,056 विदेशी

## मौसम के हिसाब से बढ़ता-घटता टूरिज्म

पर्यटन विभाग के अनुसार जनवरी से मार्च और सितंबर से दिसंबर के बीच पर्यटकों की आवाजाही सबसे अधिक रहती है। जनवरी 2023 में 6.20 लाख भारतीय, जनवरी 2024 में 7.05 लाख और जनवरी 2025 में 7.76 लाख भारतीय पर्यटक बरेली पहुंचे। नवंबर और दिसंबर पर्यटन के लिहाज से सबसे बेहतर साबित हो रहे हैं, जब 2025 में 10.56 लाख से अधिक भारतीय पर्यटक जिले में आए।

## ऐसे होती है पर्यटकों की गणना

उप निदेशक पर्यटन रवींद्र कुमार ने बताया कि जिले में पर्यटकों की गणना के लिए होटल, धर्मस्थल और वीडियोग्राफी सर्वे का सहारा लिया जाता है। इन्हीं आंकड़ों के आधार पर वार्षिक मूल्यांकन किया जाता है। जिले में करीब 20 प्रतिशत की वृद्धि भविष्य के लिए शुभ संकेत है। नाथ कॉरिडोर, होमस्टे और सांस्कृतिक आयोजनों के साथ बरेली को योगी सरकार का अगला धार्मिक पर्यटन हब बनाने की दिशा में तेज़ी से कदम बढ़ाए जा रहे हैं।

# 80 मजदूर-जेसीबी की जंग के बाद 30 घंटे में मिला तौहीद का शव

## सेटेलाइट बस स्टैंड के खुले नाले में गिरा था युवक, रेस्क्यू में कई एजेंसियां जुटीं, नगर निगम की लापरवाही पर सवाल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** सेटेलाइट बस अड्डे पर खुले नाले में गिरे युवक की तलाश 30 घंटे बाद खत्म हुई। बुधवार देर रात करीब तीन बजे नाले में फंसा उसका शव बरामद कर लिया गया। मृतक की पहचान हरदोई निवासी तौहीद के रूप में हुई है। हादसे ने नगर निगम की लापरवाही पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।
मंगलवार रात करीब साढ़े नौ बजे तौहीद बस का इंतजार कर रहा था। इसी दौरान वह खुले नाले में गिर गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज बहाव में वह डूब गया। घटना सीसीटीवी में भी कैद हो गई, जिसके आधार पर रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया। सूचना मिलते ही पुलिस, नगर निगम और प्रशासन मौके पर पहुंच गया। रात 12 बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू अभियान बुधवार देर रात तक जारी रहा। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की टीमें भी लगाई गईं। भारी मशीनों की मदद से नाले का स्लैब तोड़ा गया और पानी निकाला गया, तब जाकर शव बरामद हो सका।
शव मिलने के बाद जेब में रखे आधार कार्ड से युवक की पहचान तौहीद पुत्र रईस, निवासी शाहाबाद देहात (हरदोई) के रूप में हुई। बताया गया कि वह रुद्रपुर की एक कंपनी में ड्राइवर था। सूचना पर परिजन बरेली पहुंचे, जिनकी मौजूदगी में पंचनामा भरकर शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया। स्थानीय दुकानदारों का आरोप है कि सफाई के दौरान नाले का स्लैब हटाया गया था, लेकिन उसे दोबारा ढका नहीं गया। यही लापरवाही इस हादसे की वजह बनी। घटना के बाद नगर आयुक्त संजीव मौर्य, एडीएम सिटी सौरभ दुबे समेत कई अधिकारी मौके पर पहुंचे। जहां हादसा हुआ, वहां तीन बड़े नालों का चैंबर प्वाइंट है। करीब नौ फुट गहरे और चार फुट चौड़े इस नाले में पानी का बहाव बेहद तेज रहता है। ऐसे में गिरने वाले के बचने की संभावना बेहद कम हो जाती है।


जेसीबी से होती खुदाई


मृतक तौहीद का फाइल फोटो

### जाम से निपटने को बदला ट्रैफिक रूट

रेस्क्यू के दौरान एक लेन बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया। शाहजहांपुर की ओर से आने वाली बसों को दूसरी ओर रोका गया। पुलिस और ट्रैफिक टीम देर रात तक मौके पर डटी रही। रेस्क्यू में 80 से ज्यादा कर्मचारी, पांच जेसीबी, क्रेन, सक्शन पंप और स्लैब काटने की मशीनें लगाई गईं। घंटों की मशक्कत के बाद आखिरकार टीम को सफलता मिली, लेकिन तब तक एक जिंदगी खत्म हो चुकी थी। थाना प्रभारी धनंजय पांडे ने बताया कि परिजन अगर तहरीर देंगे तो संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। हादसे ने शहर में खुले नालों की सुरक्षा को लेकर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है।

# आंगनबाड़ी में बदलेगा पुष्टाहार, अप्रैल से मिलेगा हलवा-बर्फी और खिचड़ी

जागरण मोर्चा कार्यालय




**बरेली।** आंगनबाड़ी केंद्रों पर मिलने वाले पुष्टाहार की तस्वीर अप्रैल से पूरी तरह बदलने जा रही है। अब तक मिलने वाले दलिया, रिफाइंड और चावल की जगह रेसिपी आधारित स्वादिष्ट और पोषक आहार दिया जाएगा, जिससे बच्चों और महिलाओं को बेहतर पोषण मिल सकेगा।
नई व्यवस्था के तहत मीठे में आटा-बेसन का हलवा और बर्फी, जबकि नमकीन में मूंग दाल की खिचड़ी वितरित की जाएगी। विभाग का दावा है कि यह आहार स्वादिष्ट होने के साथ पोषण से भरपूर होगा, जिसे बच्चे आसानी से खा सकेंगे। अति कुपोषित बच्चों के लिए अलग से ऊर्जा युक्त पुष्टाहार की व्यवस्था की गई है। इसमें अलग-अलग आयु वर्ग के अनुसार उर्जा युक्त हलवा और दलिया दिया जाएगा, जिससे उनकी सेहत में तेजी से सुधार हो सके।
छह माह से एक वर्ष तक के बच्चों को आटा-बेसन हलवा, एक से तीन वर्ष तक के बच्चों को भी हलवा, जबकि तीन से छह वर्ष तक के बच्चों को बर्फी और खिचड़ी दी जाएगी। गर्भवती और धात्री महिलाओं के लिए आटा-बेसन सोया बर्फी और मूंग दाल खिचड़ी निर्धारित की गई है। नई व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नैफेड की ओर से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के मोबाइल पर ओटीपी भेजा जाएगा। ओटीपी सत्यापन के बाद ही पुष्टाहार का वितरण किया जाएगा, जिससे गड़बड़ी पर रोक लगेगी।
जिले में नई व्यवस्था लागू करने की तैयारी तेज कर दी गई है। अधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि पहले से लंबित पुष्टाहार का वितरण जल्द पूरा किया जाए और स्वयं सहायता समूहों का बकाया भुगतान भी निपटाया जाए। जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अप्रैल से आंगनबाड़ी केंद्रों पर रेसिपी आधारित अनुपूरक पोषण आहार का वितरण शुरू हो जाएगा। इससे बच्चों और महिलाओं को बेहतर गुणवत्ता का पोषण मिल सकेगा।

# आईवीआरआई ने रच दिया इतिहास, टेस्ट ट्यूब तकनीक से बरेली में जन्मे 5 बछड़े

जागरण मोर्चा कार्यालय



**बरेली।** देसी नस्ल सुधार की दौड़ में बरेली ने बड़ा दांव खेल दिया है। भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान (आईवीआरआई) के वैज्ञानिकों ने टेस्ट ट्यूब तकनीक से एक साथ चार बछड़े और एक बछिया का जन्म कराकर पशुपालन क्षेत्र में नई लकीर खींच दी है। सात महीने की मेहनत के बाद मिली इस कामयाबी ने वैज्ञानिकों का कद और बढ़ा दिया है।
यह पूरा कारनामा ओवम पिकअप (ओपीयू) और इन विट्रो फर्टीलाइजेशन तकनीक से हुआ। अल्ट्रासाउंड के जरिए अंडाणु निकाले गए, लैब में भ्रूण तैयार किया गया और फिर उसे दूसरी गाय-भैंस में प्रत्यारोपित किया गया। नतीजा—एक नहीं, पांच-पांच स्वस्थ जन्म। डॉ. बृजेश कुमार की अगुवाई में वैज्ञानिकों की टीम ने इस प्रोजेक्ट को अंजाम दिया। इसमें डॉ. विक्रांत सिंह चौहान, डॉ. विकास चंद्र, डॉ. एमके पात्रा समेत कई विशेषज्ञ शामिल रहे। संस्थान के बड़े अधिकारियों ने भी इस उपलब्धि को बड़ी सफलता बताया है। पहला बछड़ा 28 फरवरी को साहीवाल गाय 'गौरी' से जन्मा। इसके बाद मार्च में लगातार चार और जन्म हुए। हर जन्म के साथ वैज्ञानिकों का भरोसा और मजबूत होता गया। वैज्ञानिकों ने हाई क्वालिटी जर्मप्लाज्म चुना। दाता गाय रोज 12 लीटर से ज्यादा दूध देती थी, जबकि इस्तेमाल किए गए सांड की नस्ल भी उच्च उत्पादन वाली रही। साफ है—टारगेट है ज्यादा दूध, बेहतर नस्ल और किसानों की कमाई। जहां सामान्य तरीके से एक साल में एक ही बछड़ा मिलता है, वहीं इस तकनीक से एक गाय से 20 और भैंस से करीब 10 उन्नत नस्ल के पशु पैदा किए जा सकते हैं। यानी एक झटके में पशुधन उत्पादन कई गुना बढ़ाने की तैयारी। अब किसान अपनी अच्छी नस्ल के पशु का भ्रूण लैब में तैयार करवा सकेंगे और उसे दूसरी गाय-भैंस में डलवा सकेंगे।

# आज तय होगी 300 बेड अस्पताल की दिशा

## पीपीपी मोड पर सुपर स्पेशियलिटी बनाने की प्रक्रिया अंतिम चरण में, 450 सोलर प्लेट पहुंचीं

जागरण मोर्चा कार्यालय


300 बेड अस्पताल

**बरेली।** शहर के 300 बेड अस्पताल को आखिरकार नई पहचान मिलने जा रही है। लंबे इंतजार के बाद अब यह अस्पताल पीपीपी मोड पर सुपर स्पेशियलिटी बनने की राह पर है। आज लखनऊ से शासन स्तर की टीम अस्पताल का निरीक्षण करेगी, जिससे आगे की कार्रवाई तय होगी।
शासन की टीम आज अस्पताल के भवन, ओपीडी, लैब और उपकरणों का बारीकी से निरीक्षण करेगी। साथ ही यह आकलन किया जाएगा कि सुपर स्पेशियलिटी सेवाएं शुरू करने के लिए किन संसाधनों और स्टाफ की जरूरत होगी। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी, जिसके आधार पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा।
करीब 69 करोड़ रुपये की लागत से बना यह अस्पताल वर्षों से पूरी क्षमता से संचालित नहीं हो सका। फिलहाल यहां केवल सीमित ओपीडी सेवाएं ही चल रही हैं। भर्ती सुविधा न होने से मरीजों को जिला अस्पताल की ओर रुख करना पड़ता है, जिससे वहां लगातार दबाव बढ़ रहा है।

### सुपर स्पेशियलिटी बनने से मिलेगी बड़ी राहत

अस्पताल के पूर्ण रूप से चालू होने पर हजारों मरीजों को स्थानीय स्तर पर ही बेहतर इलाज मिलेगा। इससे जिला अस्पताल पर बोझ कम होगा और गंभीर मरीजों को भटकना नहीं पड़ेगा। अस्पताल में बार-बार होने वाली बिजली कटौती से मरीजों को भारी परेशानी होती थी। अब 450 सोलर प्लेट अस्पताल पहुंच चुकी हैं। रेस्को मॉडल के तहत सोलर सिस्टम लगने से सीटी स्कैन और पैथोलॉजी जैसी सेवाएं निर्बाध चल सकेंगी।

### एक महीने में पूरी होगी सोलर व्यवस्था

साइट इंजीनियर के अनुसार, सोलर इनवर्टर और अन्य उपकरण लगने के बाद करीब एक महीने में पूरी व्यवस्था चालू हो जाएगी। खास बात यह है कि इस परियोजना का खर्च निजी फर्म उठाएगी और 25 साल तक रखरखाव भी उसी की जिम्मेदारी होगी। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद इस अस्पताल को सुपर स्पेशियलिटी बनाने की प्रक्रिया तेज की गई है। स्वास्थ्य विभाग और शासन स्तर पर लगातार प्रयास जारी हैं, जिससे अब यह परियोजना जमीन पर उतरती नजर आ रही है।

# स्पेशल से रेगुलर बनी ट्रेन, अब सस्ते में होगा मुंबई का सफर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बरेली।** मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए राहत की खबर है। काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल साप्ताहिक विशेष ट्रेन (09075-76) को नियमित ट्रेन का दर्जा दे दिया गया है। रेलवे ने इसे नया नंबर 21907-08 आवंटित किया है और जल्द ही यह ट्रेन नियमित रूप से चलेगी। खास बात यह है कि नियमित होने के बाद इस ट्रेन का किराया कम हो जाएगा, जिससे यात्रियों को सीधा फायदा मिलेगा।
अब तक बरेली से मुंबई के लिए केवल दो जोड़ी ट्रेनें ही उपलब्ध थीं—बरेली-लोकमान्य तिलक टर्मिनल और रामनगर-बांद्रा टर्मिनल एक्सप्रेस। इन ट्रेनों में आसपास के जिलों के यात्रियों का भी भारी दबाव रहता है। स्थिति यह रहती है कि टिकट खुलते ही लंबी वेटिंग शुरू हो जाती है और कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो जाता है। नई नियमित ट्रेन के शुरू होने से इस दबाव में कमी आने की उम्मीद है।
काठगोदाम-मुंबई सेंट्रल विशेष ट्रेन काफी समय से चलाई जा रही थी। लगातार यात्रियों और जनप्रतिनिधियों की ओर से इसे नियमित करने की मांग उठ रही थी। रेलवे ने मांग को देखते हुए बुधवार को इस ट्रेन को स्थायी दर्जा देते हुए नया नंबर जारी कर दिया। ग्रीष्मकालीन सीजन में यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेलवे ने बरेली होकर 20 विशेष ट्रेनों के संचालन की तैयारी शुरू कर दी है। इन ट्रेनों की समय सारिणी अप्रैल के मध्य तक जारी होने की संभावना है। जिन रूटों पर ज्यादा वेटिंग होगी, वहां प्राथमिकता के आधार पर विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी।
रेलवे की 60 दिन पहले टिकट बुकिंग व्यवस्था के चलते अभी से ट्रेनों में दबाव दिखने लगा है। कई ट्रेनों में वेटिंग और नो रूम की स्थिति बन रही है। ऐसे में नई नियमित और विशेष ट्रेनें यात्रियों के लिए राहत का जरिया बनेंगी।

# बरेली में 90 फीसदी मैरिज हॉल बुक, कई ऑर्डर कैंसिल, कैटरर्स ने खड़े किए हाथ

जागरण मोर्चा कार्यालय


प्रतिकात्मक चित्र

**बरेली।** पश्चिम एशिया में युद्ध के असर ने अब बरेली की शादियों पर सीधा असर डालना शुरू कर दिया है। एलपीजी सिलिंडर की किल्लत ऐसी गहराई कि शहर के 80 से 90 फीसदी मैरिज हॉल बुक होने के बावजूद कैटररर्स हाथ खड़े कर रहे हैं। कई ऑर्डर निरस्त किए जा चुके हैं, जबकि आने वाले सहालग में हालात और बिगड़ने के संकेत मिल रहे हैं।
कारोबारियों का कहना है कि कॉमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति लगातार प्रभावित हो रही है। बाजार में यह चर्चा भी तेज है कि सिलिंडर की उपलब्धता आवश्यक सेवाओं तक सीमित की जा सकती है। ऐसे में कैटरर्स के सामने सबसे बड़ी चुनौती हर आयोजन के लिए आठ से दस सिलिंडर जुटाने की है, जो फिलहाल नामुमकिन साबित हो रही है। हालात यह हैं कि बुकिंग कराने वाले ग्राहक कीमत बढ़ाने को भी तैयार हैं, लेकिन सिलिंडर की कमी के चलते कोई समाधान नहीं निकल पा रहा। कैटरर्स साफ कह रहे हैं कि गैस के बिना बड़े आयोजनों में भोजन तैयार करना संभव नहीं, इसलिए वे जोखिम लेने से बच रहे हैं। मैरिज हॉल संचालकों के अनुसार 15 अप्रैल से सहालग शुरू हो रही है और लगभग सभी तिथियों पर 80-90 फीसदी हॉल पहले ही बुक हैं। लेकिन जिस समय बुकिंग हुई थी, तब किसी को अंदाजा नहीं था कि अंतरराष्ट्रीय हालात इस तरह स्थानीय आयोजनों को प्रभावित कर देंगे।
अब स्थिति यह है कि घरेलू गैस तक मुश्किल से मिल रही है, तो बड़े आयोजनों का संचालन कैसे होगा यह बड़ा सवाल बन गया है। जिले में करीब 600 छोटे-बड़े मैरिज हॉल हैं, लेकिन शहर के करीब 200 हॉल में भट्ठी पर खाना बनाना संभव नहीं है। धुएं से हॉल की संरचना खराब हो सकती है और किसी भी हॉल में पीएनजी कनेक्शन नहीं है। ऐसे में विकल्प बेहद सीमित हो गए हैं।
सीबीगंज के कैटरर सूरज गुप्ता ने बताया कि मार्च की तीन बुकिंग उन्हें कॉमर्शियल सिलिंडर न मिलने के कारण रद्द करनी पड़ीं।
फिलहाल 15 मार्च के बाद की बुकिंग बरकरार हैं, लेकिन अगर हालात नहीं सुधरे तो उन्हें भी निरस्त करना पड़ सकता है। अब कैटररर्स ने साफ कर दिया है कि बुकिंग तभी होगी जब आयोजक खुद सिलिंडर की व्यवस्था करें। एलपीजी संकट का असर अब सीधे शादी-ब्याह के मेन्यू और आयोजन पर पड़ने लगा है। अगर हालात जल्द नहीं सुधरे तो या तो आयोजनों में मेहमानों की संख्या और मेन्यू घटाना पड़ेगा, या फिर शादियां टालनी पड़ सकती हैं। ऐसे में सहालग से पहले ही शहर में चिंता का माहौल बन गया है।

# तेल को लेकर अफवाहें तेज सप्लाई सामान्यः डीएम

जागरण मोर्चा कार्यालय


डीएम अविनाश सिंह

**बरेली।** ईरान-इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच पेट्रोल-डीजल की किल्लत को लेकर शहर में अफवाहें जरूर तेज हो गई हैं, लेकिन हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने साफ किया है कि जिले में पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और कहीं भी कमी जैसी स्थिति नहीं है।
गुरुवार को शहर के प्रमुख पेट्रोल पंपों पर हालात आम दिनों जैसे ही नजर आए। चौकी चौराहा सहित अन्य पंपों पर न तो लंबी कतारें दिखीं और न ही किसी तरह की अफरा-तफरी। लोग आराम से अपने वाहनों में पेट्रोल-डीजल भरवाते नजर आए। डीएम अविनाश सिंह ने बताया कि जिले के सभी पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। तेल कंपनियों की सप्लाई चेन पूरी तरह सुचारू रूप से काम कर रही है और कहीं से भी आपूर्ति प्रभावित होने की कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि अफवाहों के कारण खपत में हल्की बढ़ोतरी जरूर हुई है, लेकिन इससे सप्लाई पर कोई असर नहीं पड़ा है।
पेट्रोल पंप संचालकों और ग्राहकों ने भी स्थिति को सामान्य बताया। लोगों ने कहा कि उन्हें तेल भरवाने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई। डीएम ने लोगों से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें और अनावश्यक घबराहट से बचें। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और लगातार स्थिति पर नजर रखे हुए है।

पूरे भारत में सबसे कम फीस में अपने Business का रजिस्ट्रेशन कराएं घर बैठे
REGISTRATION INDIA™©
हजारों संतुष्ट ग्राहक
ITR फाइलिंग मात्र ₹999/-
We Provide all consultancy related Services to NGO, Trust, Society, Private Limited Company, GST Registration, ITR Filing, TDS, FSSAI, Income tax
अपना काम Expert CA और Expert Advocate से ही करायें और भविष्य में होने वाली परेशानियों से बचें।
- MSME ₹ 499
- NGO Registration ₹12999
- 12 A ₹4999
- Niti Ayog (NGO Darpan) ₹999
- 80G ₹4999
- E- Anudan ₹999
- Trade Mark ₹7999
- Private Company Registration ₹11999

अपने संस्थान की किसी भी प्रकार की वेबसाइट बनवायें।
ISO Registration ₹4999
Contact: 7500223290 7500277920
T&C Apply
एल.आई.सी. रोड, सिविल लाइन्स, रामपुर 244901 (यू.पी.) Email: teamindia5050@gmail.com

**आवश्यकता**

उत्तर प्रदेश का तेजी से बढ़ता अखबार जागरण मोर्चा 9 मार्च से आपके के बीच आ रहा है। जिसमें जागरण मोर्चा को मुरादाबाद मंडल और जिला रामपुर में रिपोर्टरों और एजेंसी के लिए लोगों की आवश्यकता है। इसके अतिरिक्त विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

**मोबाइल नंबर**
7906815587, 9758444242

**एक नजर**

## जल निगम के एई का चंदौली तबादला

**रामपुर।** स्वार-रामपुर रोड स्थित जल निगम ग्रामीण में तैनात सहायक अभियंता का शासनादेश पर चंदौली का तबादला कर दिया गया है। सहायक अभियंता मोहम्मद असजद को रामपुर से चंदौली, इनके स्थान पर चंदौली से उदयराज गुप्ता को रामपुर भेजा गया है। जानकारी में यह आया है कि तबादलों की कार्रवाई शिकायतों के आधार पर की गई है। उच्च अधिकारियों की इस कार्रवाई से अन्य सहायक अभियंता, अवर अभियंताओं पर खलबली मची हुई है। एक्सईएन अधिशासी अभियंता मोहित विक्रम सिंह ने बताया कि तबादला शासन स्तर से हुआ है।

# राम रहीम पुल बंद होने से बढ़ी दुश्वारियां

### पुल बंद होने पर लगभग 5 से 7 किलोमीटर की दूरी तय कर रहे लोग, आवागमन बंद, बिना वैकल्पिक व्यवस्था करे बंद कर दिया पुल

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** राम रहीम पुल बंद होने से ज्वालानगर जाने के लिए लोगों को कम से कम 5 से लेकर 7 किलोमीटर की दूरी तय करनी पड़ रही है। पुल बंद होने से लोगों की दुश्वारियां बढ़ गई। दिनभर लोग सिविल लाइंस से ज्वालानगर जाने के लिए पनवड़िया रेलवे क्रासिंग, फोटो चुंगी स्थित बने अंडरपास से गुजरे, या फिर कोसी पुल होते हुए होटल रिवर साइड इन से नीचे उतर कर मंसूरपुर, आगापुर, पसियापुर होते ही ज्वालानगर की ओर जा रहे हैं। कई रास्तों पर गहरे गड्ढे होने के कारण बड़ा हादसा हो सकता है।

ज्वालानगर रेलवे क्रासिंग पर आए दिन होने वाले हादसों पर रोकने एवं फाटक बंद होने की वजह से लगने वाले जाम से निजात दिलाने के लिए शासन से वर्ष 1999 में पुल को मंजूरी दी थी। जिसके बाद वर्ष 2006 में यह पुल बनकर तैयार हो गया और लोगों के खोल दिया गया था। अब तक एक बार भी मरम्मत कार्य नहीं कराया गया। जिसके कारण बरसात के दिनों में जगह-जगह से पुल की सड़क धंस जाती है। ऐसे में लोगों को आवागमन में दिक्कत होती है। जनता की समस्याओं को देखते हुए शहर विधायक आकाश सक्सेना ने पुल की मरम्मत के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा था। जिसे बीते माह मंजूरी मिल गई थी। राम रहीम पुल बनने के बाद पहली बार मरम्मत कार्य हो रहा है। यह कार्य करीब 54 दिन तक जारी रहेगा। गुरुवार को पुल बंद हो जाने के बाद लोगों को परेशानियां शुरू हो गई है। अब ज्वाला नगर वासियों को सिविल लाइंस आने के लिए कोसी पुल से होकर आना होगा। क्योंकि श्मशान घाट की तरफ से जाने वाला रास्तो गहरे गड्ढों में तब्दील है। विभागीय अधिकारियों द्वारा इस रास्ते को सही नहीं किया। पुल को बंद कर दिया गया। लोग जान जोखिम में डालकर वहां से गुजर रहे हैं। किसी दिन भी हादसा हो सकता है। बीमार होने पर भी मरीज के तीमारदारों को अस्पताल तक ले जाने में कम से कम एक घंटा लगेगा। लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के राम रहीम पुल के 14 पिलरों का बीयरिंग बदलने का कार्य डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है।



पनवड़िया रेलवे क्रासिंग पर लगे जाम फंसे लोग। -जागरण मोर्चा



राम रहीम पुल पर पसरा सन्नाटा। -जागरण मोर्चा

> राम रहीम पुल की मरम्मत कार्य प्रगति पर है। पुल के ऊपर से गुजरने वाला ट्रैफिक 26 मार्च से 20 मई तक के लिए बंद कर दिया गया है। **-गौरव सिंह, अधिशासी अभियंता, लोक निर्माण विभाग।**

**रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या से भी जूझे लोग**

राम रहीम पुल बंद होने पर लोग पनवड़िया, सीआरपीएफ रेलवे क्रासिंग पर जाम की समस्या से लोग दिनभर जूझे। नौकरी, पेशा करने वालों को भी आने-जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जाम की समस्या होने पर ट्रैफिक पुलिस कर्मियों ने जाम खुलवाया। यातायात प्रभारी नवनीत कुमार ने बताया कि आवागमन के लिए 6 पॉइंट बनाए गए है इन सभी ट्रैफिक पुलिस कर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। वहीं सुरक्षा के लिहाज से आरपीएफ में तैनात पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई है। ताकि जाम नहीं लग सके। आरपीएफ इंचार्ज शिखा बालियान ने बताया कि जाम न लगे जिसके लिए कर्मचारियों को तैनात किया गया है।

**पुल बंद के कारण इन मार्गों से होकर गुजरे भारी वाहन**

राम रहीम पुल पर भारी वाहनों का आवागमन बंद होने से शाहबाद-पटवाई से आने वाले भारी वाहन मुरादाबाद-बरेली बाईपास से होकर कोसी पुल, शहजादनगर स्थित जीरो प्वाइंट होकर सिविल लाइंस, मालागोदाम की तरफ आए। इसी तरह शहर की ओर से शाहबाद रोड, पटवाई जाने वाले भारी वाहनों को भी जीरो प्वाइंट कोसी नदी के पुल होकर बाईपास से शादी की मंडैया वाले स्थान पर नीचे उतर कर निकले। इसके अलावा दोपहिया वाहन किट प्लाई मार्ग से होकर पनवड़िया, आगापुर मार्ग से होकर भी सीआरपीएफ गेट के पास मुरादाबाद मार्ग की तरफ होकर गुजरे।

आप सभी को ईद-उल-फितर की तहेदिल से मुबारकबाद



उमर फारूख
नगर उपाध्यक्ष टांडा
भारतीय किसान यूनियन टिकैत
उमर फारूख ज्वैलर्स
पता : सदर बाजार सर्राफा मार्केट, टांडा जनपद रामपुर
मो. 9627100005, 7906555523



# अष्टमी पर भक्तों ने महागौरी का किया पूजन, जिमाई कन्याएं

## माता की आराधना कर सौभाग्य, धन संपदा और परिवार की खुशहाली की कामना की गई, महिलाओं ने ढोलक-बाजे के साथ भजन-कीर्तन कर माता का किया गुणगान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** गुरुवार को जिले भर में दुर्गा अष्टमी का पर्व मनाया गया। लोगों ने विधि विधान से महागौरी का पूजन किया। माता की आराधना कर सौभाग्य, धन संपदा और परिवार की खुशहाली की कामना की गई। कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोजन कराया गया। इसके साथ भक्तों ने नवरात्र व्रत का समापन किया।

गुरुवार को भक्तों ने मां भगवती के आठवें स्वरूप महागौरी का पूजन किया। बताया कि माता का यह स्वरूप धन धान्य, गृहस्थी, सुख और शांति प्रदान करने वाला है। महागौरी इसी की प्रतीक हैं और सृष्टि का आधार हैं। महागौरी ही अक्षत सुहाग की प्रतीक देवी हैं। सुबह सबसे पहले उठकर महिलाओं ने साफ-सफाई की। उसके बाद पूजा अर्चना करके खाना बनाने के बाद मंदिरों में हवन हुआ। जिसके बाद प्रसाद चढ़ाया। फिर घरों में कन्याएं जिमाई। उनको प्रसाद ग्रहण कराया। उनको उपहार दिए गए। पूरे दिन महिलाएं कन्याओं को तलाश करके उनको खाना खिलाती रही। मिस्टनगंज स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आठवीं देवी महागौरी की कृपा प्राप्त करने के लिए भक्तों ने उनका सिंगार किया। उसके बाद यज्ञ में आहुति दी। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा पुजारी ने अपने सहयोगी भक्तों को साथ लेकर पूजा अर्चना करते हुए सप्तशती पाठ, कवच पाठ, दुर्गा चालीसा, गणेश वंदना, भजन कीर्तन करते हुए सैकड़ों सेवादार शामिल रहे। मुख्य रूप से राजेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र कुमार अग्रवाल, पंडित सत्यम शर्मा, विश्वनाथ प्रसाद, विनीत, दिनेश, सुनीता, राधा,शांति, सीमा, मधु राम, भरोसे लाल यादव, तिलक राज,पुजारी पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने बताया कि आज नवमी देवी सिद्ध धात्री की कृपा प्राप्त करने के लिए यज्ञ होगा।


मंदिर में आरती करते भक्त। -जागरण मोर्चा


कन्याओं का पैर छूती महिला। -जागरण मोर्चा


कन्याओं को प्रसाद देते भक्त। -जागरण मोर्चा

**सैफनी: भजन-कीर्तन कर माता का गुणगान किया**

अष्टमी पर भक्तों ने मां दुर्गा के आठवें स्वरूप देवी महागौरी का पूजन किया। घरों और मंदिरों में हवन पूजन कर परिवार में सुख-समृद्धि की कामना की गई। अष्टमी पर भक्तों ने कन्याएं जिमाई और उसके बाद उपवास खोला। महिलाओं ने ढोलक-बाजे के साथ भजन-कीर्तन कर माता का गुणगान किया। चैत्र नवरात्र में कुछ भक्त अष्टमी और कुछ नवमी के दिन कन्या जिमाकर उपवास खोलते हैं। ऐसे में जिन परिवारों में अष्टमी के दिन कन्या जिमाने का विधान है। उन्होंने गुरुवार को विधि-विधान के साथ माता दुर्गा के आठवें स्वरूप देवी महागौरी की पूजा-अर्चना की। इसके बाद घरों में कन्याएं जिमाई गईं।सुबह के समय मुहल्ले में कन्याओं को अपने-अपने घर पहले ले जाने की होड़ लगी रही। सभी ने कन्याओं को जिमाने के बाद उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। उन्हें दक्षिणा और उपहार भेंट कर विदा किया गया। इसके उपरांत प्रसाद ग्रहण कर उपवास खोला। दोपहर तक कन्या जिमाने का सिलसिला चलता रहा। वहीं महिलाओं ने दोपहर बाद भजन-कीर्तन कर माता का गुणगान किया।

### एक नजर

**7 अप्रैल को आरडीए में जवाब दाखिल करेंगे सपा नेता**

**रामपुर।** समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव सुरेंद्र सिंह सागर की पत्नी उषा सागर को रामपुर विकास प्राधिकरण ने नोटिस जारी किया है। सपा नेता 7 अप्रैल को अपना पक्ष रखेंगे। नोटिस में आरडीए ने आदर्श रामलीला मैदान के पास उनके घर की दूसरी मंजिल को लेकर आपत्ति जताई है। आरोप है कि दूसरी मंजिल का निर्माण आरडीए की बिना अनुमति कराया गया है। इस संबंध में आरडीए ने उन्हें दो बार नोटिस जारी किया था। लेकिन कोई जवाब नहीं दिया गया। अब आरडीए ने अंतिम नोटिस पत्नी के नाम ऊषा सागर के नाम है। उत्तर प्रदेश नगर नियोजन एवं विकास अधिनियम 1973 की धारा 14,15 के प्राविधान के अंतर्गत प्राधिकरण के विकास क्षेत्र में किसी भी प्रकार का निर्माण कराने से पहले प्राधिकरण से निर्माण कराने की अनुमति लेना जरूरी है। लेकिन इसके बावजूद सपा नेता ने निर्माण के लिए अनुमति नहीं ली।

## शिविर के अंतिम दिन आपदा प्रबंधन के बारे में दी जानकारियां


स्काउट गाइड शिविर के समापन के मौके पर मौजूद बच्चों संग बीजेपी नेता।

**शाहबाद।** तहसील क्षेत्र के करेथी गांव स्थित प्रेमपाल सिंह आदर्श ज्ञानोदय जूनियर हाईस्कूल में चल रहे स्काउट गाइड शिविर के अंतिम दिन गुरुवार को आयुक्त जीतू कुमार ने छात्र छात्राओं को आपदा प्रबंधन, तंबू बनाना और अनुशासन में रहने के गुर सिखाएं। कार्यक्रम समापन के मौके भूमि विकास बैंक के चेयरमैन महेश चंद्रवंशी, बीजेपी मंडल अध्यक्ष नरेंद्र ठाकुर और युवा मोर्चा के ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अनुज चौहान मुख्य अतिथि रहे। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को फल वितरण किए गए। वही तीन दिनों तक चले शिविर के बारे में बच्चों से जानकारियां भी ली गई। इस मौके पर स्कूल प्रबंधक सुभाष चौहान, प्रधानाचार्य संदीप चौहान, गौ रक्षा खंड प्रमुख अमर सिंह यादव, हरिप्रसाद लोधी, विजय यादव, राजेश चौधरी, रामबाबू, विनीत यादव, अन्नू, डिम्पल, आशीष चौहान, शिवम श्रीवास्तव आदि रहे।

### लड़की को प्रेम जाल में फंसाकर ब्लैकमेल करने का आरोप, रिपोर्ट दर्ज

**टांडा** ।कोतवाली क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को गांव के ही एक युवक ने प्रेमजाल में फंसाकर ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। युवक ने लड़की की आपत्तिजनक तस्वीरें ले लीं और विरोध करने पर जान से मारने व झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी। युवती की मां ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग बेटी को गांव के संकेत पुत्र योगेन्द्र ने प्रेम जाल में फंसा लिया। जब युवती की मां को इसकी जानकारी हुई तो उन्होंने अपनी बेटी से पूछताछ की। बेटी ने बताया कि संकेत ने उसे डरा-धमकाकर आपत्तिजनक फोटो ले ली हैं। जब लड़की ने इसका विरोध किया तो संकेत ने उसे और उसके परिवार वालों को जान से मारने या झूठे केस में फंसाने की धमकी दी। 23 मार्च को बहला-फुसलाकर उसकी नाबालिग लड़की को अपने साथ ले गया। पुलिस को तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आरोपी युवक की तलाश में जुटी हुई है।

# होम स्टे योजना से मिलेगा रोजगार, पर्यटन विकास पर हुआ संवाद

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश सरकार के सफल कार्यकाल के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा विकास भवन परिसर में पर्यटन क्षेत्र के विकास के लिए एक विचार गोष्ठी एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया।

कार्यक्रम में आईआईए एवं होटल एसोसिएशन के चेयरमैन श्री श्रीष गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि रामपुर एक ऐतिहासिक नगर है, जहां के ऐतिहासिक भवन, किला, प्राचीन मंदिर, हस्तकला एवं हस्तशिल्प अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। उन्होंने बताया कि रामपुर की पैचवर्क, ज़री, चटाई, चाकू, पतंग, टोपी एवं वायलिन विश्वभर में प्रसिद्ध हैं। साथ ही यहां स्थित विश्व प्रसिद्ध रजा लाइब्रेरी में सोने से लिखी रामायण एवं हस्तलिखित कुरान जैसे दुर्लभ ग्रंथ पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि रामपुर उत्तराखंड चारधाम यात्रा का प्रवेश द्वार होने के कारण पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। होटल एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नरेश सिंघल ने अपने संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा संचालित होम स्टे एवं बेड एंड ब्रेकफास्ट योजना को जनसामान्य के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। उन्होंने कहा कि इस योजना के अंतर्गत स्थानीय निवासी 6 से 12 कमरों तक के होम स्टे संचालित कर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। यह योजना टैक्स फ्री है तथा इसके लिए सरकार द्वारा ऋण एवं सब्सिडी की सुविधा भी प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड में यह योजना काफी सफल रही है और रोजगार सृजन का प्रमुख माध्यम बनी है।विचार गोष्ठी को जिला विकास अधिकारी, होम स्टे संचालक इकबाल खान एवं उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव ने भी संबोधित किया।


गौरव वार्ष्णेय को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। -जागरण मोर्चा

पर्यटन शोधकर्ता ऋषिकेश कुमार सिंह ने बेड एंड ब्रेकफास्ट एवं होम स्टे नीति के लाभों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के अंत में पर्यटन सूचना अधिकारी मनीषा राणा ने प्रदेश सरकार की पर्यटन संबंधी योजनाओं की जानकारी देते हुए आम नागरिकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया तथा सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का सफल संचालन प्रदेश पुरस्कार से सम्मानित श्री गौरव जी द्वारा किया गया

## टायर जलाकर जहरीला धुआं उगल रही फैक्ट्री, शिकायत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** ग्राम अहमदनगर जागीर लोहा मिल रोशन बाग में संचालित एक फैक्ट्री द्वारा टायर जलाकर फैलाए जा रहे प्रदूषण का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) ने गंभीर समस्या को लेकर सीधे प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है।फैक्ट्री को तत्काल बंद कराने की मांग की है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो फैक्ट्री गेट पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

भाकियू (संघर्ष मोर्चा) के युवा जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद सैफी और जिलाध्यक्ष मोहम्मद आलिम के नेतृत्व में भेजे गए पत्र में बताया कि गांव में आईकॉन एनर्जी प्रोडक्ट के नाम से एक फैक्ट्री का संचालन किया जा रहा है।जहरीले धुएं के कारण गांव में दमा, टीबी, खांसी और एलर्जी जैसी तमाम गंभीर व घातक बीमारियां फैल रही हैं। भाकियू ने स्पष्ट किया है कि यदि ग्रामीणों के स्वास्थ्य को देखते हुए टायर जलाने पर रोक नहीं लगाई, तो भारतीय किसान यूनियन (संघर्ष मोर्चा) फैक्ट्री गेट पर अनिश्चितकालीन धरना देगा। इसकी पूरी जिम्मेदारी फैक्ट्री संचालक और संबंधित विभागों की होगी। ज्ञापन पर जुबैर अहमद सैफी, मोहम्मद आलिम, मारूफ, अमीर अहमद, हनीफ मामू, युसूफ, मसरूर, मुन्ना, सागरा सहित यूनियन के कई पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के हस्ताक्षर हैं। इसकी प्रतिलिपि नगर मजिस्ट्रेट रामपुर, थाना अध्यक्ष सिविल लाइंस और एलआईयू को भी सूचनार्थ भेजी गई है।

# डायट में नवाचार आधारित प्रभव पुस्तक का हुआ विमोचन

**रामपुर।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शिक्षकों के नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज पर आधारित पुस्तक प्रभव का विमोचन डायट प्राचार्य एवं बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।डायट प्राचार्य अशोक कुमार ने अपने उद्बोधन में बताया कि नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज शिक्षण-अधिगम प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और रोचक बनाते हैं।

बीएसए कल्पना देवी ने इसे डायट की अभिनव पहल बताते हुए शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। पुस्तक की संपादक डायट की प्रवक्ता पुष्पा देवी ने बताया कि डायट द्वारा पहली बार परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों के शैक्षिक नवाचारों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज



पर आधारित पुस्तक का प्रकाशन किया। डायट इस प्रकार की पहल कर, प्रदेश के अग्रणी डायटों में शामिल हो गया है। पुस्तक में परिषदीय एवं माध्यमिक विद्यालयों में गतिविधि-आधारित शिक्षण, डिजिटल तकनीक के उपयोग, योग एवं स्वास्थ्य संबंधी पहल,खेल में नवाचारी पहल,सामुदायिक सहभागिता,राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के क्रियान्वयन संबंधी नवाचारों एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को शामिल किया। पूरे जनपद से 12 सर्वश्रेष्ठ चयनित नवाचाओं एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज को पुस्तक में शामिल किया है। शबनम आरा (प्राथमिक विद्यालय लालपुर कलां सैदनगर, सत्येन्द्र पाण्डेय, रीना कुमारी, हिमानी गुप्ता, राकेश विश्वकर्मा, रेनू सिंह, आलिया बी, शैलेन्द्र कुमार राठौर, ऋचा शर्मा, तृप्ति माहौर,एमएस गंगवार,के नवाचार एवं बेस्ट प्रैक्टिसेज शामिल हैं। कार्यक्रम में डायट प्रवक्ता श्याम रस्तोगी, राजेश कुमार, प्रेमचंद कुमार, राजीव सिंह, विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। सभी ने इसे शिक्षकों के रचनात्मक प्रयासों को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक सराहनीय पहल बताया।

# रात्रिकालीन चेकिंग में 3 ओवरलोड वाहन सीज, 1.26 लाख जुर्माना

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में एआरटीओ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने जनपद में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रभावी अनुपालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सघन रात्रिकालीन चेकिंग अभियान चलाया गया। यह विशेष अभियान रात्रि 11 बजे से प्रारंभ होकर प्रातः 3:30 बजे तक निरंतर संचालित किया।जिसमें विभिन्न संवेदनशील स्थानों पर सघन निगरानी एवं जांच की गई। अभियान के दौरान कुल 1.26 लाख का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

अभियान के दौरान कुल 3 ओवरलोड वाहनों को चिन्हित कर पकड़ा। परिवहन नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार उन्हें तत्काल प्रभाव से सीज कर दिया गया। पकड़े गए वाहनों में 1 वाहन अजितपुर चौकी क्षेत्र, 1 वाहन नवीन मंडी चौकी क्षेत्र तथा 1 वाहन भोट थाना क्षेत्र से संबंधित रहा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि ओवरलोडिंग न केवल यातायात नियमों का उल्लंघन है, बल्कि सड़क सुरक्षा के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती है। संबंधित प्रवर्तन टीमों को निर्देशित किया गया कि जनपद में इस प्रकार के अभियान निरंतर एवं प्रभावी रूप से संचालित किए जाएं, ताकि ओवरलोडिंग पर पूर्ण नियंत्रण स्थापित किया जा सके और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।


वाहनों की चेकिंग करते एआरटीओ। -जागरण मोर्चा

# चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की मनाई जयंती

**मसवासी।** अखिल भारतीय मौर्य महासभा के तत्वाधान में चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की 2330 वीं जयंती के उपलक्ष में सर्वहितकारी इंटर कॉलेज मसवासी में विराट कार्यक्रम आयोजित किया।

नगर पंचायत मसवासी कार्यालय परिसर में स्थापित चक्रवर्ती सम्राट अशोक मौर्य महान की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। मुख्य अतिथि अजय सिंह मौर्य ने कहा कि आज हमारे समाज को जागरूक होने की आवश्यकता है क्योंकि हमारी संख्या इतनी ज्यादा अधिक होते हुए भी हमारी सत्ता में भागीदारी बहुत कम है। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भाजपा ओबीसी मोर्चा के उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल सिंह मौर्य ने कहा कि कि हमें गांव-गांव तक अपने समाज को जागरूक करना होगा। इस मौके पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महिला आयोग की सदस्य सुनीता सिंह सैनी ने समाज की एकजुटता एवं जागरूकता पर बल दिया। आदर्श नगर पंचायत मसवासी के निवर्तमान अध्यक्ष हरिओम मौर्य ने कहा कि जहां से सूरज निकलता था और जहां पर सूरज छिपता था वहां तक चंद्रगुप्त मौर्य का शासन था। ज्योतिबा फुले ने समाज की कुरीतियां दूर करने का काम किया। इस मौके पर भाजपा के जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार उत्तराखंड ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नेत्रपाल मौर्य, मौर्य महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय मौर्य, यशपाल मौर्य, सुनीता सैनी, मेघा सैनी, वीर सिंह सैनी,चेतन स्वरूप मौर्य,सुनील मौर्य, भूप सिंह मौर्य, संजीव कुमार वर्मा, राजीव सैनी ,सेवाराम सैनी, विधिराम मौर्य, विनेश कुमार मौर्य, देवेंद्र सैनी,अतर सिंह मोर्य,अजय सिंह मौर्य, देवेंद्र सैनी,परमिंदर मौर्य,मयंक मौर्य, मदनलाल मौर्य, दीपक मौर्य, दीप सिंह राही तथा कार्यक्रम का कुशल संचालन राजेश कुमार मौर्य ने किया ।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। -जागरण मोर्चा

### पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी की अफवाह फैलाने वाला युवक गिरफ्तार

**टांडा।** क्षेत्र में पेट्रोल पंपों पर तेल की कमी होने की झूठी खबर फैलाकर जनता में अफरा-तफरी मचाने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दूसरे जनपद के पेट्रोल पंप की पुरानी तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल कर तेल संकट की भ्रामक अफवाह फैलाई थी। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण और क्षेत्राधिकारी टांडा के निर्देशन में थाना टांडा पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने आरोपी ताहिर पुत्र नूर आलम निवासी ग्राम अहमदाबाद, थाना टांडा को गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे टांडा-लालपुर मार्ग से गिरफ्तार किया। आरोपी पर आरोप है कि उसने 25 मार्च को दूसरे स्थान के पेट्रोल पंप की फोटो लेकर उसे रामपुर के पेट्रोल पंप से जोड़कर सोशल मीडिया पर वायरल किया और जनपद में तेल की कमी होने की फर्जी सूचना प्रसारित की, जिससे जनता में भ्रम और अफरा-तफरी का माहौल पैदा करने की कोशिश की गई। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

**अनदेखी** छापेमारी के नाम पर पुलिस कर रही खानापूर्ति

# चाइनीज मांझे की चपेट में आने से तीन साल का मासूम घायल

- कुछ दिन पहले गंज और कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** चाइनीज मांझे की चपेट में आने से बाइक पर बैठा तीन साल का मासूम घायल हो गया। आनन फानन में उसको पास के ही अस्पताल में उपचार कराया गया। पुलिस खानापूर्ति के नाम पर छापेमारी कर रही है। इससे पहले भी लोग कई बार घायल हो चुके हैं।

शहर निवासी कासिब गुरुवार शाम को अपने तीन साल के भांजे आहिद और बहन को बाइक से लेकर सिविल लाइंस क्षेत्र में किसी काम से आ रहे थे कि नवाब गेट के पास अचानक से चाइनीज माझा तीन साल के आहिद के ऊपर आकर गिर गया। जिससे उसकी नाक और पलक कट गई। जिसके बाद खून निकलना शुरू हो गया। बच्चे के रोने पर एकदम से बाइक को रोक कर चाइनीज मांझे को हटाया गया।


घायल बच्चा। -जागरण मोर्चा

हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। परिजन बच्चे को आनन फानन में पास के ही अस्पताल में ले गए। जहां उसका उपचार कराया गया। पुलिस छापेमारी के नाम पर खानापूर्ति करती रही।

कुछ दिन पहले गंज और कोतवाली पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया था,लेकिन पुलिस को कहीं से भी चाइनीज मांझा नहीं मिला था।

**पहले भी हो चुके कई लोग घायल**

चाइनीज मांझे से घायल होना अब लोगों के लिए आम बात हो चुकी है। युवक धड़ल्ले से खाली पड़े मैदानों में चाइनीज मांझे से पतंग बाजी करते हैं अचानक से मांझा टूटकर लोगों के ऊपर आकर गिर जाता है। सड़कों पर चलने वाले लोग घायल हो जाते हैं लेकिन पतंगबाजों पर पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। राम रहीम पुल पर भी कई लोग माझे की चपेट में आने से घायल हो चुके हैं। इतना ही नहीं कई पुलिस कर्मी तक घायल हो चुके हैं लेकिल लोग उसके बाद भी बाज नहीं आ रहे हैं।







# शहर में धूमधाम से निकली शोभा यात्रा, हुआ स्वागत




## शंकर महाकाल, श्री राम जन्मोत्सव -झांकी ताड़का वध - झांकी शामिल रही



जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** श्री राम शोभायात्रा 48 वीं विक्रम सम्वत 2083 चैत्र शुक्ल नवमी श्री राम नवमी शोभा यात्रा के निमित्त उत्सव पैलेस से मानस सत्संग मण्डल के तत्वाधान में अनन्य ब्रह्माण्ड नायक रघुकुल शिरोमणि भगवान श्री रामचन्द्र के प्रकटोत्सव के अवसर पर 48 वीं श्री राम शोभा यात्रा का शुभारंभ उत्सव पैलेस में झांकियां के पात्रों एवं श्री राम- सीता माता सभी की आरती एवं टीका कर धनन्जय पाठक, सुभाष नन्दा, महेश जुनेजा, द्वारा हरी झंडी दिखाकर शोभा यात्रा का शुभारंभ किया।

श्री सनातन रामलीला मैदान में प्रातः 8 बजे विधि विधान से पूजा अर्चना कर धर्म ध्वजा फहराई। शोभा यात्रा के प्रारंभ में 200 मोटरसाइकिल पर सवार राम भक्त भजन प्रचार गाड़ी - ढोल नगाड़े - मानव सत्संग मंडल का बैनर - मानव सत्संग मंडल के पदाधिकारी एवं गणमान्य व्यक्ति - झांकी श्री गणेश जी की - झांकी श्री बांके बिहारी जी की- शंकर अघोडी - झांकी काली माता -शंकर महाकाल - बैंड -झांकी श्री राम जन्मोत्सव -झांकी ताड़का वध - झांकी श्री विश्वामित्र यज्ञ की रक्षा- झांकी धनुष यज्ञ - कोप भवन, झांकी केवट संवाद- झांकी पंचवटी -झांकी सीता हरण -झांकी शबरी मिलन- झांकी बाहुबली हनुमान- झांकी श्री सुग्रीव मित्रता - झांकी लव कुश - बैंड- झांकी श्री राम दरबार आदि सुंदर स्वचलित झांकियां ने लोगों को मन को मोहा जगह-जगह भक्त जनों ने शोभायात्रा का स्वागत पुष्प वर्षा कर - प्रसाद वितरण कर - माल्यार्पण एवं पटका पहनाकर , सरोपा देकर किया विभिन्न प्रतिष्ठानों पर भक्त जन खड़े होकर श्रीराम शोभा यात्रा का स्वागत किया। पूरा नगर झंडियों से एवं वातावरण से राम मय हो गया - ऐसा प्रतीत हो रहा था कि साक्षात राम, सीता मैय्या एवं हनुमान नगर में भ्रमण कर रहे हो। शोभा यात्रा को देखने के लिए स्थान स्थान पर भक्त जनों की भीड़ लगी रही। शोभायात्रा रामलीला मैदान, कोसी मन्दिर मार्ग से अपराह्न 4 बजे प्रारम्भ सराय गेट से होकर नया गंज चौराहा बाजार सर्राफा- सफदरगंज होते हुए चाकू बाजार - चंपा कुमारी न्यास धर्मशाला - पुनः मिस्टन गंज चौराहा राजद्वारा, गांधी समाधि - स्टार चौराहा - फैमिली हॉस्पिटल चौक, एसपी कोठी के पीछे आवास विकास से होते हुए राम रहीम पुल के नीचे सर्विस रोड से थाना सिविल लाइन्स, गुरुद्वारा रोड, टैक्सी स्टैंड रोड - राधा रोड होती हुई श्री हरि आदर्श रामलीला मैदान, आदर्श कालोनी, सिविल लाइन पर सम्पन्न हुई।

### ये रहे मौजूद

मुख्य रूप से सुभाष नन्दा संरक्षक,धनन्जय पाठक संरक्षक, ब्रजेश गुप्ता संरक्षक,महेश जुनेजा अध्यक्ष, भूप सिंह यादव, महामंत्री, हरिओम गुप्ता कोषाध्यक्ष, वीरेन्द्र गर्ग संयोजक शोभायात्रा,अनिल वशिष्ठ, सुमित अग्रवाल, मनोज कुमार अग्रवाल, शलभ गुप्ता – राजीव सिंघल, अनूप कुमार अग्रवाल, आर के जैन, सुनील कुमार गोयल, मनोज गर्ग, राजीव मांगलिक, राजीव कुमार, डॉ. अजय अग्रवाल, अनिल चौरसिया, महेश वरनवाल, रविन्द्र गुप्ता (नीटू), अविनाश पटेल, दीपक जिन्दल, अमित मेंदीरत्ता (रंगोली), अंकित रस्तोगी, अपूर्व पाठक , शिवांश पाठक, गोविंद पांडे , अनूप अग्रवाल, सोनी ताऊ , वीरेंद्र गर्ग, अजय अग्रवाल, आदि उपस्थित रहे। सहयोगी संस्थायें सप्रेम (संस्कृति प्रेरणा मंघ), श्री सनातन धर्म सभा, श्री सनातन धर्म गौशाला (गौसदन), श्री हरि आदर्श रामलीला कमेटी एवं विहिप के पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे चार सेंटरों को किया सील

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** स्वास्थ्य विभाग ने तहसील शाहबाद-सैफनी में चल रहे चार अपंजीकृत सेंटरों पर सीलबंद की कार्रवाई की है। विभागीय अधिकारियों से अन्य संचालकों में खलबली मची हुई है। टीम के आने की भनक मिलने पर कई संचालक मौके से फरार हो गए।

आईजीआरएस पोर्टल पर शिकायतों के आधार पर गुरूवार को नोडल अधिकारी देवेश चौधरी शाहबाद-सैफनी पहुंचे। जहां उन्होंने सैफनी में स्टार हेल्थ केयर सेंटर, बच्चों को क्लीनिक, शाहबाद में उवैस, अकरम फ्रेक्चर सेंटर को सील कर दिया है। मालूम हो कि फरवरी माह में स्वास्थ्य विभाग ने कई क्लीनिक संचालकों के खिलाफ ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए सील कर दिया गया था। जिसमें दो फरवरी को पटवाई क्षेत्र के ग्लोबल हास्पिटल, सैफनी में छितौनी रोड पर आलम फ्रेक्चर क्लीनिक,शाहबाद के गांव भुड़ासी में भी एक क्लीनिक को सील किया जा चुका है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. दीपा सिंह ने बताया कि जनपद में झोलाछाप के खिलाफ लगातार जारी रहेगा, किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



शाहबाद में सेंटर पर की गई सीलबंद की कार्रवाई। -जागरण मोर्चा

## बहला-फुसलाकर किशोरी को भगाने का आरोपी गिरफ्तार

**स्वार।** युवती को बहला फुसलाकर भगाने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने संबंधित धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी बढ़ा दी हैं।

कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 13 मार्च को पुलिस को तहरीर में दर्ज कि उसकी 18 वर्षीय बहन को अज्ञात युवक बहला फुसला कर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा की गई। जांच के दौरान पीड़िता के बयान और आयु संबंधी दस्तावेजों का परीक्षण किया।इसके आधार पर यह स्पष्ट हुआ कि प्रकरण में धारा 137(2) और 64 बीएनएस के साथ साथ पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत अपराध बनता है। जांच में कुंवरपुर गांव निवासी मंगत सिंह पुत्र गुरमुख सिंह का नाम प्रकाश में आया। जिस पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। गुरुवार को कोतवाल संजीव कुमार को मुखबिर ने सूचना दी कि आरोपी भागने की फिराक में मुंशीगंज तिराहे पर सवारी के इंतजार में खड़ा है। कोतवाल ने पुलिस को छापामार कार्रवाई के निर्देश दिए। जिस पर पुलिस मौके पर पहुंची। घेराबंदी कर कार्रवाई करते हुए आरोपी मंगत सिंह को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है।



## नारी के सामने देवताओं को भी झुकना पड़ता: व्यास देवराज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**रामपुर।** आदर्श कॉलोनी स्थित श्री हरिहर मंदिर में श्रीमद् देवी भागवत कथा हो रही है। कथा के अष्टम दिवस में जयपुर से पधारे व्यास देवराज महाराज ने कहा नई ही शक्ति का स्वरूपा है आते हैं नारी ही शक्ति से परिपूर्ण है । सावित्री ने यजमान को यमराज कर अंत में वर मांगा कि मैं पुत्रवती हो जाऊं। यमराज ने तथास्तु के वरदान दे दिया सावित्री पुणे यमराज के साथ चली तब यमराज कुपित हुए तब सावित्री ने कहा की महाराज बिना पति के पुत्र कैसे प्राप्त हो सकता है। दिवस होकर यमराज को सत्यवान के प्राण छोड़ने पड़े ।अतः नारी के सामने देवताओ को भी झुकना पड़ता है ,अतः नई अपनी शक्ति से सब कुछ संभव कर सकती है।पूज्य व्यास ने कहा मां के पूजन का अष्टम दिवस है इस दिन मां गौरी का पूजन किया जाता है। मां गौरी का पूजन करने से अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। अतः मन की इन 9 दिनों में विशेष पूजा अर्चना शुद्ध भाव से करनी चाहिए। तभी उत्तम फल की प्राप्ति होती है। मुख्य यजमान शलभ गुप्ता द्वारा पूज्य व्यास जी एवं आचार्य का पूजन किया गया कथा में , डॉ राजेश ,नरेश गुप्ता ,दिलीप गुप्ता ,प्रमोद पांडेय, सुनील कौशिक, आदित्य ,अतुल, सीताराम शर्मा ,दिलीप ,नरेश शर्मा, सुनील, प्रवीण भांडा, आचार्य राधेश्याम ,गंगा शरण यादव ,दीपक गुप्ता ,गोविंद शर्मा, प्रमोद तिवारी, सुमन परिहार सुधाकर, उमा, अशोक, विकास सक्सेना ,राम लखन शास्त्री ,पुष्पा मीना, वी के जौहरी ,राम मुरारी लाल शर्मा, संजय गर्ग, हरिओम, विष्णु शरण ,रविंद्र गुप्ता ,विनय गुप्ता, प्रदीप, प्रतिभा शर्मा पुष्पा मीना राय आदि बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे ।



## सार संक्षेप



रोडवेज बस डिपो पर खड़े नवनियुक्त पदाधिकारी। -जागरण मोर्चा

### गुरदीप सिंह अध्यक्ष, विकास कुमार बने मंत्री

**रामपुर।** उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ का प्रांतीय निर्देशों के अनुपालन में रामपुर डिपो ट्रैफिक शाखा वार्षिक चुनाव रामपुर बस स्टेशन पर चुनाव अधिकारी वीरेंद्र सिंह, पर्यवेक्षणक अतुल कुमार की देखरेख में निर्विरोध सम्पन्न हुआ। जिसमें शाखा अध्यक्ष गुरदीप सिंह, शाखा मंत्री विकास कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष भूरी सिंह, क्षेत्रीय प्रतिनिधि संजीव कुमार और विपिन कुमार क्षेत्रीय प्रतिनिधि चुना।इस मौके पर चुने गए पदाधिकारियों का फूल मालाओं से स्वागत किया। क्षेत्रीय अध्यक्ष चंद्रभान सिंह, क्षेत्रीय मंत्री अरुण कुमार शामिल रहे। इसके अलावा नवीन सक्सेना, पुनीत कुमार, दीपांशु चौधरी, सतेंद्र कुमार, बलदेव सिंह, राहिब अली, शीतल, शबनम, शीबू चौधरी, कृष्णदीप सिंह, मुईन खां, सुबहान अली, रतन सिंह, साबिर हुसैन, देवेश कुमार, सत्येंद्र कुमार, संजीव कुमार, मनोज कुमार, रामगोपाल सिंह, अमर सिंह, लखवीर सिंह, अंगद सिंह, दीपक कुमार, रिंकी सैनी, स्वीटी गौतम, सरताज जहां आदि मौजूद रहे।

### संदेश कुमार बने मुख्य प्रशासनिक अधिकारी



**रामपुर।** जिला न्यायालय में मुख्य प्रशासनिक अधिकारी के रिक्त पद पर गुरुवार को जिला जज भानुदेव शर्मा ने उनको नियुक्त किया है।जिसके बाद उन्होने विविधत रुप से अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। जिसके बाद उनके साथियों ने उनको बधाई दी।

### राणा शुगर मिल के पास अनियंत्रित होकर पलटा ई- रिक्शा, 5 जख्मी

**शाहबाद।** गुरुवार को शाहबाद बिलारी स्टेट हाइवे पर राणा शुगर मिल के पास एक ई– रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसके चलते 5 सवारियां गंभीर रूप से घायल हो गईं। उपचार के लिए शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने सभी घायलों को प्राथमिक उपचार देकर एक की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। शाहबाद तहसील क्षेत्र के मियागंज गांव निवासी मुनव्वर की ई–रिक्शा में बैठकर मुस्तफा, तशरूम, भूरी, रुबीना और रज्जो शाहबाद स्थित गज शहीद दरगाह पर आ रहे थे। रास्ते में राणा शुगर मिल के पास अचानक उनकी ई–रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गई। ई– रिक्शा में बैठी पांचों सवारियां जख्मी हो गई। राहगीरों की मदद से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद तशरूम,भूरी रुबीना व रज्जो को घर भेज दिया।मुस्तफा की गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया, घायल मुस्तफा का आरोप है कि ई–रिक्शा चालक मुनव्वर लापरवाही से रिक्शा चला रहा था, जिस वजह से ई–रिक्शा अनियंत्रित हो गई, पलट गई। घटना के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद पर ग्राम प्रधान पति नसरत मियां पहुंचे। घायलों का हाल–चाल जाना।

### दो पक्ष भिड़े, मची अफरा-तफरी

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव किशनपुर मौलागढ़ में बच्चों के खेलने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई।तनाव की स्थिति बन गई। जिससे मौके पर अफरा–तफरी का माहौल पैदा हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची।दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। विवाद बढ़ने की आशंका को देखते हुए पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव निवासी रऊफ और इसरार के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए चालान कर दिया है। चौकी प्रभारी अजय कुमार शुक्ला का कहना है कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई की जा रही है।

**मरम्मत कार्य** सपा सरकार में कराया था 6 किलोमीटर पुल का निर्माण

## 2 करोड़ से अटरिया पुल का कार्य शुरू, तीन माह तक चलेगा काम

जागरण मोर्चा, कार्यालय

**रामपुर।** रामपुर-स्वार रोड स्थित अटरिया पुल का कार्य भी 14 साल बाद कार्य लोक निर्माण विभाग ने शुरू करा दिया है। इस पुल पर भी मेस्टिक कार्य निर्माण और मरम्मत में दरारों को भरना, सतह को वाटर प्रूफ बनाना कार्य कराया जा रहा है। यह कार्य भी करीब 3 माह तक जारी रहेगा। कार्य 2 करोड़ रुपये से कराया जा रहा है।

वर्ष 2012 में सपा सरकार में पुल का निर्माण कराया गया था। यह पुल एकता पुलिस चौकी अटरिया से शुरू होकर जौहर यूनिवर्सिटी के पीछे के गेट पर जाकर खत्म होता है। इस पुल की लंबाई 6 किलोमीटर है। पुल छह से सात सौ करोड़ रुपये की लागत से तैयार हुआ था। इस पुल के बन जाने से लोगों को बहुत सहूलियत है। ये पुल पूरे टांडा को जोड़ता है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार पुल 4.5 किलोमीटर में मेस्टिक कार्य कराया जा रहा है। जिसकी चौड़ाई 7.5 मीटर है। कार्य कराए जाने के लिए एक साल पहले लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने प्रस्ताव बनाकर शासन को भेजा था। जिस पर शासन से मंजूरी मिलने पर पुल का कार्य शुरू करा दिया गया है। इस पर भी 2 करोड़ रुपये खर्च होंगे। कार्य का जायजा विभागीय अधिकारियों ने भी लिया। उन्होंने सहायक अभियंता, ठेकेदार को निर्देशित किया कि कार्य में किसी भी प्रकार की गडबड़ी नहीं होनी चाहिए। समय-समय पर साइड पर आकर निर्माणाधीन कार्य को चेक किया जाएगा। अधिशासी अभियंता केवी सिंह ने बताया कि पुल 4.5 किलोमीटर में मेस्टिक कार्य कराया जा रहा है जिसकी चौड़ाई 7.5 मीटर है। पुल का प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। कार्य कराए जाने के 2 करोड़ रुपये की शासन से स्वीकृति मिली है।



एकता पुल पर निर्माणाधीन कार्य की कर्मचारियों से जानकारी लेते एक्सईएन।-जागरण मोर्चा

## सड़कों के बीच में खड़े पेड़ों और टहनियों को हटाने के लिए पत्राचार

- पुलिस ने चंदौसी रोड के बीचों बीच खड़े पेड़ों को हटाने के लिए लोक निर्माण विभाग को लिखी थी चिट्ठी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहबाद।** नगर के चंदौसी रोड पर खड़े पेड़ों को हटाने के लिए शाहबाद पुलिस ने पीडब्ल्यूडी विभाग को चिट्ठी लिखी थी, लोक निर्माण विभाग ने पुलिस की तरफ से आई चिट्ठी पर संज्ञान लेते हुए वन विभाग को शाहबाद के सभी मार्गों से सड़कों पर आ रही टहनियों और डालियों को हटाने के लिए वन विभाग से पत्राचार किया है।

गौरतलब है कि शाहबाद पुलिस ने एसडीएम को भेजे गए पत्र के माध्यम से लोक निर्माण विभाग और वन विभाग से सड़क पर खड़े पेड़ों को हटाने की मांग की थी। शाहबाद पुलिस ने पत्र में लिखा था कि सड़क पर खड़े पेड़ से यातायात बाधित हो रहा है साथ ही साथ पेड़ से टकराने की वजह से जनहानि होने की भी आशंका है। तेजी से आने वाला वाहन पेड़ से टकरा सकता है और कोई अप्रिय घटना हो सकती है। पीडब्ल्यूडी विभाग ने वन विभाग को भेजे गए पत्र में लिखा है कि स्थानीय पुलिस की चंदौसी रोड के बीच से पेड़ हटवाने की मांग की है, इसके साथ ही शाहबाद- बिलारी स्टेट हाइवे और शाहबाद- रामपुर स्टेट हाईवे चौड़ीकरण का काम चल रहा है, इस मार्गों पर भी पेड़ की टहनियों का झुकाव रोड की तरफ है। सभी मार्गों पर यातायात सुचारू रखने के लिए रोड से पेड़ों की टहनियों को हटवाया जाए।



शाहबाद चन्दौसी मार्ग पर खड़े पेड़।

**एक नजर**

### बाबा हरगोविंद दास का 45वां वार्षिक उत्सव श्रद्धा भाव के साथ संपन्न

**चन्दौसी।** नगर के कैथल गेट रामबाग रोड पर गुरुवार को बाबा हरगोविंद दास की समाधि स्थल पर 45वां वार्षिक उत्सव का आयोजन बड़े ही श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रात: 9 बजे विधि-विधान से हवन-पूजन के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने आहुति देकर क्षेत्र की सुख-शांति और समृद्धि की कामना की। इसके पश्चात पूरे दिन भजन-कीर्तन का आयोजन चलता रहा। भजन मंडलियों द्वारा प्रस्तुत भजनों ने माहौल को पूरी तरह भक्तिमय बना दिया, जहां श्रद्धालु भाव-विभोर होकर बाबा का गुणगान करते नजर आए। श्रद्धालुओं ने बाबा श्री हुरोगोविंद दास जी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी और आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हवन का भी आयोजन किया गया। जिसमें आसपास के क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने आहुती दी। जिससे पूरे परिसर में उत्साह और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला।

## होली के बाद तीसरे गुरुवार को मंदिर में पूजा अर्चना करके परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

# जात लगाने को सुबह से रायसत्ती माता मंदिर में महिलाओं की रही भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** होली के बाद हर गुरुवार को सुभाष रोड स्थित रायसत्ती वाली माता मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और जात लगाने की परंपरा निभाई जाती है। इसी क्रम में होली के बाद तीसरे गुरुवार को भी नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं अपने बच्चों और परिजनों के साथ मंदिर पहुंचीं। श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर विधि-विधान से जात लगाई और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

सुबह होते ही मंदिर परिसर में महिलाओं का बच्चों व परिवार के लोगों के साथ पहुंचना शुरु हो गया। जिसके चलते सुबह से ही मंदिर में भीड़ रही। भीड़ के चलते मंदिर से लेकर मुख्य सड़क तक लंबी कतारें लग गईं। भीड़ को काबू में करने के लिए मंदिर समिति के लोगों व पुलिस कर्मियों को खासी मशक्त करनी पड़ी। महिलाओं को काफी देर तक अपनी बारी का इंतजार करना पड़ा, लेकिन आस्था के उत्साह में किसी के चेहरे पर थकान नजर नहीं आई और धूप में भी लाइन में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करती रही। मंदिर में परंपरा के अनुसार महिलाओं ने पहले माता की पूजा-अर्चना की, उसके बाद घर से लाया हुआ भोजन प्रसाद के रूप में परिवार के साथ मंदिर परिसर में ग्रहण किया। पूजा के पश्चात महिलाओं और बच्चों ने मंदिर परिसर में लगे मेले का भरपूर आनंद उठाया। मेले में सजी दुकानों पर लोगों ने जमकर खरीदारी की, जिससे पूरे परिसर में रौनक और बढ़ गई। बच्चों के लिए झूले और खिलौनों की दुकानों ने खास आकर्षण का केंद्र बनाया। पूरे दिन मंदिर परिसर में श्रद्धा, उल्लास और परंपरा का अद्भुत संगम देखने को मिला। मेले के चलते सुबह से ही सुभाष रोड पर जाम की स्थिति बनी रही। सुरक्षा को लेकर मंदिर के साथ मेले में पुलिस कर्मी तैनात रहे। इस दौरान समिति के अध्यक्ष ठाकुर सतपाल सिंह, नितिन शर्मा, राजेंद्र कुमार, वीरपाल, दीपक, नन्हें,मन्नू कश्यप, हनी श्रीवास्तव आदि का सहयोग रहा।


रायस्ती देवी मंदिर पर लगें मेले में खरीदारी करती महिलाएं। -जागरण मोर्चा


रायस्ती देवी मंदिर पर पूजा करने के लिये लाईन में खड़े श्रद्धालु। -जागरण मोर्चा

# अष्टमी का पावन भोग: मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी...

## मां के आठवें रुप महागौरी की पूजा अर्चना की, घरों व मंदिरों में छोटी छोटी कन्याओं को जिमाकर उनसे आशीर्वाद लिया

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के मां दुर्गा के मंदिरों में श्रद्धाभाव के साथ नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी के स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। साथ ही मंदिरों व घरों में छोटी छोटी कन्याओं को जिमा कर काफी भक्तों ने पहले दिन से रखा उपवास को खोला गया। आष्ठमी पर माता के भजनों की सारे नगर में गूंज रही। जिससे गुरुवार को पूरा नगर मां दुर्गा की भक्ति में डूबा नजर आया।

नवरात्र के हर दिन शहर के सभी मां दुर्गा के मंदिरों में पूजा अर्चना के लिए सुबह से रात तक भक्तों की भीड़ देखी जा रही थी, लेकिन नवरात्र के आठवें दिन गुरुवार को नगर के मौलागढ,गोला गंज,रामवाग धाम,सीता आश्रम पर बगियावाली ,बह्मबाजार गंगा देवी मंदिर में सुबह से ही भारी भीड़ रही। पूजा अर्चना करने के बाद पहले दिन से उपवास रखने वाले भक्तों ने घर पर कन्याओं को भोज प्रसाद ग्रहण कराया और उनकों दक्षिणा के साथ उपहार देकर पैर छुकर आशीर्वाद लिया। उसके बाद खुद भोजन करके उपवास खोला। इसके साथ मंदिरों के साथ घरों पर भक्तों ने हवन का आयोजन किया और आहूती देकर घर में सुख शांति के लिए प्रार्थना की। शाम को मंदिरों व घरों पर महिलाओं ने भजन कीर्तन से मां का गुणगान किया। जिसमें मां मुरादे पूरी करदे हलवा बाटूंगी, तूने मुझे बुलाया शेरावालिए, एक तेरा सहारा,जब कोई नहीं आता मां तुम ही आती, ऊंचे ऊंचे पर्वत पर तेरा वसेरा है, मां बिगड़े बनादे मेरे काम शेरा वालिए, मईयां के नौ दिन बहार के, प्यारा सजा है तेरा द्वार भवानी जैसे भजनों की गूंज से सारा माहौल भक्तिमय हो गया। वहीं सभी देवी मंदिरों पर देर शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। भारी संख्या में शामिल भक्तों ने 108 दीपों से माता की महाआरती की और उनके लगाए जयकारों से रात तक शहर माता की भक्ति में नजर आया।


अष्टमी पर कन्या पूजन करता परिवार। -जागरण मोर्चा


श्री सनातन धर्म पंजाबी सभा मंदिर में भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

### अष्टमी पर शहर में उमड़ा आस्था का सैलाब

**चन्दौसी।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर अष्टमी के दिन गुरुवार को पूरे शहर में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अद्भुत नजारा देखने को मिला। सुबह होते ही मंदिरों और घरों में माता रानी की पूजा-अर्चना का दौर शुरू हो गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से मां दुर्गा की आराधना की और अपने परिवार की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। अष्टमी के विशेष अवसर पर कन्या पूजन का भी खास महत्व रहा। लोगों ने छोटी-छोटी कन्याओं को घर बुलाकर उनका पूजन किया, उन्हें भोजन कराकर चुनरी ओढ़ाई और दक्षिणा देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस दौरान घर-घर में भक्ति और परंपरा का सुंदर संगम देखने को मिला। वहीं शहर के विभिन्न मंदिरों के साथ शहर के कई प्रमुख स्थानों पर भंडारों का भव्य आयोजन किया गया। काजी मोहल्ला, स्टेशन रोड, गोला गंज देवी मंदिर, मुरादाबाद बाईपास रोड सहित अन्य स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की विशेष व्यवस्था की गई। इन भंडारों में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। दोपहर से शुरू हुए भंडारे देर शाम तक निरंतर चलते रहे। सेवा भाव से ओत-प्रोत आयोजकों ने पूरे उत्साह के साथ श्रद्धालुओं की सेवा की। भंडारों के दौरान पूरा शहर माता रानी के जयकारों से गूंजता रहा। जय माता दी के उद्घोष के बीच भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया और एक-दूसरे को नवरात्रि की शुभकामनाएं दीं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी में खास उत्साह देखने को मिला। जिस पर अष्टमी के इस पावन दिन पर नगर में आस्था, सेवा और भाईचारे का जो दृश्य देखने को मिला, उसने नवरात्रि पर्व की महत्ता को और भी बढ़ा दिया। पूरे दिन शहर भक्ति रंग में रंगा नजर आया और हर ओर श्रद्धा का सैलाब उमड़ता दिखाई दिया।

### बदमाशों ने झांसा देकर महिला के कुंडल ठगे

**चन्दौसी।** थाना बनियाठेर क्षेत्र की ग्राम पंचायत अल्लीपुर बुजुर्ग उर्फ बड़ागांव में गुरुवार को दिनदहाड़े लूट की घटना से सनसनी फैल गई। गांव निवासी 55 वर्षीय जमुना देवी पत्नी राजेंद्र सिंह दोपहर करीब 11.30 बजे अपने घर से खेत की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए एक अज्ञात बाइक सवार युवक ने उन्हें रास्ते में रोक लिया। युवक ने बातों में

उलझाकर उनसे उनके कानों के कुंडल उतरवा लिए और उन्हें लेकर मौके से फरार हो गया। घटना के बाद घबराई महिला ने शोर मचाया, जिस पर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से ग्रामीणों में भय और आक्रोश का माहौल देखने को मिला। पीड़िता ने आटा पुलिस चौकी में घटना की तहरीर दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आरोपी की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने क्षेत्र में बढ़ती ऐसी घटनाओं पर चिंता जताते हुए पुलिस से गश्त बढ़ाने और जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है।

# अवकाश के बीच मानवता की मिसाल बनी पुलिस, बच्ची को दिलाया समय पर इलाज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** बदायूं जिले के थाना फैजगंज बेहटा क्षेत्र के गांव धनियावली निवासी भूरें अली गुरुवार सुबह करीब 9:30 बजे अपनी छोटी पोती लाइवा को लेकर नगर के सरकारी अस्पताल पहुंचे। बच्ची को बंदर ने काट लिया था, जिसके चलते उसे तुरंत एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगवाना बेहद जरूरी था,

लेकिन रामनवमी और अष्टमी के अवकाश के कारण सरकारी अस्पताल बंद मिला। भूरें अली अपनी पोती को लेकर काफी देर तक इधर-उधर भटकते रहे और इमरजेंसी वार्ड में भी कोई डाक्टर या स्टाफ मौजूद नहीं मिला। आखिरकार परेशान होकर उन्होंने डायल 112 पर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची और स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तत्काल डाक्टर को बुलवाया। पुलिस की तत्परता से डाक्टर व कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बच्ची को समय पर एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाया गया। इलाज मिलने के बाद बच्ची की हालत सामान्य हो गई, जिससे परिजनों ने राहत की सांस ली। इस मानवीय पहल के लिए भूरें अली ने पुलिस टीम का आभार व्यक्त किया और उनकी सराहना की। इसके बाद वह अपनी पोती को लेकर घर लौट गए। यह घटना एक बार फिर दिखाती है कि आपात स्थिति में पुलिस न सिर्फ सुरक्षा बल्कि मानव सेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।


सीएचसी में लाइवा के एंटी-रेबीज का इंजेक्शन लगवाती पुलिस।

# मिशन शक्ति 5.0 के तहत महिलाओं को किया जागरूक

**सुरक्षा का संकल्प मिशन शक्ति 5.0**

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित मिशन शक्ति 5.0 (द्वितीय चरण) के अंतर्गत जनपद सम्भल पुलिस ने व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) कुलदीप सिंह के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी दीपक कुमार के नेतृत्व में मिशन शक्ति टीम की महिला पुलिसकर्मियों ने गुरुवार को विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाकर सक्रिय भूमिका निभाई। इस दौरान थाना बनियाठेर क्षेत्रों में चौपालों का आयोजन कर महिलाओं और बालिकाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा उपायों और समस्याओं के त्वरित समाधान के बारे में जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने संवाद के माध्यम से उन्हें आत्मनिर्भर बनने और किसी भी प्रकार की परेशानी में तुरंत मदद लेने के लिए प्रेरित किया। एंटी रोमियो टीमों ने प्रमुख बाजारों, चौराहों, स्कूल-कालेजों और धार्मिक स्थलों पर अभियान चलाकर महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक किया। इस दौरान पंपलेट वितरित कर विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई। जिसमें महिला सुरक्षा से संबंधित वुमेन पावर लाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन 1076, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108, महिला हेल्पलाइन 181 और साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 के बारे में विस्तार से बताया गया। टीम की एसआई पूजा नागर ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना तथा उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना है। अभियान के तहत पूरे जनपद में जागरूकता कार्यक्रम आगे भी जारी रहेंगे।


महिलाओं को मिशन शक्ति अभियान के दौरान जागरुक करती एण्टी रोमियो की टीम।

**युवा-संसद** राज्य शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने युवाओं में भरा नेतृत्व का जोश, युवाओं ने सीखी संसद की कार्यप्रणाली और लोकतांत्रिक मूल्य

# माडल पब्लिक एजुकेशन कालेज में विकसित भारत युवा संसद का समापन

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के माडल पब्लिक एजुकेशन कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत आयोजित विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम का गुरुवार को भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने युवाओं को भारतीय संसद की कार्यप्रणाली, नेतृत्व क्षमता और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने युवाओं को देश के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले युवा—काजल, सचिन, शौर्य भारद्वाज, वैष्णवी और कुलदीप—को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। पूर्व एमएलसी चंद्रपाल चौधरी उर्फ पप्पू चौधरी ने युवाओं को उनकी आत्मशक्ति का एहसास कराते हुए जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ने का संदेश दिया। एसके अग्रवाल ने विद्यार्थियों में जोश और उत्साह का संचार किया। मुरादाबाद से आए अंकित ने युवाओं के लिए मेरा युवा भारत पोर्टल के बारे में युवाओं को विस्तार से जानकारी दी,एवं उनके कौशल पर प्रकाश डाला। इस दौरान भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बढचढकर विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। जिसमें प्रथम स्थान पर शिवी राघव, द्वितीय स्थान पर आज्ञा रस्तोगी, तृतीय स्थान पर प्राची शर्मा रही। कार्यक्रम का सफल संचालन एचडी शर्मा ने किया। इस दौरान तेजपाल, मधु राठौर, सचिन उपाध्याय, शर्मिल उपाध्याय आदि का सहयोग रहा।


मॉडल पब्लिक एजुकेशन कॉलेज में एनएसएस कार्यक्रम में राज्यमंत्री गुलाब देवी के साथ शामिल छात्राएं।



एनएसएस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करती राज्यमंत्री गुलाब देवी।

# समाज में एकता, समरसता और निस्वार्थ सेवा भाव को बढ़ावा देने पर दिया जोर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** नगर के बहजोई रोड स्थित एक बैंक्वेट हाल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में गुरुवार को प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने देश और समाज की वर्तमान दिशा एवं दशा पर गहन विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मेरठ प्रांत के सह संपर्क प्रमुख वेदपाल आर्य ने अपने संबोधन में हिंदवः सोदराः सर्वे, न हिंदू पतितो भवेत् का संदेश देते हुए समाज में एकता, समरसता और निस्वार्थ सेवा भाव को बढ़ावा देने पर जोर दिया। सचिन माहेश्वरी, प्रोफेसर डा. मीनू मेहरोत्रा एवं विष्णु शंकर नगर संघचालक ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि संघ अपने शताब्दी वर्ष (2025-26) के उपलक्ष्य में देशभर में ऐसी गोष्ठियों का आयोजन कर रहा है। उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर देश में एकता, सेवा और राष्ट्र निर्माण की भावना को और मजबूत करने का लक्ष्य रखा गया है। साथ ही समाज के हर वर्ग—शिक्षक, अधिवक्ता, डाक्टर, व्यापारी, पूर्व सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ताओं को जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान विभाग प्रचारक शरद, जिला प्रचारक संजीव, जिला कार्यवाह अशोक, नगर प्रचारक रौनक, नगर कार्यवाह उदय तिवारी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन डा. दीपा पाठक ने किया।

एक नजर

## जुबिलेंट मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल आज

**गजरौला।** विश्व क्षय रोग दिवस पर आयोजित चार दिवसीय जुबिलेंट मैत्री क्रिकेट मैच का फाइनल मैच शुक्रवार को होगा। सेमीफाइनल के लिए पहले आरएसीएल–यूएस फूड की टीमें और दूसरे मैच में जुबिलेंट इलेवन और निर्मल फाइवर की टीमें भिड़ीं। बृहस्पतिवार की शाम जुबिलेंट इंग्रेविया लिमिटेड की फर्स्ट कालोनी के खेल मैदान में पहली पाली का मैच आरएसीएल और यूएस फूड की टीमों के बीच हुआ। जुबिलेंट में निदेशक जनसंपर्क सुनील दीक्षित ने टॉस उछाला। आरएसीएल की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। नवनीत शर्मा की कप्तानी वाली इस टीम के स्टार बल्लेबाज वैभव ने पहले ओवर में ही तीन सिक्स मारे। यूएस फूड के कप्तान बाबुल सिंह के नेतृत्व में जबरदस्त बॉलिंग एवं फील्डिंग की गई। मैच के एंपायर विष्णु राणा रहे। मैच की शानदार कमेंट्री हिंदी के साथ ही हरियाणवी और भोजपुरी भाषा में डा. सुजिदंर फोगाट एवं अभय ने की। जिसका ग्राउंड में मौजूद खिलाड़ियों के साथ ही दर्शकों एवं अतिथियों ने भी खूब आनंद लिया।

# नगर में निकली राम जन्म उत्सव पर शोभा यात्रा

## विधायक और पालिका अध्यक्ष ने किया शोभायात्रा का शुभारंभ, कई स्थानों पर हुआ शोभा यात्रा का स्वागत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गुरुवार को श्री राम जन्मोत्सव के अवसर पर श्री झारखंड महादेव शिवा कावड़ वेड़ा के तत्वाधान में एक भव्य शोभा यात्रा निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी द्वारा संयुक्त रूप से प्रभु श्री राम की आरती कर फीता काट के किया गया।

समिति के पदाधिकारीयों द्वारा दोनों अतिथियों का फूल माला,पटका एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में मां दुर्गा, राम दरबार, बाबा खाटू श्याम, मां काली सहित विभिन्न झांकियां आकर्षण का केंद्र रही, वहीं नाग नागिन के नृत्य ने नगर वासियों का मन मोह लिया। शोभा यात्रा में सैकड़ो की संख्या में युवा राम ध्वज लेकर चल रहे थे।डीजे की राम धुन पर जमकर नृत्य कर रहे थे। शोभा यात्रा श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों पर भ्रमण करती हुई वापिस शिवाला मंदिर पर पहुंच कर संपन्न हुई। शोभायात्रा का नगर में कई स्थानों पर राम भक्तों द्वारा जलपान कराकर स्वागत किया गया। शोभा यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार तिवारी पुलिस बल व पीएसी के साथ तैनात रहे। इस मौके पर अंकुर अग्रवाल, महेश प्रजापति, अतुल अग्रवाल, मोहित अग्रवाल, विपिन हिंदुस्तानी, अंकुर प्रजापति, राहुल दक्ष, निशांत चौहान, राहुल हिंदुस्तानी, वरुण अग्रवाल, आकाश हिंदुस्तानी, अभिषेक ठाकुर, शिखर अग्रवाल, मयंक अग्रवाल, मोहित चौहान, आशु चौहान, भूरे प्रजापति, सैकी अग्रवाल सहित काफी संख्या में राम भक्त मौजूद रहे।



शोभायात्रा का फीता काटते हुए विधायक, चेयरमैन एवं अन्य। –जागरण मोर्चा



शोभा यात्रा में सम्मिलित झांकियां। –जागरण मोर्चा



शोभा यात्रा में शामिल हनुमान जी की झांकी।



शोभा यात्रा में राम लक्ष्मण जी की झांकी। –जागरण मोर्चा

# कन्या पूजन से संपन्न हुए नवरात्र

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर क्षेत्र में शारदीय नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार की सुबह भक्ति और उल्लास के साथ कन्या पूजन का आयोजन किया गया।

अष्टमी और नवमी के विशेष संयोग पर श्रद्धालुओं ने 2 से 10 वर्ष की नौ कन्याओं को माता दुर्गा का साक्षात स्वरूप मानकर उनकी पूजा-अर्चना की। भक्तों ने विधि-विधान से कन्याओं के चरण पखारे, माथे पर कुमकुम का तिलक लगाया और कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर सुख-समृद्धि का आशीर्वाद लिया। पूजन के पश्चात कन्याओं को माता के प्रिय भोग हलवा, पूरी और काले चने का शुद्ध सात्विक भोजन कराया गया। शास्त्रों के अनुसार, इस पूजन का फल नौ दिनों के कठिन व्रत के समान माना जाता है।परंपरा का निर्वाह करते हुए श्रद्धालुओं ने कन्याओं को दक्षिणा, फल, लाल चुनरी और उपहार भेंट किए। मान्यता है कि कन्या पूजन से घर में आरोग्य और खुशहाली आती है तथा धन-धान्य की कमी नहीं रहती। पूजन के बाद भक्तों ने कन्याओं के चरण स्पर्श कर विदा किया, जिससे वातावरण 'जय माता दी' के उद्घोष से गुंजायमान रहा।



कन्याओं को भोजन करते हुए। –जागरण मोर्चा

## गैस किल्लत : केवाईसी के लिए उमड़ी भीड़

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर में पिछले एक सप्ताह से रसोई गैस की भारी किल्लत के चलते उपभोक्ताओं का धैर्य जवाब दे रहा है। गुरुवार की सुबह सूरज निकलने से पहले ही सैकड़ों की संख्या में महिला-पुरुष गैस एजेंसियों पर ई-केवाईसी कराने और सिलेंडर लेने के लिए कतारों में खड़े नजर आए। आलम यह है कि सात दिन बीत जाने के बाद भी समस्या का कोई ठोस समाधान नहीं हो पाया है, जिससे स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे सुबह चार बजे से ही परेशानी के बीच लाइन में लग रहे हैं, लेकिन अव्यवस्थाओं के चलते उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ रहा है। हंगामे की स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने मौके पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए। सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहा।

# भक्तों ने मंदिरों में की मां महागौरी की पूजा

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गुरुवार को नगर स्थित शक्तिपीठ मां चामुंडा मंदिर पर चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन मां भगवती मंडल की आठवीं आराध्य देवी मां महागौरी की भक्तों द्वारा विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर माता रानी से घर में शुभ समृद्धि एवं वैभव का आशीर्वाद प्राप्त किया।

मां चामुंडा मंदिर पर प्रात से ही भक्तों की भीड़ लगनी शुरू हो गई थी, भक्तों द्वारा माता रानी को फल फूल प्रसाद नारियल चुनरी एवं श्रृंगार का सामान भेंट कर माता रानी की ज्योत की। नगर स्थित श्री झारखंड महादेव शिवाला मंदिर, हनुमान मंदिर,शिव मंदिर,राधा कृष्ण मंदिर एवं माई जी महाराज का मंदिर सहित अन्य मंदिरों पर माता रानी की पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भीड़ दिखाई दी। महिलाओं द्वारा घरों में माता रानी की ज्योत कर भोग लगाया गया और कन्याओं को भोग लगाया गया।धार्मिक मान्यता के अनुसार, मां महागौरी की साधना करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। साथ ही पापों से मुक्ति और मनचाहा जीवनसाथी मिलता है। मां महागौरी की पूजा के दौरान व्रत कथा का पाठ जरूर करना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि कथा का पाठ करने से सुख-सुविधाओं में वृद्धि होती है और मां महागौरी का आशीर्वाद प्राप्त होता है। मां महागौरी की चार भुजाएं हैं,मां का ऊपरी दायां हाथ अभय मुद्रा में स्थित है,जबकि नीचे वाले हाथ में त्रिशूल है, ऊपर वाले बाएं हाथ में डमरू है और नीचे वाला बायां हाथ वर मुद्रा में है।मां की मुद्रा अत्यंत शांत है,मां भगवान शिव को अपने पति के रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या कर रही थीं,जिसके परिणामस्वरूप उनका शरीर तपस्या के कारण काला पड़ गया था।इसके बाद मां ने अपने काले रंग को गौर वर्ण में परिवर्तित करने के लिए पुनः तपस्या की,मां की तपस्या से प्रसन्न होकर भगवान शिव ने उनके रंग को कांतिमय बना दिया, जिससे मां का रूप फिर से गौर हो गया।इसी कारण से मां के इस स्वरूप को महागौरी कहा जाता है। वहीं नगर पालिका प्रशासन द्वारा नवरात्रों के चलते नगर के सभी मंदिरों पर विशेष सफाई एवं चूने की व्यवस्था कराई गई। मंदिरों पर सुरक्षा व्यवस्था के मध्य नजर पुलिस बल तैनात रहा।



मां चामुंडा मंदिर पर पूजा अर्चना करती महिलाएं। –जागरण मोर्चा

# सड़क हादसे में घायल दूसरे मजदूर की भी मौत


जागरण मोर्चा कार्यालय

**चंदौसी।** बुधवार की रात आगरा-मुरादाबाद हाइवे स्थित न्यू बाइपास पर देररात अनियंत्रित ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली को टक्कर मार दी थी। जिसमें एक मजदूर की मौके पर ही मौत हो गई थी। साथ ही चार अन्य मजदूर गंभीर रुप से घायल हो गए थे। गंभीर घायलों को चन्दौसी सीएचसी लाया गया। जिन्हें बाद में प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं एक मजदूर ने गुरुवार की सुबह उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। जिससे परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

थाना कुढ़फतेह गढ़ के गांव बिचैटा काजी के ओमपाल, बहादुर, गौरव और हरपाल पीडब्ल्यूडी ठेकेदार के प्लांट पर मजदूरी का कार्य करते हैं। मौजूदा समय में बदायूं हाइवे पर संकेत आदि लगाए जा रहे हैं। बुधवार को उक्त चारों मजदूर रामपुर जनपद के गांव नादरगंज के परमानंद के ट्रैक्टर ट्राली में सवार होकर जुनावई क्षेत्र से काम करके आ रहे थे। उनके साथ ट्रैक्टर ट्रॉली में निर्माण सामग्री और संकेतक लदे थे। जब ये लोग बनियाठेर थाना क्षेत्र के मुरादाबाद हाइवे स्थित न्यू बाइपास के ओवरब्रिज पर पहुंचे, इस समय पीछे से ट्रक ने ट्रैक्टर ट्राली को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद गौरव (30) की मौके पर मौत हो गई , जबकि बहादुर, हरपाल, ओमपाल के अलावा ट्रक में सवार गांव देवरखेड़ा निवासी सूरज घायल हो गया । यहां से गुजर रहे राहगीरों ने हादसे की सूचना पुलिस को दी। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया। वहीं हरपाल 42 पुत्र रामलाल निवासी बिचैटा काजी को गंभीर हालत पर हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। गुरुवार की सुबह 5 बजे हरपाल ने भी दम तोड़ दिया। हरपाल की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। हरपाल अपने पीछे पत्नी मीरा व पांच बच्चों को रोता बिलखता छोड़ गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा।



सीएचसी मे हरपाल की मौत के बाद गुमसुम बैठा परिवार। –जागरण मोर्चा



मृतक हरपाल का फाइल फोटो।

## छात्रा को लेकर युवक फरार

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** जानकारी के अनुसार उत्तराखंड के जनपद पिथौरागढ़ के एक गांव निवासी महिला नगर के मौहल्ला बुधबाजार में किराए के घर में रहती है। बताते हैं कि वह 18 मार्च 2026 को अपने दिवंगत पति की बरसी मनाने के लिए गांव गई थी। उसकी पुत्री नगर के एक इण्टर कॉलेज में कक्षा 11 की छात्र है। उसकी परीक्षाएं चलने के कारण वह अपनी माता के साथ गांव नहीं गई थी। इसी मौहल्ले में महिला की बुआ भी रहती हैं। कुछ दिन बाद जब महिला पति की बरसी मनाकर गांव वापस लौटी तो उसे अपने घर पर बेटी नहीं मिली। कुछ लोगों से जानकारी की तो पता चला कि उसकी बेटी को नगर के चौपला चौकी क्षेत्र के एक मौहल्ला निवासी युवक बहला फुसलाकर लेकर फरार हो गया।

## शादी समारोह में दबंगों ने युवक के साथ मारपीट कर किया घायल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** नगर के एक बैंकट हॉल में शादी समारोह के दौरान कुछ दबंगों द्वारा दुल्हन के फुफेरे भाई के साथ मारपीट कर उसे घायल कर दिया परिजनों द्वारा घायल युवक को सीएचसी में भर्ती कराया गया ।जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया।

नगर के संभल चौराहे के निकट स्थित एक बैंकट हॉल में गुरुवार को एक शादी समारोह था, जिसमें दिल्ली निवासी समीर पुत्र मोहम्मद निजाम अपने परिवार के साथ अपनी मेमेरी बहन की शादी में सम्मिलित होने आया था। गुरुवार की दोपहर को शादी समारोह के बीच किसी बात को लेकर समीर का दबंग युवकों के साथ कहा सुनी हो गई, देखते देखते दबंगों ने समीर के साथ मारपीट शुरू कर दी और उसे घायल कर शादी समारोह से आरोपी फरार हो गए। घायल समीर के परिजन घायल को लेकर सीएचसी पहुंचे जहां चिकित्सकों द्वारा उसका उपचार किया गया। परिजनों के द्वारा पुलिस को सूचना नहीं दी गई है। सीएचसी प्रभारी डॉक्टर धुर्वेंद्र सिंह ने बताया कि शादी समारोह के बीच मारपीट के दौरान एक युवक घायल हो गया था उसका उपचार कर दिया गया है और उसे घर भेज दिया गया।



घायल समीर।

## खुदकुशी के लिए उकसाने में पत्नी व साला नामजद

जागरण मोर्चा कार्यालय

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव मौहम्मदाबाद निवासी रमेश के पुत्र मोहन की शादी करीब 13 वर्ष पहले थाना रहरा के गांव सिम्पला निवासी मालवती के साथ हुई थी। आरोप है कि मालवती छोटी छोटी बातों पर भी मोहन के साथ झगड़ा करती थी और अपने भाई राजू को बुलाकर मोहन के साथ अपमानजनक व्यवहार, मारने की धमकी आदि दिलाती थी। आरोप है कि 16 मार्च 2026 की दोपहर में भी मोहन के साथ उसकी पत्नि मालवती ने मारपीट गाली गलौच की थी और अपने भाई राजू को भी बुलाया था। राजू ने भी मोहन के साथ झगड़ा किया था। रात को भी जब मोहन घेर में सो रहा था तो भी उसके साथ मारपीट की थी।

## दूध के टैंकर ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर, किसान की उपचार के दौरान हुई मौत

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** रहरा थाना क्षेत्र के अलीगढ़ मार्ग पर बुधवार दोपहर एक भीषण सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए 60 वर्षीय किसान की उपचार के दौरान मौत हो गई। हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मचा है।

रहरा थाना क्षेत्र के गांव ढकिया खादर निवासी कुवरपाल पुत्र जगराम 60 वर्षीय बुधवार दोपहर बाद नगर से ई-रिक्शा में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही ई-रिक्शा हाकमपुर के निकट स्थित एक बैंक्विट हॉल के सामने पहुंचा, तभी सामने से आ रहे अनियंत्रित दूध लदे टैंकर ने ई रिक्शा में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ई-रिक्शा सवार पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कुछ घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहाँ से तीन घायलों की हालात को गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। जबकि कुवरपाल का उपचार एक निजी चिकित्सक के यहाँ चल रहा था, जहाँ उन्होंने गुरुवार की दोपहर बाद दम तोड़ दिया। मृतक खेती-किसानी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करने वाले कुवरपाल अपने पीछे पत्नी बीना, चार बेटे और तीन बेटियों को रोते-बिलखता छोड़ गए हैं। रहरा थाना प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि घटना के संबंध में तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने आरोपी दूध के टैंकर को कब्जे में ले लिया है। शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# नाला निर्माण के चलते आए दिन हो रहे हादसे

जागरण मोर्चा कार्यालय

**चन्दौसी।** पालिका द्वारा सीकरी गेट वाल्मीकि बस्ती में नाले का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। लेकिन नाला निर्माण शुरु होने के बाद से आस-पास के निवासी लगातार ठेकेदार की मनमानी की शिकायत कर रहे है। गुरुवार को अष्टमी पर कन्या-बरुआ भोज पर जा रही बच्चों की टोली में शामिल एक बच्चा नाला पार करते समय नाले में गिर गया। जिससे लोगों ने निकाला। इसके बाद स्थानीय लोगों का गुस्सा भड़क गया। जिसके बाद उन्होंने ठेकेदार के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। साथ ही ईओ को अवगत कराते हुए समास्या के समाधान की मांग की।

गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने बताया कि काफी समय से नाला निर्माण अधूरा पड़ा है। जिससे काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य की धीमी गति के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। जिससे राहगीरों व बच्चों की जान का खतरा बना हुआ है। पूर्व में भी स्थानीय लोगों ने पालिकाध्यक्ष व ईओ से इसकी शिकायत की थी। लेकिन उसके बावजूद समास्या का कोई समाधान नहीं हुआ। उनका कहना है कि शिकायत के बावजूद निर्माण कार्य की धीमी गति के साथ सुरक्षा इंतजामों की कमी है। नाला निर्माण कार्य के दौरान नाले के बैरिकेडिंग आदि नहीं है। उन्होंने बताया कि अष्टमी पर कन्या-बरुआ भोज के लिए बच्चों की टोली नाले को पार कर रही थी। उसी दौरान बालक निशांत नाले में गिर गया। बालक को नाले में गिरता देख उसे तुरंत बाहर निकाल लिया। गनीमत रही कि बच्चा ठीक है। घटना के बाद भीड़ जुट गई। पास में रहने वाले पूर्व सफाई नायक शिव कुमार ने कहा कि इस घटना से ईओ को अवगत कराया है। सुनील कुमार एड. ने बताया कि नाला निर्माण के दौरान आए दिन हादसे हो रहे है। लेकिन पालिका इस ओर ध्यान नहीं दे रही है। निर्माण कार्य कराने वाला ठेकेदार पूरी तरह से मनमानी पर उतारु है। पूर्व में भी शिकायत होने के बाद भी कोई सुधार नहीं हो रहा है। इसी को देखते हुए लोग आक्रोशित है और ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे है। उन्होंने बताया कि नाला निर्माण नहीं होने से आस-पास के मकान धंस रहे। जल्द ही नाला निर्माण पूरा नहीं हुआ तो आंदोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा। प्रदर्शन करने वालों में कुलदीप चौधरी, राजीव, मनी, प्रवेश कुमार, सोनू, टीटू, विशाल, अमन, नरेश आदि मौजूद रहे।



ठेकेदार के खिलाफ प्रदर्शन करते स्थानीय लोग। –जागरण मोर्चा

## शोभा यात्रा में भारतीय संविधान की झांकी रहेगी आकर्षण का केंद्र : रामवीर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**हसनपुर।** गुरुवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जन्मोत्सव समिति हसनपुर की एक बैठक अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक रामवीर सिंह के टीचर्स कॉलोनी स्थित प्रतिष्ठान पर संपन्न हुई।

बैठक में आगामी अंबेडकर जयंती समारोह को सफल बनाने के लिए विस्तृत कार्य योजना तैयार की गई।बैठक को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय अम्बेडकर युवक संघ के अध्यक्ष रामवीर सिंह ने कहा कि इस वर्ष शोभायात्रा में भारतीय संविधान की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। बाहरी कलाकारों द्वारा शोभायात्रा में अपनी प्रस्तुति प्रदान कर बाबा साहब के जीवन में संबंधित महत्वपूर्ण रोचक जानकारियां प्रदान की जाएगी। साथ ही समाज की प्रतिभाओं को विशेष रूप से मंच पर सम्मानित किया जाएगा। वरिष्ठ समाजसेवी जयपाल सिंह ने कहा कि इस आयोजन का मूल उद्देश्य समाज के व्यक्तियों को बाबा साहब के विचारों एवं उनके द्वारा दिए गए संवैधानिक अधिकारों के प्रतीक जागरूक करना है। इस बार के आयोजन में खास बात यह रहेगी कि महिलाओं की भागीदारी बहुत अधिक तादाद में रहेगी। समिति के अध्यक्ष दिनेश गौतम ने कहा कि इस बार अंबेडकर जयंती समारोह में सभी को उचित मान सम्मान और भागीदारी का भाव देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि सर्व समाज को साथ लेकर इस अंबेडकर जयंती का ऐतिहासिक आयोजन किया जा रहा है।

## सम्पादकीय

# युद्ध की तपिश से बचने की चुनौती

भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा दवाई उत्पादक देश है और जेनेरिक दवाई उत्पादन में पहले नंबर पर है। भारत के पास 700 अरब डालर से अधिक का विदेशी मुद्रा भंडार है, जिससे वह किसी भी आर्थिक जोखिम का सरलतापूर्वक सामना करने में सक्षम है। पश्चिम एशिया संकट को देखते हुए प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडल समिति की बैठक में आम लोगों की महत्वपूर्ण जरूरतों मसलन पेट्रोल-डीजल, गैस, बिजली, उर्वरक आदि की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सभी तरह के संभावित उपायों पर विचार किया गया। चूंकि पश्चिम एशिया में युद्ध से पूरी दुनिया प्रभावित हो रही है, ऐसे में सरकार की ओर से देश भर में निर्बाध आपूर्ति, स्थिर लाजिस्टिक्स और कुशल वितरण सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित करना स्वाभाविक है। मोदी सरकार को आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए राज्यों से उपयुक्त समन्वय करना होगा। इसके साथ ही भारतीय वस्तुओं के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए नए प्रयासों के साथ नए निर्यात गंतव्य विकसित करने होंगे। पश्चिम एशिया में लंबे खिंचते युद्ध से दुनिया के साथ-साथ भारत की आर्थिक चुनौतियां बढ़ती दिख रही हैं। हाल में गोल्डमैन सैक्स द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की विकास दर के अनुमान को 7 प्रतिशत से घटाकर 6.5 प्रतिशत किया गया है। आइसीआइसीआइ बैंक ने भारत के विकास दर अनुमान को 7.5 प्रतिशत से घटाकर 7 प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसियों के मुताबिक कच्चे तेल के वैश्विक दाम बढ़ने और आपूर्ति बाधित होने के कारण भारत के ऊर्जा आयात बिल में जबरदस्त उछाल की आशंका है। साथ ही निर्यात में कमी और महंगाई में तेजी संबंधी चुनौतियों के कारण भी भारतीय अर्थव्यवस्था की संतुलित स्थिति के सामने खतरा दिखाई दे रहा है।

ईरान और इजरायल-अमेरिका के बीच विस्तारित होते हुए युद्ध से देश के कई हिस्सों में रसोई गैस और कमर्शियल गैस सिलिंडरों की आपूर्ति में बाधा से परेशानियां बढ़ती दिख रही हैं। निर्यातकों की भी मुश्किलें बढ़ी हैं। सेंसेक्स में गिरावट और डालर की तुलना में रुपये के मूल्य में कमी का परिदृश्य भी सामने है। निवेशक भारतीय बाजार से अपना धन निकालते हुए दिखाई दे रहे हैं। युद्ध का प्रभाव भारत के वित्तीय बाजार पर भी पड़ने लगा है। निवेशकों की संपत्ति में गिरावट आई है और भारतीय कंपनियों का बाजार पूंजीकरण (एमकैप) तेजी से घटा है। इससे पहले ऐसी गिरावट कोविड के दौरान मार्च 2020 में देखी गई थी, पर युद्ध के ऐसे असर के बीच भी भारत की कुछ ऐसी प्रभावी आर्थिक अनुकूलताएं हैं, जो देश की विकास दर को भारी आघात से बचाने वाली हैं। सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है और महंगाई को नियंत्रित रखने तथा आम आदमी पर उसके प्रभाव को कम करने के लिए आवश्यक खाद्य वस्तुओं के लिए बफर स्टाक बढ़ाने, खुले बाजार में खरीदे गए खाद्यान्न की रणनीतिक बिक्री करने और जरूरी आयात की सुविधा जैसे कई रणनीतिक कदम उठाए हैं।

वह निर्यातकों को राहत देने के लिए रेजिलिएंस एंड लाजिस्टिक इंटरवेंशन फार एक्सपोर्ट फैसिलिटेशन (रिलीफ) योजना लेकर आई है। इसका उद्देश्य ऐसे निर्यातकों को मदद देना है, जो माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम में बढ़ोतरी तथा युद्ध से जुड़े निर्यात जोखिमों का सामना कर रहे हैं। इस योजना के तहत एमएसएमई निर्यातक विशेष रूप से लाभान्वित होंगे। सरकार खाड़ी देशों में जाने वाले सामान का बीमा खर्च भी उठाएगी। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत और ईरान के बीच कूटनीतिक बातचीत के बाद ईरान ने भारतीय झंडे वाले तेल और गैस टैंकरों को 'होर्मुज स्ट्रेट' से सुरक्षित गुजरने की अनुमति दे दी है।

## आज का इतिहास — बढ़ता राजस्थान

### 26 मार्च की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1974** – लाता गाँव, हेन्वाल घाटी, गढ़वाल हिमालय में गौरा देवी के नेतृत्व में 27 महिलाओं के एक समूह ने पेड़ों को बचाने के लिए पेड़ों के आसपास घेरा बना लिया और उन्हें अपने इस प्रयास से भारत में चिपको आंदोलन को आरंभ किया।
- **1995** – 15 सदस्यीय यूरोपीय यूनियन के सात देशों के बीच आंतरिक सीमा नियंत्रण समाप्त।
- **1998** – चीन ने अमेरिकी इरीडियम नेटवर्क के दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक पृथ्वी की कक्षा में स्थापित किया।
- **1999** – द. अफ्रीका के राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला ने देश की प्रथम प्रजातांत्रिक संसद के विघटन की घोषणा की।
- **2001** – केन्या में छात्रावास में आठ लगने से 58 छात्र मरे।
- **2003** – पाकिस्तान ने 200 कि.मी. की दूरी तक मार करने वाली परमाणु प्रक्षेपास्त्र 'अब्दाली' का परीक्षण किया।
- **2006** – मेलबर्न में 18वें राष्ट्रमंडल खेलों का समापन।
- **2008** – भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड कोष में 2.90 करोड़ रुपये की हेराफेरी के मामले में बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष जगमोहन डालमिया को गिरफ्तार किया गया। टाटा मोटर्स ने अमेरिकी कंपनी 'जगुआर' व 'लैंड रोवर' का अधिग्रहण किया।
- युसुफ़ रजा गिलानी ने पाकिस्तान के 25वें प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। भारत व पाकिस्तान ने एक-दूसरे के युद्ध बन्दियों को रिहा करने के लिए विदेश मंत्रालय स्तर पर बातचीत शुरू की।

### 26 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- **1933** – कुबेरनाथ राय – ललित निबंध में विशिष्ट योगदान के लिए जाने जाते हैं।
- **1893** – धीरेन्द्र नाथ गांगुली, बंगाली सिनेमा के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक
- **1907** – महादेवी वर्मा, हिन्दी कवयित्री और हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार प्रमुख स्तंभों में से एक।

### 26 मार्च को हुए निधन


- **2006** – अनिल बिस्वास, भारतीय राजनीतिज्ञ।
- **1999** – राज कुमार रणबीर सिंह – मणिपुर के आठवें मुख्यमंत्री थे।
- **1999** – आनंद शंकर – भारतीय गीतकार और संगीतकार थे।
- **1996** – के. के. हेब्बार – प्रसिद्ध भारतीय कलाकार थे।
- **1813** – महाराजा साहिब सिंह – पटियाला रियासत के महाराजा थे, जो महाराजा अमर सिंह के पुत्र और उत्तराधिकारी थे।

## विशेष आलेख

# 'अंकों की अंधी दौड़ में खोती जिंदगियां कब जागेगा राजस्थान?'



अनिल सिखवाल, ब्यावर




मंगलवार को जब माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के परिणाम आए, तो गलियों में मिठाइयों के डिब्बे खुले, लेकिन ब्यावर के नरबदखेड़ा की एक बंद गली से उठी खामोशी ने पूरे प्रदेश को सुन्न कर दिया। 16 साल की बालिका ने फांसी का फंदा इसलिए चुन लिया क्योंकि उसे लगा कि 57% अंक उसकी जिंदगी से बड़े हैं। वह 'फेल' नहीं हुई थी, वह 'द्वितीय श्रेणी' से पास थी। पर शायद हमारे समाज ने 'द्वितीय श्रेणी' को 'अपराध' की श्रेणी में खड़ा कर दिया है राजस्थान में हर साल बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम आते ही एक अजीब सा माहौल बन जाता है—कहीं जश्न, कहीं सन्नाटा और कहीं ऐसी खबरें, जो दिल को झकझोर देती हैं। हाल ही में माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर के परिणामों के बाद ब्यावर सहित प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से सामने आई घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि अंकों का दबाव अब बच्चों के लिए असहनीय होता जा रहा है। यह केवल एक जिले या एक परिवार की त्रासदी नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था और सामाजिक सोच पर गंभीर प्रश्नचिह्न है आज शिक्षा का उद्देश्य ज्ञान, संस्कार और व्यक्तित्व निर्माण नहीं रह गया, बल्कि प्रतिशत और रैंक की प्रतिस्पर्धा बनकर रह गया है। बच्चे अब किताबों से ज्यादा 'कटऑफ' और 'टॉपर्स' के आंकड़ों में उलझ गए हैं। परिणाम आते ही समाज, रिश्तेदार और यहां तक कि परिवार का पहला सवाल यही होता है— 'कितने प्रतिशत आए?' यह प्रश्न धीरे-धीरे बच्चों के आत्मविश्वास को खोखला कर देता है जो बच्चे अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर पाते, वे खुद को असफल मान बैठते हैं, जबकि वास्तविकता में एक परीक्षा किसी की पूरी क्षमता का मापदंड कभी हो ही नहीं सकती प्रदेश में बढ़ती ऐसी घटनाएं यह संकेत देती हैं कि हम बच्चों को पढ़ा तो रहे हैं, लेकिन उन्हें जीवन जीना नहीं सिखा पा रहे। स्कूलों में पाठ्यक्रम पूरा कराने की होड़ है, लेकिन मानसिक स्वास्थ्य, भावनात्मक संतुलन और जीवन कौशल की शिक्षा अभी भी हाशिए पर है। बच्चों को यह नहीं सिखाया जा रहा कि असफलता का सामना कैसे करें, दबाव को कैसे संभालें और खुद को कैसे समझें। यही कारण है कि छोटी-सी ठोकर भी उन्हें असहनीय लगने लगती है।

अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका यहां सबसे महत्वपूर्ण हो जाती है। अनजाने में ही सही, लेकिन बच्चों की तुलना करना, अधिक अपेक्षाएं रखना और परिणाम के आधार पर उनका मूल्यांकन करना उन्हें भीतर से तोड़ देता है जरूरत इस बात की है कि बच्चों को यह एहसास दिलाया जाए कि उनका मूल्य केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनके प्रयास, उनकी सोच और उनके व्यक्तित्व से तय होता है राजस्थान जैसे विशाल और विविधतापूर्ण प्रदेश में हर बच्चा अपनी अलग प्रतिभा और क्षमता लेकर जन्म लेता है कोई पढ़ाई में अच्छा है, तो कोई खेल, कला, संगीत या तकनीक में। लेकिन जब पूरे सिस्टम का फोकस सिर्फ 'अंक' बन जाता है, तो यह विविधता कहीं खो जाती है हमें शिक्षा को इस संकीर्ण दायरे से बाहर निकालकर कौशल आधारित और जीवनोपयोगी बनाना होगा, ताकि बच्चे केवल परीक्षा पास करने के लिए नहीं, बल्कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए तैयार हो सकें।

अंततः यह समय आत्ममंथन का है। यदि एक परिणाम, एक प्रतिशत या एक अंक किसी बच्चे की जिंदगी छीन सकता है, तो यह हमारी सबसे बड़ी विफलता है अब जरूरत है कि पूरा समाज—शिक्षा व्यवस्था, अभिभावक और सरकार—मिलकर यह सुनिश्चित करें कि बच्चों पर अंकों का बोझ कम हो और उन्हें एक सुरक्षित, सहयोगी और सकारात्मक वातावरण मिले क्योंकि एक अंकपत्र से कहीं ज्यादा मूल्यवान एक बच्चे की मुस्कान और उसकी जिंदगी होती है।


प्रतिशत की मंडी और मासूमों की बलि –

आज की शिक्षा व्यवस्था एक ऐसी मंडी बन गई है जहाँ बच्चों के दिमाग को नहीं, बल्कि उनकी अंकतालिका को तौला जाता है ?समग्र विकास का पाखंड: स्कूल बड़े-बड़े विज्ञापनों में 'समग्र विकास' की बातें करते हैं, लेकिन परिणाम के दिन वही स्कूल 'प्रतिशत के होर्डिंग' लगाकर यह भूल जाते हैं कि पीछे छूटे हुए बच्चे किस मानसिक नरक से गुजर रहे हैं तुलना का ज़हर: पड़ोसी के बच्चे के 90% और आपके बच्चे के 60% के बीच जो 30% का फासला है, उसे समाज ने 'योग्यता की खाई' बना दिया है। हम यह नहीं पूछते कि बच्चे ने क्या सीखा, हम बस यह पूछते हैं, 'बाकी के नंबर कहाँ गए? '

राजस्थान के ब्यावर जिले की यह घटना एक चेतावनी है अगर हम आज भी नहीं संभले, तो हर साल परिणाम के दिन खुशियों के शोर के साथ ऐसी ही चीखें भी सुनाई देंगी हमें शिक्षा को 'अंकों की दौड़' से निकालकर 'कौशल का उत्सव' बनाना होगा याद रखिए, थॉमस एडिसन से लेकर आइंस्टीन तक, किसी की महानता उनकी 10वीं की मार्कशीट से तय नहीं हुई थी। जिंदगी किसी परीक्षा का परिणाम नहीं, बल्कि असीमित संभावनाओं का एक अनमोल सफर है।

***ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।***

# तीन देशों का महायुद्ध और भारत के शांति प्रयासों की भूमिका।



संजीव ठाकुर

युद्ध कभी भी किसी भी परिस्थिति में वैश्विक विकास के लिए एक बड़ा अवरोध ऐतिहासिक रूप से साबित हुआ है। युद्ध किसी भी बात का विकल्प नहीं है। युद्ध,हिंसा और संघर्ष प्राचीन काल से मानवीय सभ्यता के लिए एक बड़ा खतरा साबित हुए हैं। इतिहास गवाह है कि कई देशों को युद्ध और हिंसा ने ही भूगोल से अदृश्य कर दिया है। तीन देशों इज़रायल, ईरान और अमेरिका के बीच छिड़ा महायुद्ध आज केवल सीमाओं और सामरिक वर्चस्व का संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह समूची मानव सभ्यता के संतुलन को डगमगाने वाला एक भयावह वैश्विक संकट बन चुका है, इस युद्ध की जड़ें वर्षों से चले आ रहे वैचारिक मतभेदों, क्षेत्रीय प्रभुत्व की आकांक्षाओं और सामरिक गठबंधनों में छिपी रही हैं, जो अब खुलकर एक भीषण सैन्य टकराव का रूप ले चुकी हैं, इज़रायल की आक्रामक सैन्य रणनीतियाँ, ईरान की जवाबी कार्रवाई और अमेरिका की प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष भागीदारी ने इस संघर्ष को वैश्विक स्तर पर विस्तारित कर दिया है, इस महायुद्ध का सबसे अधिक दुष्प्रभाव मध्य पूर्व के देशों—इराक, सीरिया, लेबनान और यमन—पर पड़ रहा है जहाँ पहले से ही अस्थिरता और संघर्ष की स्थिति थी और अब यह युद्ध उनके लिए मानवीय संकट का रूप ले चुका है, इसके अतिरिक्त सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे खाड़ी देश भी सुरक्षा और आर्थिक दबाव से जूझ रहे हैं, जबकि भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे ऊर्जा आयात पर निर्भर देश महँगाई और आपूर्ति संकट से गहराई से प्रभावित हो रहे हैं, वैश्विक अर्थव्यवस्था इस संघर्ष के कारण गंभीर संकट में फँस गई है, कच्चे तेल और गैस की कीमतों में उछाल ने परिवहन, उद्योग और दैनिक जीवन को महँगा बना दिया है, खाद्यान्न संकट ने गरीब देशों में भूख और कुपोषण का खतरा बढ़ा दिया है, अंतरराष्ट्रीय व्यापार मार्ग असुरक्षित हो गए हैं, निवेशकों का विश्वास डगमगा रहा है और विश्व आर्थिक मंदी की आशंका गहराती जा रही है, जनजीवन पर इसका प्रभाव अत्यंत पीड़ादायक है, युद्धग्रस्त क्षेत्रों में लोग अपने घरों से विस्थापित होकर शरणार्थी बनने को मजबूर हैं, लाखों बच्चों की शिक्षा बाधित हो चुकी है, अस्पतालों में संसाधनों की कमी ने जीवन को संकट में डाल दिया है, वहीं अन्य देशों में बेरोजगारी, महँगाई और मानसिक असुरक्षा का वातावरण गहराता जा रहा है, इस भीषण परिस्थिति में भारत ने शांति और संतुलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए हैं, भारत ने सदैव 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना को अपनाते हुए संवाद और कूटनीति का मार्ग प्रशस्त किया है, संयुक्त राष्ट्र और अन्य अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने लगातार युद्धविराम, शांतिपूर्ण समाधान और वार्ता की आवश्यकता पर बल दिया है, मानवीय सहायता के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में राहत पहुँचाने के प्रयास भी किए गए हैं और यह संदेश दिया गया है कि युद्ध किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता, भारत की यह संतुलित और दूरदर्शी नीति वैश्विक शांति के लिए एक सकारात्मक पहल के रूप में देखी जा रही है, आज जब पूरा विश्व इस महायुद्ध के दुष्परिणामों से जूझ रहा है तब यह आवश्यक हो जाता है कि सभी राष्ट्र अपने संकीर्ण स्वार्थों से ऊपर उठकर मानवता के व्यापक हित को प्राथमिकता दें और इज़रायल, ईरान तथा अमेरिका जैसे राष्ट्र संवाद, संयम और सहयोग का मार्ग अपनाएँ, क्योंकि अंततः युद्ध केवल विनाश, पीड़ा और असंतुलन की कहानी लिखता है, जबकि शांति ही वह मार्ग है जो विश्व को स्थिरता, समृद्धि और मानवीय संवेदनाओं से जोड़ सकता है।

***ये लेखक के अपने निजी विचार हैं।***

## लघुकथा — बढ़ता राजस्थान

### खोया हुआ कुछ

– सुनो।

– कौन?

– मैं।

– मैं कौन?

– अच्छा। अब मेरी आवाज़ भी नहीं पहचानते?

– तुम ही तो थे जो कालेज तक एक सिक्युरिटी गार्ड की तरह चुपचाप मुझे छोड़ जाते थे। बहाने से मेरे कालेज के आसपास मंडराया करते थे। सहेलियां मुझे छेड़ती थीं। मैं कहती कि नहीं जानती।

– मैं? ऐसा करता था?

– और कौन? बहाने से मेरे छोटे भाई से दोस्ती भी गांठ ली थी और घर तक भी पहुंच गये। मेरी एक झलक पाने के लिए बड़ी देर बातचीत करते रहते थे। फिर चाय की चुस्कियों के बीच मेरी हंसी तुम्हारे कानों में गूंजती थी।

– अरे ऐसे?

– हाँ। बिल्कुल। याद नहीं कुछ तुम्हें?

– फिर तुम्हारे लिए लड़की की तलाश शुरू हुई और तुम गुमसुम रहने लगे पर उससे पहले मेरी ही शादी हो गयी।

– एक कहानी कहीं चुपचाप खो गयी।

– कितने वर्ष बीत गये। कहां से बोल रही हो?

– तुम्हारी आत्मा से। जब जब तुम बहुत उदास और अकेले महसूस करते हो तब तब मैं तुम्हारे पास होती हूं। बाय। खुश रहा करो। जो बीत गयी सो गयी।

## हेल्थ टिप्स — बढ़ता राजस्थान

# डायबिटीज रोगियों को भूलकर भी नहीं खाने चाहिए ये 5 फल

आज के दौर में स्वस्थ रहने के लिए 'फ्रूट डाइट' का चलन काफी बढ़ गया है। नाश्ते में फलों का कटोरा देखना हमें सुकून देता है कि हम सेहतमंद चुनाव कर रहे हैं। लेकिन अगर आप शुगर की समस्या से जूझ रहे हैं, तो फलों की यह मिठास आपके लिए 'मीठा जहर' भी साबित हो सकती है। असल में, प्रकृति ने हर फल को अलग तासीर और शुगर लेवल के साथ बनाया है। जहां अमरूद या सेब जैसे फल शुगर कंट्रोल करने में मदद करते हैं, वहीं कुछ ऐसे फल भी हैं जिन्हें खाते ही आपके खून में ग्लूकोज का स्तर रॉकेट की तरह बढ़ सकता है।

अपनी लाइफस्टाइल को संतुलित रखने के लिए यह जानना बेहद जरूरी है कि स्वाद की मिठास कहीं आपकी सेहत का गणित न बिगाड़ दे। आइए जानते हैं



वे 5 फल, जिन्हें शुगर के मरीजों को अपनी प्लेट से दूर ही रखना चाहिए।

**1. आम** : आम के शौकीनों के लिए यह खबर थोड़ी दुखद हो सकती है। आम में नेचुरल शुगर की मात्रा बहुत अधिक होती है। एक मध्यम आकार के आम में लगभग 45-50 ग्राम शुगर होती है। इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स काफी ज्यादा होता है, जो खाने के तुरंत बाद ब्लड शुगर को स्पाइक कर देता है। अगर आप डायबिटीज के मरीज हैं, तो आम से दूरी बनाना या डॉक्टर की सलाह पर बहुत ही कम मात्रा में लेना ही श्रेयस्कर है।

**2. चीकू**: चीकू स्वाद में जितना लाजवाब और मीठा होता है, उतना ही यह शुगर के मरीजों के लिए खतरनाक है। इसमें कैलोरी और शुगर दोनों ही उच्च स्तर पर होते हैं। चीकू का ग्लाइसेमिक इंडेक्स (त्नढ्ढ) काफी हाई होता है, जिसका अर्थ है कि यह शरीर में बहुत जल्दी पचता है और रक्त में ग्लूकोज को तेजी से रिलीज करता है।

**3. पका हुआ केला**: अक्सर लोग केले को इंस्टेंट एनर्जी के लिए खाते हैं, लेकिन शुगर के मरीजों के लिए 'अत्यधिक पका हुआ केला' काफी नुकसानदेह हो सकता है। जैसे-जैसे केला पकता है, उसका स्टार्च शुगर में बदलने लगता है। इसमें कार्बोहाइड्रेट की मात्रा अधिक होती है, जो वजन बढ़ाने के साथ-साथ आपके इंसुलिन लेवल को भी प्रभावित कर सकती है।

**4. अंगूर** : अंगूर एक ऐसा फल है जिसे हम अक्सर गिनती भूलकर खा जाते हैं। लेकिन आपको बता दें कि अंगूर में शुद्ध ग्लूकोज की मात्रा बहुत अधिक होती है। मुट्ठी भर अंगूर भी आपके शुगर चार्ट को बिगाड़ने के लिए काफी हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, अंगूर में फाइबर कम और शुगर ज्यादा होती है, जिससे यह खून में तुरंत घुल जाता है।

**5. लीची** : ीची गर्मियों का प्रिय फल है, लेकिन डायबिटीज रोगियों के लिए यह 'रेड अलर्ट' की तरह है। इसमें लगभग 15-16 ग्राम प्रति 100 ग्राम शुगर होती है। लीची में फाइबर की मात्रा भी कम होती है, जिससे शरीर इसे बहुत जल्दी अवशोषित कर लेता है और अचानक शुगर लेवल बढ़ जाता है

## आज का राशिफल

### मेष
आज व्यवसाय में कोई भी नया कार्य शुरू करने की योजना सफल रहेगी और आपकी मेहनत के सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। घर की किसी समस्या का समाधान वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन से मिल जाएगा, जिससे आप तनावमुक्त होकर अपने व्यक्तिगत कामों पर ध्यान दे पाएंगे। बच्चों की शिक्षा और करियर को लेकर भी आज कोई महत्वपूर्ण कार्य संपन्न होगा। नेगेटिव – कोर्ट – कचहरी से जुड़े

### वृष
आज आपको प्रभावशाली लोगों से मिलने का मौका मिलेगा और आपकी मेहनत का अप्रत्याशित लाभ प्राप्त होगा। अगर आप पढ़ाई या नौकरी के सिलसिले में विदेश जाने की योजना बना रहे हैं, तो आज कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### मिथुन
आज आप अपनी सूझबूझ और बुद्धिमत्ता से कठिन कार्यों को भी सुचारू रूप से पूरा कर लेंगे। अपनी दिनचर्या को योजनाबद्ध तरीके से व्यवस्थित करना आपकी सफलता में सहायक होगा।

### कर्क
उधार दिया हुआ पैसा वापस मिलने से आपकी चिंताएं दूर होंगी। संतान की ओर से कोई शुभ समाचार मिल सकता है। परिवार की हर छोटी – बड़ी जरूरत को पूरा करने में आपको मानसिक शांति और आनंद मिलेगा।

### सिंह
आज दिन सामान्य रहेगा और आपकी मेहनत से रुके हुए कार्य पूरे होंगे। कोई पारिवारिक मसला हल होने से घर का वातावरण सुकून भरा रहेगा। पब्लिक रिलेशन और नेटवर्किंग से आपको व्यवसाय के नए स्रोत हासिल होंगे।

### कन्या
ग्रहों की स्थिति आपके पक्ष में है, इसलिए अपनी योजनाओं को गोपनीय तरीके से आगे बढ़ाएं, सफलता निश्चित है। किसी घनिष्ठ मित्र का सहयोग आपके कार्यों में सहायक रहेगा।

### तुला
आर्थिक मामलों में आज का दिन रिकवरी वाला है। फंसा हुआ पैसा वापस पाने के लिए प्रयास करें, सफलता मिल सकती है। किसी खास रिश्तेदार की समस्या सुलझाने में आपका योगदान सराहनीय रहेगा।

### वृश्चिक
आज का समय उत्तम है, अपनी क्षमताओं का भरपूर उपयोग करें। घर के लिए किसी खास वस्तु की खरीदारी से परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। कोई नजदीकी और लाभदायक यात्रा भी संभव है।

### धनु
आज घर के रख – रखाव से संबंधित कार्य शुरू करने का सही समय है। अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखना आपकी पर्सनैलिटी में निखार लाएगा। सामाजिक गतिविधियों में समय बिताने से आपकी साख बढ़ेगी।

### मकर
महत्वपूर्ण लोगों से मुलाकात होगी और विशेष मुद्दों पर चर्चा लाभदायक रहेगी। भविष्य की योजनाएं बनाते समय दूसरों के प्रभाव में आने के बजाय अपने निर्णय को प्राथमिकता दें।

### कुंभ
किसी पुरानी योजना को लागू करने के लिए उत्तम समय है। अनुभवी व्यक्ति के मार्गदर्शन से कई मुश्किलों का हल मिलेगा। व्यवहारिक होकर अपने कार्यों को अंजाम दें। किसी रिश्तेदार के यहाँ जाने का प्रोग्राम बन सकता है।

### मीन
किसी खास व्यक्ति के मार्गदर्शन से आप अपने कार्यों को बेहतरीन तरीके से पूरा कर पाएंगे। धार्मिक और सामाजिक सेवा के कार्यों में समय बीतेगा। व्यापार में आपके द्वारा किए गए नए प्रयोग भविष्य में फायदेमंद साबित होंगे।

# कुलदीप यादव पत्नी वंशिका के साथ बांके बिहारी मंदिर पहुंचे

## पूजा-दर्शन करके 56 भोग अर्पित किए; शादी के बाद पहली बार वृंदावन आए

**मथुरा (एजेंसी)।** क्रिकेटर कुलदीप यादव ने पत्नी वंशिका के साथ वृंदावन में बांके बिहारी के दर्शन किए। वे मंगलवार शाम साढ़े 7 बजे मंदिर पहुंचे थे। दोनों ने देहरी (चौखट) पर इत्र लगाकर सेवा की। भगवान को 56 भोग अर्पित किए। शादी के बाद दोनों पहली बार मथुरा पहुंचे थे।



कुलदीप इतनी गुपचुप तरीके से वृंदावन पहुंचे कि किसी को इसकी भनक तक नहीं हुई। फोटो-वीडियो सामने आने के बाद बुधवार सुबह लोगों को इसकी जानकारी हुई। दोनों करीब 25 मिनट तक मंदिर में रहे। इस दौरान मंदिर के गार्ड उन्हें घेरकर खड़े रहे। मंदिर के सेवायत शैलेंद्र गोस्वामी ने बताया कि कुलदीप के परिवार ने उनके आने की जानकारी दी थी। भीड़भाड़ से बचने के लिए इसे गोपनीय रखने को कहा था। मंदिर पहुंचने पर मैंने और नितिन सांवरिया ने पूजा-अर्चना कराई। इत्र देकर चौखट की पूजा करवाई। भगवान की प्रसादी माला भेंट की। करीब एक घंटे वृंदावन में रहने के बाद दोनों दिल्ली रवाना हो गए। गर्भ गृह के पास चंदन कोठरी पर पहुंचे कुलदीप और वंशिका को सेवायत लवेश गोस्वामी ने भगवान की प्रसादी माला पहनाई।पूजा के बाद पुजारी ने प्रसाद के रूप में कुलदीप को वॉल हैंगिंग और वंशिका को मोर पंनख लगी बांसुरी भेंट की।

### 14 मार्च को मसूरी में हुई थी शादी

भारतीय क्रिकेट टीम के स्पिनर कुलदीप यादव ने अपनी बचपन की दोस्त वंशिका सिंह के साथ 14 मार्च को मसूरी में शादी की थी। शादी में क्रिकेटर रिंकू सिंह, तिलक वर्मा और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ी पहुंचे थे। 17 मार्च को लखनऊ के होटल सेंट्रम में रिसेप्शन पार्टी हुई थी। सीएम योगी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने कुलदीप-वंशिका को आशीर्वाद दिया था।

# इस साल होगा आईपीएल का सबसे बड़ा सीजन

## 84 मैच खेले जाएंगे, हर टीम 16 मुकाबले खेलेगी, 28 मार्च को शुरुआत

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** इंडियन प्रीमियर लीग का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है। फाइनल 31 मई को खेला जाएगा। यह आईपीएल का अब तक का सबसे बड़ा सीजन होगा, जिसमें 10 टीमों के बीच 84 मैच खेले जाएंगे। ओपनिंग मैच डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच होगा। यह मुकाबला बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा।

**चुनाव की वजह से पूरा शेड्यूल रिलीज नहीं हुआ-** अप्रैल-मई के दौरान पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव होने हैं। इसमें आईपीएल मैच होस्ट करने वाले राज्य बंगाल, तमिलनाडु और असम भी शामिल हैं। इसी वजह से 28 मार्च से 12 अप्रैल तक होने वाले 20 मैचों का ही शेड्यूल जारी किया गया।

**10 टीमें हिस्सा लेंगी** - लीग में कुल 10 टीमें हिस्सा ले रही हैं। इनमें चेन्नई सुपर किंग्स, मुंबई इंडियंस, कोलकाता नाइट राइडर्स, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, दिल्ली कैपिटल्स, राजस्थान रॉयल्स, पंजाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद, लखनऊ सुपर जायंट्स और गुजरात टाइटंस शामिल हैं।

### प्लेऑफ कब से होंगे?

अभी पूरा शेड्यूल जारी नहीं हुआ है, लेकिन बीसीसीआई ने इतनी जानकारी दे दी है कि फाइनल 31 मई को बेंगलुरु में खेला जाएगा। इस हिसाब से 26 मई को पहला क्वालिफायर, 27 मई को एलिमिनेटर और 29 मई को दूसरा क्वालिफायर खेला जा सकता है।

# केकेआर ने रसेल की जर्सी नंबर 12 रिटायर की

## ● आईपीएल में 11 साल टीम का हिस्सा रहे, 2 बार खिताब जिताया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स ने अपने पूर्व ऑलराउंडर आंद्रे रसेल के सम्मान में उनकी जर्सी नंबर 12 को रिटायर कर दिया है। रसेल 2014 से 2025 तक टीम का हिस्सा रहे, सिर्फ 2017 सीजन को छोड़कर। पिछले साल नवंबर में उन्होंने आईपीएल से संन्यास लिया और अब टीम के पावर कोच की भूमिका निभा रहे हैं।







- **केकेआर के लिए खेले 133 मैच, 11 सीजन तक रहे पिलर-** आंद्रे रसेल का आईपीएल करियर मुख्य रूप से कोलकाता नाइट राइडर्स के इर्द-गिर्द ही रहा। उन्होंने अपने कुल 140 आईपीएल मैचों में से 133 मैच सिर्फ चयक्र के लिए खेले। वे 11 सीजन तक टीम के सबसे महत्वपूर्ण खिलाड़ी बने रहे। रसेल ने न केवल अपनी बल्लेबाजी से, बल्कि अपनी डेथ ओवर गेंदबाजी से भी टीम को कई मुश्किल मैचों में जीत दिलाई।
- **2014 और 2024 की खिताबी जीत का रहे हिस्सा-** रसेल दो बार केकेआर की खिताबी जीत (2014 और 2024) का हिस्सा रहे। 2014 में उन्होंने सिर्फ 2 मैच खेले थे, लेकिन 2024 में टीम को चैंपियन बनाने में उनकी भूमिका सबसे बड़ी रही। उस सीजन में रसेल ने 15 मैचों में 185 के स्ट्राइक रेट से 222 रन बनाए और 19 विकेट भी झटके। गेंदबाजी में उनका औसत 15.52 का रहा, जो किसी भी ऑलराउंडर के लिए बेहतरीन आंकड़ा है।
- **कोचिंग पर बोले रसेल- खिलाड़ियों को वापस देने का समय है-** कोच की नई भूमिका को लेकर रसेल ने कहा,मुझे नहीं लगता कि कोच बनने से मेरी मानसिकता में कोई बदलाव आया है। यह उन खिलाड़ियों को कुछ वापस देने जैसा है जिनके साथ और जिनके खिलाफ मैं सालों तक खेला हूं। मुझे वापस आकर इन लड़कों की मदद करने में बहुत अच्छा लग रहा है।

### ग्लोबल नाइट राइडर्स फैमिली का भी रहे चेहरा

रसेल का नाता सिर्फ आईपीएल वाली केकेआर से ही नहीं रहा, बल्कि वे नाइट राइडर्स की अन्य फेंचाइजी के लिए भी खेलते रहे हैं। वे आईएलटी 20 में 'अबू धाबी नाइट राइडर्स' और सीपीएल में त्रिनबागो नाइट राइडर्स का भी हिस्सा रहे। इन दोनों ही टीमों के लिए उन्होंने 4-4 सीजन खेले हैं। इसके अलावा 2014-15 के चैंपियंस लीग टी-20 में भी उन्होंने चयक्रको फाइनल तक पहुंचाने में मदद की थी।

### एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट

# भारतीय तीरंदाजों ने जीते 2 ब्रोंज मेडल

## मेंस रिकर्व और विमेंस कंपाउंड टीम फाइनल में पहुंची; कजाकिस्तान से होगा मुकाबला

**थाईलैंड (एजेंसी)।** थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में चल रहे एशिया कप वर्ल्ड रैंकिंग टूर्नामेंट (स्टेज-1) के दूसरे दिन भारतीय तीरंदाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। भारत ने बुधवार को दो ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किए। इसके साथ ही भारतीय खिलाड़ियों ने मेंस रिकर्व और विमेंस कंपाउंड टीम इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है।

**विमेंस कंपाउंड टीम- थाईलैंड को हराकर फाइनल में पहुंची-** महिला कंपाउंड टीम ने सेमीफाइनल में थाईलैंड को 229-226 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। चिकिता तनिपार्थी, राज कौर और तेजल साल्वे की टीम अब खिताबी मुकाबले में तीसरे नंबर की सीड कजाकिस्तान से भिड़ेगी। पिछले साल टीम ने ब्रॉन्ज जीता था।




**मेंस कंपाउंड टीम सेमीफाइनल में हारी-** पुरुष कंपाउंड टीम को सेमीफाइनल में वियतनाम से 233-234 से हार का सामना करना पड़ा। टीम के पास बढ़त थी, लेकिन आखिरी पलों में मुकाबला हाथ से निकल गया। हालांकि टीम ने ब्रॉन्ज मेडल मैच में भूटान को 234-232 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया। रजत चौहान, ऋषभ यादव और उदय कंबोज की अनुभवी टीम अपना खिताब डिफेंड करने में नाकाम रही। सेमीफाइनल में वियतनाम के खिलाफ एक समय भारतीय टीम 5 पॉइंट की बढ़त पर थी, लेकिन दूसरे और तीसरे एंड में वियतनाम ने परफेक्ट 60 का स्कोर कर वापसी की और भारत को 234-233 से हरा दिया।

### मेंस रिकर्व टीम- मलेशिया को 5-1 से दी शिकस्त

पुरुष रिकर्व टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। देवांग गुप्ता, सुखचैन सिंह और जुयेल सरकार की टीम ने बिना कोई सेट गंवाए जीत दर्ज की और अब फाइनल में कजाकिस्तान से मुकाबला होगा। पहले सेट को भारत ने 53-50 और दूसरे को 53-52 से जीता। तीसरे सेट में मुकाबला 56-56 की बराबरी पर रहा, जो भारत को फाइनल में पहुंचाने के लिए काफी था। वहीं, महिला रिकर्व टीम ने भी ब्रॉन्ज मेडल जीता। रूमा बिस्वास, कीर्ति और रिधि फोर की टीम ने मलेशिया को 5-1 से हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

# बेन डकेट ने आईपीएल से नाम वापस लिया

## ● 2 साल के बैन का खतरा, सीएसके ने एलिस की जगह जॉनसन को किया शामिल

**लंदन (एजेंसी)।** इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट ने आईपीएल 2026 से नाम वापस ले लिया है। खराब फॉर्म के बीच अपने टेस्ट करियर पर ध्यान देने के लिए उन्होंने यह फैसला लिया। हालांकि, आखिरी समय पर हटने के कारण उन्हें आईपीएल से दो साल के बैन का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले साल फ्रेंचाइजियों ने ऐसे विदेशी खिलाड़ियों पर सख्ती करने का फैसला किया था।

वहीं, चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन को टीम में शामिल किया है। उन्हें चोटिल नाथन एलिस की जगह रिप्लेसमेंट के तौर पर 1.5 करोड़ रुपये की बेस प्राइस पर साइन किया गया है। एलिस पुरानी हैमस्ट्रिंग इंजरी के चलते पूरे टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं।



**डीसी ने 2 करोड़ में खरीदा था, पथुम निसांका से मिल रही थी चुनौती-** दिसंबर में हुए ऑक्शन में दिल्ली कैपिटल्स ने बेन डकेट को 2 करोड़ रुपये में खरीदा था। डकेट पहली बार आईपीएल खेलने वाले थे, लेकिन टीम में विदेशी खिलाड़ी के स्लॉट के लिए उन्हें श्रीलंका के पथुम निसांका से कड़ी टक्कर मिल रही थी। प्लेइंग इलेवन में जगह पक्की न होने और फॉर्म के संकट को देखते हुए उन्होंने भारत आने के बजाय नॉटिंघमशायर के लिए काउंटी चैंपियनशिप खेलने का फैसला किया है।

**डकेट बोले- दिल्ली से माफी मांगता हूं, यह करियर के लिए जरूरी था-** 31 साल के डकेट ने 'द टेलीग्राफ' से बातचीत में कहा, यह बहुत कठिन फैसला था और मैं दिल्ली कैपिटल्स के सभी लोगों से माफी मांगता हूं। जब मुझे ऑक्शन में चुना गया था, तब मैं बहुत उत्साहित था। आईपीएल दुनिया की सबसे बड़ी लीग है, लेकिन मैंने अपने करियर के बारे में बहुत सोचा और मुझे लगा कि अभी यही सही फैसला है।

### जॉनसन के लिए पिछला साल रहा था मुश्किल

जॉनसन 1.5 करोड़ रुपये में सीएसके से जुड़े हैं। 30 साल के इस ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज ने अब तक 5 वनडे और 8 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इसके अलावा वह 71 टी20 मुकाबलों का अनुभव भी रखते हैं।
जॉनसन पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके हैं। वह 2024 में गुजरात टाइटंस और 2025 में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिए खेले थे। 2024 सीजन में उन्होंने 5 मैचों में 4 विकेट लिए थे, जबकि 2025 में 4 मैचों में सिर्फ 1 विकेट हासिल कर सके। हालांकि, पिछले आईपीएल के बाद उन्हें बैक इंजरी हो गई थी, जिसके कारण वह बिग बैश लीग और 2026 टी20 वर्ल्ड कप से भी बाहर रहे। वहीं, पिछले साल आईपीएल के मिनी ऑक्शन में उन्हें कोई खरीदार नहीं मिला था।

# खिलाड़ी 27 मार्च से दून में शुरू होंगे पैरालंपिक गेम्स

## सभी 13 जिलों से खिलाड़ी करेंगे प्रतिभाग

PARALYMPIC ASSOCIATION OF UTTARAKHAND

**देहरादून (एजेंसी)।** उत्तराखंड के दिव्यांग खिलाड़ियों (पैरा एथलीट्स) के लिए अच्छी खबर है। पैरालंपिक एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में 27 से 29 मार्च तक देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स स्टेडियम में तीसरे उत्तराखंड राज्य पैरालंपिक गेम्स का आयोजन होने जा रहा है। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 13 जिलों से लगभग 150 पैरा खिलाड़ी अपना दमखम दिखाएंगे। आयोजन की खास बात यह है कि इस बार पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड इन खेलों को प्रायोजित कर रहा है, जिससे सीमित संसाधनों वाले पहाड़ के पैरा खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच मिलेगा।

### प्रतियोगिता की 4 खास बातें

- 27 मार्च को सभी 13 जिलों की टीमें देहरादून पहुंचेंगी। मुख्य प्रतियोगिताएं 28 और 29 मार्च को आयोजित की जाएंगी।
- इसमें पैरा एथलेटिक्स, पैरा बैडमिंटन, पैरा सिटिंग वॉलीबॉल, पैरा पावरलिफ्टिंग और पैरा टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं होंगी।

# रिंकू सिंह केकेआर के उप-कप्तान बने

## 2018 से फ्रेंचाइजी का हिस्सा; बेन डकेट 19वां सीजन नहीं खेलेंगे, आईपीएल ने 2 साल का बैन लगाया

**कोलकाता (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने रिंकू सिंह को टीम का उप-कप्तान बनाया है। फ्रेंचाइजी ने इस फैसले की घोषणा कोलकाता में आयोजित 'नाइट्स अनप्लग्ड 3.0' इवेंट में की। केकेआर के सीईओ वेंकी मैसूर ने कहा कि रिंकू 2018 से टीम के साथ जुड़े हैं और लगातार प्लेइंग इलेवन का हिस्सा रहे हैं। इससे पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के तेज गेंदबाज यश दयाल आईपीएल 2026 से बाहर हो गए हैं। टीम के डायरेक्टर ऑफ क्रिकेट मोहम्मद बोबाट ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि यश निजी कारणों से इस सीजन में नहीं खेलेंगे। हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि खिलाड़ी अभी भी टीम के साथ कॉन्ट्रैक्ट में बने हुए हैं। यश को पिछले साल की नीलामी से पहले आरसीबी ने 5 करोड़ रुपए में रिटेन किया था। उन्होंने 2022 में गुजरात टाइटंस के साथ आईपीएल डेब्यू किया था और उसी साल टीम के साथ खिताब भी जीता था।



### 2 बार रेप के आरोप लग चुके

यश दयाल इस समय दो अलग-अलग मामलों में यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हैं। गाजियाबाद की एक महिला ने आरोप लगाया है कि दयाल ने शादी का झांसा देकर पांच साल तक उसका भावनात्मक और शारीरिक शोषण किया। इस शिकायत के बाद उनके खिलाफ रेप का मामला दर्ज हुआ। इसके अलावा जयपुर में एक नाबालिग के साथ दुष्कर्म का भी आरोप लगाया गया है। आरोप है कि दयाल ने क्रिकेट में मदद का भरोसा देकर 17 साल की लड़की के साथ 2023 में दुष्कर्म किया।

# रीइंश्योरेंस के लिए बने जियो फाइनेंशियल व एलियांज के संयुक्त उद्यम ने शुरू किया कारोबार

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** रीइंश्योरेंस के लिए बने जियो फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड और एलियांज ग्रुप के संयुक्त उद्यम एलियांज जियो रीइंश्योरेंस लिमिटेड ने भारत में अपना परिचालन शुरू कर दिया है। कंपनी को भारतीय बीमा विनियामक और विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) से 12 मार्च 2026 को अंतिम नियामकीय मंजूरी मिली थी। मुंबई स्थित यह संयुक्त उद्यम जियो फाइनेंशियल की स्थानीय पहुंच और डिजिटल नेटवर्क को एलियांज की वैश्विक अंडरराइटिंग विशेषज्ञता के साथ जोड़कर बीमा कंपनियों को जोखिम प्रबंधन क्षमता उपलब्ध कराएगा। जियो फाइनेंशियल के एमडी एवं सीईओ हितेश सेठिया ने कहा कि यह एलियांज के साथ व्यापक बीमा साझेदारी की दिशा में पहला कदम है। एलियांज के बोर्ड सदस्य क्रिस टाउनसेंड ने कहा कि यह संयुक्त उद्यम भारत के बीमा बाजार के लिए दीर्घकालिक रीइंश्योरेंस समाधान विकसित करेगा। कपनी की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार, इसकी अगुवाई सोनिया रावल करेंगी, उन्हें एलियांज जियो रीइंश्योरेंस लिमिटेड का मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। कंपनी ने बताया कि वह भारत में बीमा पहुंच बढ़ाने के लक्ष्य में योगदान देगी। इसका लक्ष्य 2047 तक 'सभी के लिए बीमा' के सरकार के उद्देश्य को पूरा करना है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच नायरा एनर्जी ने पेट्रोल पांच रुपये महंगा किया, डीजल के दाम भी बढ़ाए

एजेंसी समाचार

**नई दिल्ली।** देश की सबसे बड़ी निजी ईंधन रिटेलर कंपनियों में शामिल नायरा एनर्जी ने गुरुवार को पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी। कंपनी ने पेट्रोल के दाम में पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है।

सूत्रों के अनुसार, यह फैसला वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में हालिया तेजी के बाद लिया गया है। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के चलते अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में तेज उछाल आया है, जिसका असर अब घरेलू बाजार पर भी दिखने लगा है।

बताया जा रहा है कि 28 फरवरी के बाद से अंतरराष्ट्रीय तेल कीमतों में करीब 50 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है। इसी दौरान भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें लंबे समय से स्थिर बनी हुई थीं, जिससे ईंधन विपणन कंपनियों पर लागत का दबाव बढ़ रहा था। नायरा एनर्जी देश के कुल 1,02,075 पेट्रोल पंपों में से करीब 6,967 पंप संचालित करती है। कंपनी ने अब बढ़ी हुई लागत का कुछ हिस्सा उपभोक्ताओं पर डालने का फैसला किया है। हालांकि, इस मुद्दे पर कंपनी की ओर से आधिकारिक प्रतिक्रिया फिलहाल सामने नहीं आई है।



सूत्रों के अनुसार, रूस की रोसनेफ्ट के स्वामित्व वाली नायरा ने पेट्रोल की कीमत में पांच रुपये प्रति लीटर और डीजल की कीमत में तीन रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है, लेकिन प्रभावी वृद्धि दर राज्यों के अनुसार अलग-अलग है, जो वैट जैसे स्थानीय करों पर निर्भर करती है। कुछ स्थानों पर पेट्रोल की कीमत में 5.30 रुपये प्रति लीटर तक की वृद्धि हुई है।

वहीं रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी की संयुक्त कंपनी जियो-बीपी ने अब तक कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया है।

# पश्चिम एशिया में तनाव के बीच चिंता में बाजार, दुनिया की हालात देख निवेशक बरत रहे सतर्कता

एजेंसी समाचार

**मुंबई।** पिछले दिन बुधवार 25 मार्च को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ सेंसेक्स 1200 अंक चढ़ा, वहीं निफ्टी 23300 के पार पहुंच गया। बाजार में यह बढ़त अमेरिका-ईरान के बीच तनाव कम होने के संकेत, कच्चे तेल कीमतों में गिरावट आई जो कि सकारात्मक वैश्विक संकेतों की वजह से देखने को मिली। लेकिन जानकारों का कहना है, कि बाजार में चिंता अभी भी बनी हुई है। रामनवमी के अवसर पर गुरुवार 26 मार्च को को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्स स्टॉक एक्सचेंज बंद है, लेकिन आज से कल तक वैश्विक घटनाक्रम में क्या बदलाव आते हैं उसको लेकर बाजार सतर्क बना हुआ है। निवेशक रिस्क लेने की मूड में नहीं हैं और सतर्क होकर निवेश कर रहे हैं।

लाइवलॉन्ग वेल्थ के संस्थापक और रिसर्च एनालिस्ट हरिप्रसाद कहते हैं कि भारतीय इक्विटी बाजार में उछाल आया, बेंचमार्क इंडेक्स 1.5 प्रतिशत से अधिक चढ़े। अमेरिका और ईरान के बीच सकारात्मक घटनाक्रम की खबरों ने बाजार में उत्साह का माहौल पैदा किया। इससे वैश्विक बाजार में रिस्क ऑन रिएक्शन देखने को मिला। हालांकि सतर्क रूख अभी भी अपनाया जा रहा है। प्रसाद कहते हैं, बाजार में बढ़त का एक बड़ा कारण कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट भी रही, जिसमें कच्चे तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के निशान से नीचे आ गया।

# श्रद्धा पर भारी महंगाई : नवरात्र में फलों के दाम सातवें आसमान पर

## सेब, केला, संतरा के दामों में हुई वृद्धि, व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं का बिगाड़ा बजट

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर जिले भर में भक्ति का माहौल है, लेकिन फलाहार की बढ़ती मांग के बीच फल बाजार के तेवर कड़े हो गए हैं। प्रमुख फल मंडियों और फुटकर बाजारों में फलों के दामों में अचानक आए उछाल ने व्रत रखने वाले श्रद्धालुओं का बजट बिगाड़ दिया है। पिछले दो दिनों के भीतर फलों की कीमतों में 30 से 40 प्रतिशत तक की वृद्धि दर्ज की गई है।



बाजार में ठेले पर रखे फल

बाजार सर्वेक्षण के अनुसार, सबसे अधिक असर केले और सेब की कीमतों पर पड़ा है। नवरात्र से पूर्व जो केला 30 से 50 प्रति दर्जन बिक रहा था, वह अब शहर के मोहल्लों में 70 से 80 के भाव बिक रहा है। वहीं, गर्मी की आहट के साथ बाजार में आए खरबूजे के दाम 60 से सीधे 100 प्रति किलो के पार पहुंच गए हैं। सेब का दाम भी 120 से 200 हो गया हैं। स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि मंडी में बाहर से आने वाले माल की आवक कम है, जबकि मांग दोगुनी हो गई है। गांधी स्टेडियम रोड और छतरी चौराहे के पास फल विक्रेताओं का तर्क है कि थोक भाव बढ़ने के कारण फुटकर कीमतों में बढ़ोतरी मजबूरी है।भक्तों का कहना है कि प्रशासन को कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए बाजार की निगरानी करनी चाहिए।

नवरात्र में हर दिन ही फलों की जरूरत पड़ती हैं ऐसे में अचानक से फलों के दाम में वृद्धि कर दी गई हैं।



(सुषमा राठौर)

नवमी पर कन्या भोज के समय फलों की भी जरूरत पड़ती है। ऐसा पहली बार नहीं है हर बार हो त्यौहारों से पहले फलों के दामों में वृद्धि हो ही जाती हैं।



(कमलेश अरोरा)

# सुरक्षा, सुशासन और विकास ही प्राथमिकता: औलख

- प्रभारी मंत्री ने गिनाई सरकार की उपलब्धियां

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि राज्य मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने गुरुवार को लोक निर्माण विभाग के गेस्ट हाउस में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र व प्रदेश सरकार की उपलब्धियां गिनाईं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश ने सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। प्रभारी मंत्री ने कहा कि पिछले 9 वर्षों में सरकार ने 'अंत्योदय' के संकल्प को धरातल पर उतारा है।




प्रेस वार्ता करते प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख

उन्होंने कहा कि पहले की सरकारों में योजनाएं कागजों तक सीमित रहती थीं, लेकिन आज तकनीक के माध्यम से बिना किसी बिचौलिये के शत-प्रतिशत लाभ सीधे लाभार्थियों के खातों में पहुँच रहा है। उत्तर प्रदेश आज सुरक्षा, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक मॉडल बनकर उभरा है। जिले की कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था का उल्लेख करते हुए औलख ने बताया कि सरकार की प्राथमिकताओं में किसान सबसे ऊपर हैं। उन्होंने दावा किया कि प्रदेश सरकार ने पिछली सरकारों की तुलना में गन्ना किसानों का रिकॉर्ड भुगतान किया है। जिले के लाखों किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि का निरंतर लाभ मिल रहा है। युवाओं के लिए पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया और औद्योगिक निवेश के माध्यम से स्वरोजगार के अवसर पैदा किए गए हैं। प्रभारी मंत्री ने बुनियादी ढांचे के विकास पर जोर देते हुए कहा कि जिले में सड़कों का जाल बिछाया गया है और टाइगर रिजर्व के कारण पर्यटन की अपार संभावनाएं विकसित हुई हैं। उन्होंने मेडिकल कॉलेज और बेहतर बिजली आपूर्ति को सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा आज उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे प्रदेश के नाम से जाना जाता है और पीलीभीत की कनेक्टिविटी में भी ऐतिहासिक सुधार हुआ है। विपक्ष पर प्रहार करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का बोलबाला था, जिसके कारण विकास की गति रुकी हुई थी। भाजपा सरकार ने 'सबका साथ-सबका विकास' की नीति पर चलते हुए बिना किसी भेदभाव के हर जाति और धर्म के गरीब को आवास, शौचालय, बिजली और राशन की सुविधा उपलब्ध कराई है।

# चैत्र नवरात्रि का भव्य उत्सव संपन्न: भक्ति और संस्कारों के साथ हुआ कन्या पूजन



चैत्र नवरात्र पर कन्याओं की पूजा विद्यालय का प्रबंध तंत्र और शिक्षक

**पूरनपुर।** स्थानीय एल.आई.सी. ऑफिस रोड स्थित आर.एस.आर.डी. सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल में चैत्र नवरात्रि का पावन पर्व अत्यंत श्रद्धा और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। विद्यालय परिसर में आयोजित इस विशेष उत्सव का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष केशव, प्रबंधक हर्ष कुमार गुप्ता , सह-प्रबंधक अनुराग गुप्ता , कोषाध्यक्ष देवेश कुमार अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य सौरभ वार्ष्णेय ने माँ भगवती और माँ सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के भैया-बहनों ने मधुर स्वर में देवी स्तुति, मंत्रोच्चार और भक्तिपूर्ण भजनों की सुंदर प्रस्तुति दी, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। महाअष्टमी के पावन पर्व पर विद्यालय में भव्य कन्या पूजन का आयोजन किया गया, जिसमें नन्हीं बालिकाओं को साक्षात देवी का स्वरूप मानकर उनके पैर पखारे गए, तिलक लगाया गया और विधि-विधान से पूजन के पश्चात उन्हें हलवा, पूरी एवं चने का विशेष प्रसाद ग्रहण कराया गया। विद्यालय के शिक्षकों ने विद्यार्थियों को नवरात्रि के नौ स्वरूपों के आध्यात्मिक महत्व और नारी शक्ति के सम्मान की सीख दी।
कार्यक्रम के अंत में विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने बढ़-चढ़कर प्रसाद ग्रहण किया।

# घरों और मंदिरों में हुए हवन रामायण, विशाल भंडारा आज

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों में श्रद्धा और उल्लास का अद्भुत संगम देखने को मिला। शक्ति की उपासना के इस महापर्व पर मंदिरों द्वारा विशेष धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला तैयार की गई है, जिसमें अष्टमी तिथि पर अखंड रामायण पाठ और नवमी पर भव्य भंडारे का आयोजन मुख्य आकर्षण होगा।



अखंड रामायण पाठ का आयोजन

चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी के शुभ अवसर पर मंदिर परिसरों में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। विद्वान पंडितों और स्थानीय मंडलियों द्वारा रामायण की चौपाइयों का गायन किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया। मंदिर के मुख्य पुजारी ने बताया कि अष्टमी की रात भर चलने वाले इस पाठ का समापन नवमी की सुबह हवन और पूर्णाहूति के साथ होगा। माता रानी का विशेष श्रृंगार कर उन्हें छप्पन भोग भी अर्पित किया जाएगा। नवमी तिथि के अवसर पर कन्या पूजन के पश्चात दोपहर से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। महामतेश्वरी मंदिर समिति के अनुसार, इस वर्ष भंडारे में सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने का अनुमान है, जिसके लिए व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। प्रसाद वितरण के लिए अलग-अलग स्टॉल लगाए जाएंगे और वरिष्ठ नागरिकों व बच्चों के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। ₹महा मातेश्वरी मंदिर में हर वर्ष की भांति इस बार भी सामूहिक सहयोग से यह भव्य आयोजन हो रहा है। रामायण के पाठ से शांति और भंडारे से सेवा का संदेश जन-जन तक पहुँचाना ही कमेटी का उद्देश्य है।

### तैयारियां पूर्ण, भक्तों में उत्साह

मंदिर को गेंदे के फूलों और रंग-बिरंगी लाइटों से भव्य रूप से सजाया गया है। समिति ने अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रामायण पाठ का श्रवण करें और नवमी के दिन महाप्रसाद ग्रहण कर पुण्य के सहभागी बनें।

# बूथ स्तर पर पार्टी को मजबूत करने की रणनीति पर किया विचार



बैठक में चर्चा करते बसपाई

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** गुरुवार को बहुजन समाज पार्टी की बैठक मंडी गेस्ट हाउस में संपन्न हुई, जिसमें मुख्य अतिथि राजवीर सिंह कोऑर्डिनेटर बरेली मंडल, रामसनेही गौतम विशिष्ट अतिथि बरेली मंडल रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मुन्नालाल कश्यप ने की। जिला अध्यक्ष ने बूथ और सेक्टर कमेटी का रिव्यू करने का निर्देश दिया और समीक्षा की गई। इस दौरान शीघ्र से शीघ्र बूथ और सेक्टर की कमेटी पूरी करने का निर्देश दिया गया। कहा गया 2027 में बहुजन समाज पार्टी की ही सरकार बनने वाली है तथा आम जनता इस सरकार से ऊब गई है तथा बदलाव चाह रही है तथा इससे पहले होने वाले जिला पंचायत चुनाव की भी तैयारी करते रहे। किसी भी समय घोषणा हो सकती है। जिससे कि अधिक से अधिक अपने प्रत्याशियों को जिताना है। इस अवसर पर एल.पी.सागर पूर्व जिला अध्यक्ष, समसुल कमर मंडल कोऑर्डिनेटर, प्रदीप सागर पूर्व मंडल जॉन कोऑर्डिनेटर, मुरारी लाल सागर, पुत्तू लाल वर्मा, ललित भारती, देवेंद्र वर्मा आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने मनाई सम्राट अशोक की जयंती



सम्राट अशोक की जयंती मनाते सपाई

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी ने महान सम्राट अशोक मौर्य की जयंती समाजवादी पार्टी कार्यालय पर मनाई। कार्यक्रम की अध्यक्षता सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने की। उन्होंने सभी कार्यकताओं से सम्राट अशोक जी के आदर्शों को अपनाते हुए समाज में भाईचारा, समानता और सौहार्द को मजबूत करने को कहा।
पार्टी के उपस्थित सभी पदाधिकारिओं एवं कार्यकताओं ने सम्राट अशोक को श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन इम्तियाज अल्वी ने किया। कार्यक्रम में नफीस अहमद अंसारी, नरेन्द्र मिश्रा कट्टर,हाजी अकबर अहमद अंसारी,गयासुद्दीन मंसूरी,रमेश राजा,महेश पटेल,धनपति वर्मा एडवोकेट,संदीप सक्सेना,संजय सिंह यादव,जगदीश पटेल,मो.अली,निरंजन कुमार गंगवार,राहुल कश्यप,रामवीर कश्यप,निशान अहमद, अभी कुमार,अरुण कुमार,मानवेंद्र सिंह यादव,शरद यादव,शरफुद्दीन नूरी,पुनीत मौर्य,सुरेश चंद्र, महेश कुमार वर्मा,जगदीश लोधी,ऋषिपाल वर्मा,अरमान अली आदि लोग उपस्थित थे।

# देवी स्थान मंदिर में महाअष्टमी पर हुआ हवन आज सजेगा विशाल भंडारा

**पूरनपुर।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर नगर के ऐतिहासिक देवी स्थान मंदिर में भक्ति और श्रद्धा का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। महाअष्टमी के शुभ अवसर पर मंदिर परिसर में विधि-विधान के साथ हवन-पूजन संपन्न हुआ, जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने आहुति देकर सुख-समृद्धि की कामना की। अष्टमी की पूर्व संध्या से ही मंदिर में अखंड रामायण पाठ का सस्वर शुभारंभ किया गया, जिससे संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया है। रामायण की चौपाइयों और माता के जयकारों से क्षेत्र गूंज उठा है। मंदिर समिति ने बताया कि नवमी तिथि के उपलक्ष्य में शुक्रवार को कन्या पूजन के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।
भंडारे की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और दोपहर से ही भक्तों के लिए महाप्रसाद का वितरण शुरू हो जाएगा। मंदिर को आकर्षक फूलों और रोशनी से सजाया गया है। समिति के सेवादारों ने सभी नगरवासियों से इस धार्मिक अनुष्ठान में सम्मिलित होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए मंदिर परिसर में स्वयंसेवक भी तैनात किए गए हैं।

# ट्रायल में खिलाड़ियों ने दिखाया क्रिकेट कौशल

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** अंडर-14 हॉस्टल ट्रायल का आयोजन गांधी स्टेडियम में किया गया। प्रारंभिक चरण में बच्चों का फिजिकल ट्रायल लिया गया, जिसके पश्चात क्रिकेट कौशल का परीक्षण किया गया। इस ट्रायल का संचालन वेटरेन्स क्रिकेट संघ के सचिव एवं वरिष्ठ खिलाड़ी जगदीश सक्सेना द्वारा किया गया।
कौशल परीक्षण में मोहम्मद हनन रजा खान और दिव्यांशु तिवारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और दोनों खिलाड़ियों का चयन मंडल स्तरीय प्रतियोगिता हेतु किया गया। जगदीश सक्सेना ने बताया कि हनन रजा खान ने एक बेहतर गेंदबाज के रूप में सटीक लाइन और लेंथ के साथ गेंदबाजी की, जबकि दिव्यांशु तिवारी ने एक सक्षम ऑलराउंडर के रूप में अपनी बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों से प्रभावित किया। उप जिला क्रीड़ा अधिकारी जयवीर सिंह ने दोनों खिलाड़ियों को चयन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। इस ट्रायल के सफल आयोजन से क्रिकेट प्रतिभाओं को मंडल स्तर पर अपनी क्षमता प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा।



क्रिकेट का ट्रायल देते खिलाड़ी





# भाजपाई अनुशासन! प्रभारी मंत्री को नहीं पता उनके नगर अध्यक्ष ने दिया था धरना खुद के सरकारी वाहन पर २ हजार का चालान, सवालों पर बंद करवा देते कैमरे

- सिर्फ उपलब्धियों का किया बखान, प्रमुख घटनाओं से अंजान
- प्रभारी मंत्री ने तीन महीने बाद भी नहीं चुकाया सरकारी वाहन का चालान

जागरण मोर्चा कार्यालय

**पीलीभीत।** जनपद के प्रभारी मंत्री को जनपद की उन घटनाओं के बारे में भी जानकारी नहीं है जो हाल ही में सर्वाधिक चर्चा में रहीं हैं। आपको बता दें गुरुवार को शहर के पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनपद के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख का दौरा था। इस दौरान उन्होंने पार्टी कार्यकताओं और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की।
बैठक के उपरांत प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। प्रेस वार्ता में पहले तो मंत्री जी अपने सरकार की उपलब्धियों की गाथा को सुनाते रहे। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां बताने में कोई कसर नहीं छोड़ी। मीडिया कर्मियों द्वारा जब मंत्री जी से प्रश्न किए गए तो हर प्रश्न पर वह यह कहकर टालते रहे कि यह पास में हमारे नए जिला अध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य बैठे हैं, यह इसको देखेंगे। मंत्री जी शायद यह भूल गए कि इस जनपद के प्रभारी मंत्री वह है ना कि जिला अध्यक्ष। इस दौरान एक वरिष्ठ मीडिया कर्मी ने जब मंत्री जी से प्रश्न किया कि भाजपा जहां एक ओर अनुशासन की बात करती हैं वहीं उसकी सरकार में उसकी पार्टी के ही नगर अध्यक्ष इंद्रेश चौहान थाने में 4 घंटे धरने पर जमीन पर बैठे रहे और अभी तक भी वह मांग पूरी नहीं हो सकी जिसके लिए उन्होंने 4 घंटे धरना दिया। इस प्रश्न पर मंत्री जी अपनी बगलें झांकने लगे और कोई उचित जवाब नहीं दे सके। दूसरा प्रश्न मंत्री जी से जब डीआईओएस ऑफिस में तैनात चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी इल्हाम शम्सी के द्वारा किए गए करोड़ों के गबन को लेकर किया गया तो मंत्री जी ने यह कह कर टाल दिया कि मुझे इस प्रकरण की कोई जानकारी नहीं है।
आपको बता दें यह दोनों ही प्रकरण वह हैं जो बीते दिनों पूर्व पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय रहे हैं। यह घोटाला सरकारी धन के गबन का है। भाजपा की सरकार को 50 करोड़ से अधिक का चूना लगाने वाला चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी आज भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, और मंत्री जी का कहना कि मुझे तो इस बारे में कोई जानकारी ही नहीं है, यह और भी शर्मनाक हैं। अब प्रश्न मंत्री जी से इतना ही है कि यह दोनों ही घटनाएं भाजपा की छवि को धूमिल करने के लिए बहुत दुर्भाग्यपूर्ण रहीं हैं, और उससे भी दुर्भाग्यपूर्ण मंत्री जी का वह जवाब कि मुझे कुछ पता ही नहीं। या तो शायद प्रभारी मंत्री सिर्फ नाम के लिए जनपद के प्रभारी मंत्री हैं या फिर वह सब जानते हुए भी अपनी पार्टी की होती हुई फजीहत पर चुप्पी साधना उचित समझते हैं। क्योंकि यह फजीहत उनकी ही पार्टी के नगर अध्यक्ष ने की और उनकी ही सरकार में उनके विभागीय कर्मचारियों द्वारा की गई। शायद भाजपा का अनुशासन सिर्फ चंद लोगों को सबक सिखाने तक ही सीमित है। शायद भाजपाई अपने पार्टी के पदाधिकारियों के कृत्यों को जानते हुए भी सिर्फ मौन रहना ही उचित समझते हैं। एक जनपद के प्रभारी मंत्री का हर प्रश्न पर यह कह देना कि मुझे कुछ पता ही नहीं तो शायद या तो मंत्री जी लोकतंत्र की चतुर्थ आवाज को सुनना पसंद नहीं करते या फिर भाजपाई सत्ता की हनक सिर चढ़कर बोल रही हैं। सत्ता की हनक का तो आलम यह है कि खुद ही मंत्री प्रेसवार्ता बुलाते हैं और उपलब्धियों का बखान करते हैं, पर जब उनसे प्रश्न किया जाए तो कैमरे बंद करवाने का आदेश देते हैं।




सवालों पर चेहरे ताकते प्रभारी मंत्री, प्रभारी मंत्री के सरकारी वाहन पर दो हजार रुपए का चालान लंबित

### मंत्री की सरकारी कार पर दो हजार का चालान

भाजपा के अनुशासन की दुहाई देने वाले मंत्री बलदेव सिंह औलख के सरकारी चार पहिया वाहन पर 2000 रुपए का चालान बीते दिसंबर माह से लंबित हैं। यह चालान सीमित गति से तेज वाहन दौड़ाने का हैं। मंत्री जी अब बाद में अपनी सफाई को भले ही कितना कुछ कह दें पर उन्हें इस व्यवस्था पर भी विचार करना चाहिए कि कई बार व्यक्ति मजबूरन वाहन को तेज चलाने पर विवश होता हैं चाहे कारण कोई भी हो। लेकिन अनुशासन के दावों की हकीकत यह है कि एक समृद्ध मंत्री अपनी सत्ता के गुमान में 3 माह बीत जाने के बाद भी चालान की धनराशि जमा करवाना उचित नहीं समझता। यही यदि किसी आम नागरिक का चालान होता तो वह न्यायालय के चक्कर काट रहा होता।

# एचपीसीएल अफसरों की हत्या के बाद भी एसडीएम नहीं कर रहे कठोर कार्रवाई

## सब कुछ जानकारी के बाद भी तमाम जमीन व बंजर पर अभी भी अवैध कब्जा

- अखबार की सुर्खियां बना तो आरोपी अजय के ताऊ का फार्म हाउस किया सील
- अखबार बता रहे कहां है आरोपियों का अवैध कब्जा एसडीएम बन रहे अनजान


एचपीसीएल एल प्लांट के बाहर खड़े सुरक्षा कर्मी

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** मूसाझाग थाना क्षेत्र के गांव सैंजनी स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को दो अफसरों की हत्या के बाद शासन सख्त हुआ तो आरोपी व उसके परिवार की भूमिका खंगालने के निर्देश जिला प्रशासन को मिले. इसके बाद दातागंज एसडीएम धर्मेन्द्र कुमार सिंह को इसका जिम्मा सौंप दिया गया. जबकि आरोपियों को अवैध कब्जा उन्हीं के समय हुआ हैं। जब कब्जा हुआ तो तमाम लोगों ने शिकायत कीं लेकिन भाजपा के एक नेता के इशारे पर कार्रवाई नहीं हुई। इसी खुली छूट ने दो अधिकारियों की हत्या करा डाली।

हत्या की वारदात का मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह जेल में है। उसके परिजनों और मददगारों पर कार्रवाई तब की जा रही हैं जब अखबारों में बताया जाता हैं की आरोपी का किस जमीन व मकान पर अवैध निर्माण व कब्जा हैं. जबकि एसडीएम को सब कुछ जानकारी के वाद भी ठोस कदम नहीं उठाया जा रहा है।

इसी क्रम में बुधवार को आरोपी के ताऊ का फार्म हाउस तब सील किया गया, जब सुबह ही अखबारों की सुर्खियों में इसका खुलासा हुआ।

बदायूं में एचपीसीएल प्लांट के दो अफसरों की हत्या के मामले में प्रशासनिक कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में मुख्य हत्यारोपी अजय प्रताप सिंह के ताऊ राकेश सिंह के अवैध रूप से बने फार्म हाउस को दातागंज तहसील प्रशासन ने बुधवार को सील कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह फार्म हाउस गांव के बाहर करीब आधा बीघा जमीन पर निर्मित था। जांच में सामने आया है कि जिस जमीन पर फार्म हाउस बनाया गया, वो एक सिख परिवार की बताई जा रही है, जो करीब 10 वर्ष पूर्व गांव छोड़कर कनाडा में जाकर बस गया था। आरोप है कि इसी जमीन पर अवैध कब्जा कर निर्माण कराया गया था। तहसील प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करते हुए फार्म हाउस को सील कर दिया और पूरे प्रकरण की गहन जांच शुरू कर दी है। प्रशासन अब जमीन के स्वामित्व और कब्जे से जुड़े दस्तावेजों की भी पड़ताल कर रहा है। एसडीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि अवैध कब्जे और निर्माण के मामले में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

गौरतलब है कि एचपीसीएल प्लांट में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद से आरोपी और उससे जुड़े लोगों पर प्रशासन की सख्त नजर बनी हुई है और लगातार कार्रवाई की जा रही है। इससे पूर्व आरोपी अजय और उसके ताऊ की अवैध दुकानों को भी ध्वस्त किया जा चुका है। राकेश सिंह की 27 दुकानों को सील किया गया है।

### प्लांट में 12 मार्च को हुई थी दो अफसरों की हत्या

मूसाझाग थाना क्षेत्र के सैंजनी गांव स्थित एचपीसीएल प्लांट में 12 मार्च को मीटिंग कक्ष में दो अफसर सुधीर गुप्ता व हर्षित मिश्रा की हत्या कर दी थी। इस वारदात के मुख्य आरोपी अजय प्रताप सिंह को जेल भेजा जा चुका है। साथ ही वारदात में साजिश रचने के आरोप में प्लांट के एक ड्राइवर व ऑपरेटर को भी जेल भेजा गया है। शासन स्तर से गठित एसआईटी घटना की जांच कर रही है। वहीं पुलिस भी जांच में जुटी हुई है। पूर्व सांसद प्रतिनिधि ने बताई अजय व उसके ताऊ की हकीकत दोहरे हत्याकांड के मामले में एक नया खुलासा सामने आया है। दातागंज क्षेत्र के रहने वाले भाजपा नेता व पूर्व सांसद प्रतिनिधि विनोद राठौर का एक वीडियो मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें उनके द्वारा सैजनी गांव निवासी आरोपी अजय प्रताप सिंह व उसके ताऊ राकेश सिंह समेत अन्य परिजनों पर गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं। उनका कहना है कि इस परिवार ने हर गलत काम किया है। जमीनों पर कब्जा करना, हत्या, दबंगई के चलते इनके खिलाफ कोई बोलता नहीं था। इनके द्वारा आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग पुलिस-प्रशासन से की गई है। बता दें कि भाजपा नेता को आरोपी अजय के परिजनों ने कुछ दिन पहले जान से मारने की धमकी दी थी। इसका वीडियो इस समय सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हालांकि संवाद न्यूज एजेंसी ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता है।

# सड़क पर ईंट का रोड़ा डालकर इंटरलाकिंग कराना भूले जिम्मेदार

- कई माह से आधा-अधूरा पड़ा निर्माण कार्य पूरा न होने से लोगों में रोष
- ग्रामीणों को आवागमन में हो रही दिक्कत, अफसरों से शिकायत


सड़क पर रोड़ा डालकर भूल गए जिम्मेदार

**पूरनपुर।** इंटरलाकिंग के लिए रास्ते के नाली निर्माण कराकर कई जगह ईंट का रोड़ा डाल दिया गया लेकिन तीन माह बीतने के बाद अब तक इंटरलाकिंग का कार्य शुरू नहीं किया गया है। रास्ते में पड़ा रोड़ा ग्रामीणों के आवागमन में बाधा बन रहा है। जिम्मेदारों के ध्यान न देने से ग्रामीणों में रोष है। उन्होंने अधिकारियों से शिकायत कर इंटरलाकिंग का निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है।

आकांक्षी ब्लाक पूरनपुर की ग्राम पंचायत उदयपुर खुर्द में विकास कार्य कराने में जमकर मनमानी और लापरवाही की जा रही है। ग्रामीणों की मांग पर रेलवे फाटक से मुकुट के घर तक इंटरलाकिंग का कार्य तीन माह पहले शुरू किया गया। इससे ग्रामीणों को खुशी हुई कि रास्ता बनने से आवागमन सुगम होगा। ग्राम प्रधान द्वारा ठेकेदार के माध्यम से रास्ते के दोनों किनारों पर सपोर्ट के लिए दीवार और नाली का निर्माण करा दिया गया। यही नहीं पूरे रास्ते पर कई जगहों पर ईंट का रोड़ा भी डाल दिया गया। आरोप है कि इसके बाद निर्माण कार्य बंद कर दिया गया। ग्रामीणों ने कई बार जिम्मेदारों से निमार्णाधीन इंटरलाकिंग का कार्य पूरा कराने की मांग की लेकिनु सुनवाई नहीं हुई। इससे नाराज ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की। इसमें कहा कि रास्ते पर इंटरलाकिंग का आधा-अधूरा कार्य छोड़कर जिम्मेदारों ने ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाने के बजाए दुर्गम कर दिया है। कई जगह ईंट का रोड़ा पड़ा होने से लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शिकायती पत्र में रास्ते पर पड़े ईंट के रोड़े को बिछवाकर इंटरलाकिंग कराने की मांग की है। पत्र देने वालों में राजीव कुमार, अशोक कुमार, बाबा महेंद्रदास, राजगुरू पांडेय आदि शामिल रहे।

> **ग्राम पंचायत के सरकारी स्कूल में शौचालय न होने से बच्चों को शौच के लिए खेतों की तरफ जाना पड़ता है। स्कूल में शौचालय का निर्माण कार्य चल रहा है जो अंतिम चरण में हैं। यह कार्य पूरा होते ही निमार्णाधीन इंटरलाकिंग का कार्य शुरू करा दिया जाएगा।**
>
> रामकिशोर योगी
> प्रधानपति, उदयपुर खुर्द

# हत्या कर गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास में फेंका गया युवक का शव, नहीं हुई पहचान

- बुधवार देर शाम इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गंगा एक्सप्रेस के पास सिर कुचला मिला था शव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**बदायूं।** इस्लामनगर थाना क्षेत्र के गांव कपरोल के पास गंगा एक्सप्रेसवे के अंडरपास में बुधवार को युवक का क्षत विक्षत शव मिला। उसके चेहरे पर चोट के गंभीर निशान मिले हैं। चेहरा कुचला गया है। युवक की हत्या की आशंका जताई जा रही है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर करीब चार बजे राहगीरों ने अंडरपास के अंदर युवक का शव पड़ा देखा, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए लेकिन उसके बारे में पता नहीं लग सका।

थानाध्यक्ष इस्लामनगर उदयवीर सिंह ने बताया कि युवक के चेहरे पर गंभीर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट हो रहा है कि उसकी हत्या की गई है। आशंका जताई जा रही है कि वारदात को कहीं और अंजाम देने के बाद शव को सुनसान स्थान देखकर अंडरपास में फेंक दिया गया, ताकि पहचान छिपाई जा सके।

### घटनास्थल पर मिली शराब की बोतलें

घटनास्थल से शराब की बोतलें और पानी की बोतलें भी बरामद हुई हैं, जिससे यह संकेत मिल रहे हैं कि घटना से पहले वहां कुछ लोग मौजूद थे।
पुलिस इस पहलू को भी गंभीरता से जांच रही है। घटना की सूचना मिलते ही एसपी देहात हृदेश कठेरिया और सीओ बिल्सी केके तिवारी ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

फील्ड यूनिट टीम ने भी मौके से साक्ष्य जुटाए हैं। एसपी ग्रामीण ने बताया कि पुलिस आसपास के थानों से संपर्क कर युवक की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है। साथ ही, वारदात के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगाई गई हैं, जो अलग-अलग एंगल से जांच कर रही हैं।

# समाजवादी पार्टी कार्यालय पर होली व ईद मिलन का भव्य आयोजन किया गया

जागरण मोर्चा कार्यालय


होली मिलन समारोह में मौजूद विधायक अताउल रहमान

**बहेड़ी।** इस होली व ईद मिलन समारोह में विधायक अता उर रहमान ने सभी से गले मिलकर ईद एवं होली की बधाई और शुभकामनाएं दीं और सभी क्षेत्र वासियों से प्रेम और सौहार्द के साथ एकता बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि बहेड़ी की जिम्मेदार जनता ने अब तक क्षेत्र में जो भाई चारे का माहौल बनाकर रखा है उसे कभी बिगड़ने नही देंगे सभी धर्मों और जातियों को एक साथ रहकर ही बहेड़ी का सर्वांगीण विकास किया जा सकता है और हम सभी धर्म व जातियों का सम्मान करते रहेंगे ।

होली व ईद मिलन समारोह में जहां लोगों ने एक तरफ सिवइयों का स्वाद लिया वही दूसरी तरफ गुजियों का भी मजा उठाया इस सौहार्द पूर्ण माहौल में लोगो ने संकल्प लिया कि पी डी ए के महानायक राष्ट्रीय अध्यक्ष मा अखिलेश यादव को 2027 में मुख्यमंत्री बनाना है और बहेड़ी की एकता के प्रतीक मा अताउर रहमान साहब को 50 हजार वोटों की जीत के साथ विधायक बनाना है।

इस होली व ईद मिलन समारोह में दम खोदा ब्लॉक के पूर्व प्रमुख हाजी वफा उर रहमान ,विधानसभा अध्यक्ष नासिर रजा खां,कोषाध्यक्ष हर स्वरूप मौर्य, ,शिक्षक सभा के विधानसभा अध्यक्ष आचार्य देव कुमार मौर्य , ने भी अपने अपने विचार रखे ।

इस मौके पर मुख्य रूप से ज़िला उपाध्यक्ष चौधरी विजेंद्र सिंह नगर प्रभारी नसीम उर रहमान ,ज़िला पंचायत सदस्य डॉ , ब्रह्म स्वरूप सागर,कमरुद्दीन सैफी , जिला पंचायत सदस्य पति इकबाल सिंह चीमा नगर अध्यक्ष लईक चांदनी, अख्लाक अहमद नेता जी, विधानसभा महासचिव हाशिम अली, जिला सचिव पीर मोहम्मद, जिला सदस्य भजन लाल मौर्य, अजय पाल मौर्य, तुला राम मौर्य, सोनू मौर्य, राजू मौर्य,संतोष मौर्य, सौरभ मौर्य, जितेंद्र मौर्य,सिद्धार्थ शर्मा, चौधरी अमित सिंह, चौधरी सुखवीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह नेता जी, महेंद्र सक्सेना, केदार सक्सेना, कामिल चेयरमैन, अयाज प्रधान, नसीम मलिक, अनवार मलिक सुखविंदर सिंह, सरदार हरपाल सिंह, सरदार सतनाम सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, सरदार चरनजीत सिंह, सरदार सतनाम सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य,नगर मीडिया प्रभारी फरीद अंसारी, राम अवतार श्रीवास्तव,नगर महासचिव फैजुल इस्लाम, तस्लीम ठेकेदार शकील रजा फास्ट, इमरान रजा सिद्दीकी, असलम खान , रिजवान शानू, इमरान खान उर्फ चंदन, चंदा मेम्बर नसीम मेम्बर, मो, हसन जाफरी मेंबर साहब, तस्कील मियां मेंबर साहब, वाहिद खां मेंबर साहब, सभासद इरफान अंसारी, तय्यब प्रधान ,डॉ, जय सिंह सागर, हरीश सागर, घन श्याम दास जाटव, लक्की पाल, देवदत्त पाल इनके अलावा भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

इस मौके पर भाजपा छोड़कर कश्यप समाज बा मौर्य समाज के दर्जन लोगों ने समाजवादी पार्टी की सदस्यता ली जिसमे कश्यप समाज की गंगाराम कश्यप नंदराम कश्यप चंद्र सिंह कश्यप धर्मपाल कश्यप मुन्नालाल कश्यप हरीश कुमार कश्यप राजेश कुमार कश्यप ललित कुमार कश्यप मौर्य समाज के मनोहर लाल मौर्य आदि मौजूद रहे।

## मां महागौरी अष्टमी पर उमड़ी आस्था, मंदिरों में लगी भक्तों की भीड़

**शाहजहांपुर।** चैत्र नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी अष्टमी का पर्व जिले भर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं, जहां श्रद्धालुओं ने मां गौरी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर प्रसाद चढ़ाया। घरों में भी महिलाओं ने पूजा और हवन कर माता का आशीर्वाद लिया। कई स्थानों पर कन्या भोज का आयोजन किया गया, जहां छोटी कन्याओं को भोजन कराकर व्रत संपन्न किया गया। कन्याओं को अंग वस्त्र, बर्तन, फल आदि भेंट कर सम्मानित किया गया। कन्या भोज में कहीं हलवा-पूरी, तो कहीं हलवा-चना और दही-जलेबी का प्रसाद वितरित किया गया। मंदिरों में देवी गीतों की गूंज रही, वहीं घरों में महिलाओं ने ढोलक की थाप पर भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया।

# शादी का झांसा देकर एक साल तक दुष्कर्म

- मुकदमा दर्ज होते ही आरोपी पक्ष ने बनाया शादी का दबाव

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** रोजा जंक्शन थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी निवासी किशोरी ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया है कि कॉलोनी के रहने वाले आशीष सिंह ने शादी का झांसा देकर करीब एक साल तक उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के अनुसार आरोपी उसे दिल्ली सहित अन्य जगहों पर भी ले गया और घर पर भी शारीरिक शोषण करता रहा। जब पीड़िता ने शादी की बात कही तो आरोपी ने इनकार कर दिया और मारपीट करने लगा। इसके बाद पीड़िता ने रोजा जंक्शन थाने में मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया। आरोप है कि मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी ने अपना मोबाइल नंबर बंद कर लिया ताकि पीड़िता संपर्क न कर सके। वहीं, मुकदमा दर्ज होने के बाद आरोपी के परिजन शादी के लिए तैयार हो गए और पीड़िता पर दबाव बनाने लगे।
जब यह प्रस्ताव थाने पहुंचा तो कोतवाल प्रभारी ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा कि जब पीड़िता पहले शादी की बात कर रही थी, तब क्यों नहीं माने, अब मुकदमा दर्ज होने के बाद शादी की बात करना उचित नहीं है। पीड़िता ने साफ कहा है कि अब वह शादी नहीं करेगी और कानूनी कार्रवाई जारी रखेगी। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## 31 मार्च तक जमा करें गृहकर-जलकर

जागरण मोर्चा कार्यालय

**शाहजहांपुर।** नगर निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपना बकाया गृहकर और जलकर 31 मार्च 2026 से पहले हर हाल में जमा कर दें। नगर निगम कार्यालय अब आम दिनों की तरह ही अवकाश और रविवार को भी खुला रहेगा, ताकि करदाताओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। नगर निगम की ओर से जारी सूचना के अनुसार, जिन भवन स्वामियों ने अभी तक कर जमा नहीं किया है, वे समय रहते भुगतान कर दें। 1 अप्रैल से बकाया राशि पर 12 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज लगाया जाएगा। इसलिए नागरिकों से समय पर कर जमा करने का अनुरोध किया गया है।

# सरकारी स्कूलों में शिक्षा सत्र बीता, विभाग भर नहीं पाया एआरपी के खाली पद

- पूरनपुर बीआरसी पर तीन पदों पर नहीं हो सकी नियुक्ति, शिक्षा गुणवत्ता पर पड़ा प्रभाव
- पूरे सत्र एआरपी के पद रिक्त होने से शिक्षकों को भी नहीं मिल सका मार्गदर्शन

प्रदीप शर्मा

**पूरनपुर।** परिषदीय स्कूलों का शैक्षिक सत्र समाप्ति की ओर है। एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र की शुरूआत हो जाएगी लेकिन बीआरसी पर अब तक एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) के तीन पद खाली हैं। इसका सीधा असर परिषदीय स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों पर पड़ा क्योंकि स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को मार्गदर्शन नहीं मिल सका। ऐसे में बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता कैसे मजबूत रही होगी। इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों के बच्चों के शैक्षिक संवर्धन के लिए जिले की सभी बीआरसी पर एआरपी की तैनाती होती है। पूरनपुर बीआरसी की बात करें तो यहां पांच पदों हिन्दी, गणित, अंग्रेजी, विज्ञान और सामाजिक विज्ञान के लिए एआरपी की तैनाती होनी थी। चयन प्रक्रिया के बाद बीआरसी को दो एआरपी ही मिल सके वह भी आधा शैक्षिक सत्र बीतने के बाद। यह दोनों एआरपी विज्ञान और गणित विषय के बताए गए लेकिन अन्य तीन पदों पर अब तक नियुक्ति नहीं हो सकी है जबकि शैक्षिक सत्र समाप्ति की तरफ है और एक अप्रैल से नए शैक्षिक सत्र शुरू हो जाएगा। माना जा रहा है कि एआरपी के पद रिक्त होने का सीधा असर परिषदीय विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों की शिक्षा गुणवत्ता पर पडा। वहीं शिक्षकों को भी शैक्षणिक मार्गदर्शन नहीं मिल पाया। कुछ शिक्षकों की मांग है कि जल्द एआरपी की तैनाती हो जाए तो पांच दिन बाद शुरू होने वाले शैक्षिक सत्र 2026-27 में बच्चों की बुनियादी शैक्षणिक स्थिति मजबूत होगी। अगर ऐसा नहीं हो सका तो कमजोर रह सकती है।

### एआरपी की ये होती है जिम्मेदारी

बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों के बच्चों की शैक्षिक गुणवत्ता मजबूत करने में एआरपी की अहम भूमिका होती है। उनके द्वारा शिक्षकों को शैक्षणिक मार्गदर्शन देने, कक्षा शिक्षण की गुणवत्ता सुधारने, निपुण भारत अभियान की मॉनिटरिंग करने कमजोर छात्रों की पहचान कर सुधारात्मक कार्य कराने का आदि का जिम्मा होता है। एआरपी के अभाव में शिक्षकों को नवीन शिक्षण विधियों, पाठ्यक्रम की प्रभावी योजना और मूल्यांकन संबंधी सहयोग नहीं मिल पाता। इसका असर सीधे बच्चों की सीखने की प्रक्रिया पर भी पड़ता है।

> शैक्षिक संवर्धन के लिए जिले में 40 एआरपी नियुक्त किए जाते हैं। नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने के बाद जिले में कुछ पद रिक्त हैं दो विषय के एआरपी नियुक्त हैं। एआरपी के रिक्त पदों को जल्द भरा जाएगा।
>
> रोशनी सिंह
> बीएसए, पीलीभीत

## हाइवे पर 23 भैंसों से लदी डीसीएम पकड़ी तीन आरोपी गिरफ्तार

**तिलहर (शाहजहांपुर)।** हाइवे पर अवैध रूप से और क्रूरता के साथ भैंसों को ले जा रही एक डीसीएम को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। वाहन में कुल 23 भैंस (20 भैंस और 3 पड़वा) ठूंस-ठूंसकर भरे गए थे। कोतवाली पुलिस के अनुसार, बुधवार रात नगरिया मोड़ चौकी प्रभारी अनुज चैधरी ने टीम के साथ हाइवे पर बैरियर लगाकर चेकिंग शुरू की। इसी दौरान बरेली की ओर से आ रही डीसीएम (संख्या यूपी 25 एचटी 2746) को रोककर तलाशी ली गई, जिसमें पशुओं को अमानवीय तरीके से भरा पाया गया। पुलिस ने सभी पशुओं को वाहन से उतरवाकर उन्हें पानी पिलवाया और पशु चिकित्सक से उनका परीक्षण कराया।
मामले में चालक इकबाल, नन्हे खां और इस्लाम के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे सीतापुर के खैराबाद से पशु खरीदकर बरेली के बूचड़खाने ले जा रहे थे। डीसीएम के कागजात न दिखा पाने के कारण पुलिस ने वाहन को सीज कर दिया है।

# जापान में गूंजी भारत की बेटी वॉटर वूमेन शिप्रा पाठक की आवाज

## गुरुकुल आधारित नैतिक शिक्षा को बताया स्थायी विकास की कुंजी, वैश्विक मंच से दिया भारत का संदेश

जागरण मोर्चा कार्यालय



जापान में कार्यक्रम के बाद खुश दिखतीं वाटर बुमन शिप्रा व अन्य जापानी

**बदायूं।** भारत की बेटी और प्रसिद्ध ह्वॉटर वूमेनह्व शिप्रा पाठक ने जापान में आयोजित कार्यक्रम के अंतरराष्ट्रीय मंच से शिक्षा, स्थायी विकास और सामाजिक न्याय के बीच गहरे संबंध को रेखांकित करते हुए दुनिया को एक संतुलित भविष्य की दिशा में सोचने का आह्वान किया। उनका संबोधन न केवल प्रभावशाली रहा, बल्कि भारतीय शिक्षा दर्शन की वैश्विक प्रतिष्ठा को भी नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला साबित हुआ।

जनपद के दातागंज क्षेत्र की मूल निवासी शिप्रा पाठक ने अपने वक्तव्य में भारत की प्राचीन गुरुकुल परंपरा का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल शिक्षा प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन निर्माण की समग्र प्रक्रिया थी।

उन्होंने जोर देकर कहा कि गुरुकुल में शिक्षा का उद्देश्य केवल करियर बनाना नहीं, बल्कि एक जिम्मेदार, संवेदनशील और संतुलित व्यक्ति का निर्माण करना था।

उन्होंने बताया कि इस प्रणाली में अनुशासन, सेवा, सहयोग, प्रकृति के प्रति सम्मान और नैतिक मूल्यों का समावेश स्वाभाविक रूप से होता था—जो आज के वैश्विक संकटों के समाधान में अत्यंत प्रासंगिक है।

शिप्रा पाठक ने वर्तमान शिक्षा प्रणाली पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा कि आज का विद्यार्थी अंकों और प्रतिस्पर्धा के बोझ तले दबा हुआ है। उन्होंने चेताया कि शिक्षा का यह स्वरूप युवाओं को मानसिक तनाव और अवसाद की ओर धकेल रहा है। उनके अनुसार, यह स्पष्ट संकेत है कि शिक्षा अधूरी है और इसमें मानवीय मूल्यों का समावेश अनिवार्य है।

उन्होंने प्रस्ताव रखा कि कम से कम 10% अंक ऐसे मानकों के लिए निर्धारित किए जाएं, जो विद्यार्थी के नैतिक और सामाजिक पक्ष को दशार्ते हों।

इससे शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन न होकर व्यक्तित्व विकास भी बनेगा।

### 15 हजार किमी पदयात्रा 55 लाख पौधे—जमीन से जुड़ा अनुभव

अपने प्रेरणादायक अनुभव साझा करते हुए शिप्रा पाठक ने बताया कि उन्होंने देशभर में 15,000 किलोमीटर की पदयात्रा की और इस दौरान 55 लाख पौधारोपण का अभियान चलाया।

उन्होंने कहा कि जब शिक्षा को प्रकृति और समाज से जोड़ा जाता है, तभी उसका प्रभाव गहरा और स्थायी होता है।

उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को शिक्षा का अनिवार्य हिस्सा बनाने की जोरदार वकालत की।

### भारत से विश्व को संदेश: शिक्षा का असली उद्देश्य

*अपने संबोधन के अंत में शिप्रा पाठक ने स्पष्ट कहा कि यदि दुनिया को वास्तव में न्यायपूर्ण और स्थायी विकास की दिशा में आगे बढ़ना है, तो शिक्षा में भारतीय गुरुकुल परंपरा के नैतिक मूल्यों को अपनाना होगा।*

### उन्होंने कहा—

*शिक्षा का उद्देश्य केवल अंक प्राप्त करना नहीं, बल्कि जीवन को समझना और समाज को बेहतर बनाना है।*

### ऐतिहासिक क्षण

*जापान की धरती पर गूंजी यह आवाज न केवल एक भारतीय बेटी की उपलब्धि है, बल्कि यह भारत की सांस्कृतिक और शैक्षिक विरासत का वैश्विक स्वीकार भी है।*
*शिप्रा पाठक का यह संदेश आने वाले समय में शिक्षा प्रणाली को नई दिशा देने वाला साबित हो सकता है।*




## 17 वर्षीय किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**आलमबाग।** कोतवाली इलाके में रहने वाली एक 17 वर्षीय किशोरी मंगलवार को लापता हो गई। आलमबाग कोतवाली इलाके स्थित ओमनगर भिलांवा निवासी रीता गुप्ता पुत्री राम हरख गुप्ता ने बताया बीते 24 मार्च की सुबह उनकी 17 वर्षीय पुत्री मोहिनी गुप्ता घर से बिना किसी को बताये लापता हो गई। जिसकी जानकारी होने पर उन्होंने अज्ञात युवक पर पुत्री को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की आशंका जता स्थानीय आलमबाग कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार लापता किशोरी की माँ की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर लापता किशोरी की तलाश की जा रही है।

## पिता की आवाज बना कालर ने सेवानिवृत्त सूबेदार के बेटे से ठगे 75 हजार रुपए, केस दर्ज

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**आलमबाग।** आशियाना थाना क्षेत्र मे रहने वाले एक सेवानिवृत सुबेदार के बेटे को निशाना बना साइबर जालसाजों ने क्यूआर भेज आनलाइन 75 हजार रुपए ठग हडप लिये। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित रतन खण्ड, शारदा नगर निवासी सेवानिवृत्त सूबेदार राम कुमार सिंह ने बताया वह आईसीआईसीआई बैंक के खाताधारक हैं। बीते 3 जनवरी की शाम एक कॉलर ने उनके बेटे को फोन कर खुद को दिल्ली हाई कोर्ट का अधिवक्ता अनिल सिंह चौहान के रूप मे देते हुए कॉलर ने उनके बेटे से उनका अच्छा दोस्त और कोर्ट मे उनका केस देखने की बात कह होली के त्योहार का हवाला देते हुए कुछ पैसों की जरूरत बता यूपीआई पेमेंट के लिए एक बारकोड भेज 75 हजार रुपये तत्काल भेजने की बात कह आश्वासन दिया कि बाकी पैसे बाद में वह पिता राम कुमार सिंह से ले लिए जाएंगे। इसी दौरान एक अन्य साथी ने फोन पर पिता राम कुमार सिंह की आवाज की नकल करते हुए बेटे से पैसे ट्रांसफर करने को कहा। पिता की आवाज सुनकर बेटे को विश्वास हो गया और उसने कई बार में कुल 75 हजार रुपये उक्त बारकोड पर ट्रांसफर कर दिए। बाद में ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज कराने के साथ अपने बैंक अधिकारी को जानकारी दे खाता व डेबिट कार्ड ब्लॉक करा स्थानीय आशियाना थाने में पुलिस से लिखित शिकायत की है। पुलिस के अनुसार पीडित की शिकायत पर आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज कर जांच कारवाई की जा रही है।

## दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुसालियों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से खदेड़ा

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**आलमबाग।** आशियाना थाना क्षेत्र मे रहने वाली एक विवाहिता ने पति सहित ससुरालियों पर दहेज की मांग पूरी न होने पर प्रताड़ित कर घर से निकालने का आरोप लगाया है। आशियाना थाना क्षेत्र स्थित सेक्टर-एच एलडीए कॉलोनी निवासी रूबी सोनी पत्नी शिवानंद सोनी ने बताया उसका विवाह 11 जुलाई 2024 को सुल्तानपुर जनपद के ग्राम दादूपुर निवासी शिवानंद सोनी के साथ संपन्न हुआ था। आरोप है कि उसके विदा होकर ससुराल पहुंचने के दूसरे दिन सास, ससुर, पति और देवर ने उसके मायके से मिले गहने व स्त्रीधन यह कहकर अपने पास रख लिए कि जरूरत पड़ने पर वापस कर देंगे। लेकिन इसके बाद भी ससुरालजन लगातार दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने के साथ 10 लाख रुपये नकद और एक स्कॉर्पियो कार की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट व गाली-गलौज कर उसे प्रताडित करने लगे। वही पीडिता का कहना था विरोध करने पर पति ने उसका गला दबाकर जान से मारने की धमकी दी और उसे नौकरानी की तरह रहने को कहा। रक्षाबंधन के अवसर पर जब वह अपने मायके जाने लगी और उसने अपने गहने मांगे, तो ससुराल पक्ष ने देने से इंकार कर दिया और अपमानित किया। कुछ समय बाद दोबारा ससुराल जाने पर उसे असली गहनों की जगह नकली गहने देने की कोशिश की गई। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। पीड़िता का आरोप है कि एक दिन उसका मंगलसूत्र भी गायब हो गया, जिस पर पति ने नशे की हालत में उसे बेचकर जुआ खेलने की बात कबूल की। इसके अलावा पति का किसी अन्य महिला से आपत्तिजनक बातचीत करना भी सामने आया। जब पीड़िता ने इस पर आपत्ति जताई, तो सास ने उसे मायके जाने को कह दिया और बेटे की दूसरी शादी करने की बात कही। जिसपर उसने घटना की जानकारी दे अपने भाई को बुलाया, लेकिन ससुराल पक्ष ने दोनों के साथ गाली-गलौज करते हुए उन्हें घर से धक्का देकर बाहर निकाल दिया।

# 172 उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों का भूमि पूजन शिलान्यास : डा. नीरज बोरा

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** लखनऊ उत्तर के विधायक डा. नीरज बोरा ने गुरुवार को क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क, नाली एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़े अनेक विकास कार्यों का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय निवासियों ने क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों के लिए उनका आभार व्यक्त किया।

विधायक डा. बोरा ने कहा कि लखनऊ उत्तर के सभी वार्डों में संतुलित एवं योजनाबद्ध विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कई महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण हो चुके हैं, जबकि अनेक परियोजनाएं प्रक्रियाधीन हैं और शीघ्र ही प्रारंभ होंगी। उन्होंने कहा कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा, जल निकासी, सेतु निर्माण, खेलकूद एवं रोजगार के क्षेत्र में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने विकास कार्यों की स्वीकृति एवं सहयोग के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तथा स्थानीय सांसद एवं रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह



के प्रति आभार व्यक्त किया।

गुरुवार को हुए कार्यक्रमों के क्रम में विधायक डॉ. बोरा ने मल्लाही टोला प्रथम वार्ड स्थित मनोहर नगर कॉलोनी में पार्क के चारों ओर सड़क डामरीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इसके उपरांत नगरिया ठाकुरगंज घासमंडी क्षेत्र में हिन्दुस्तान इलेक्ट्रिक से लेकर संजय चौरसिया के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इसी क्रम में डाकखाना मोड़ से अनुज कनक के घर होते हुए गिरिजा शंकर सोनकर के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया।

कार्यक्रमों की श्रृंखला में कदम रसूल वार्ड में सगीर खान के घर के सामने सड़क व नाली निर्माण कार्य तथा फैजुल्लागंज द्वितीय वार्ड के केशवनगर क्षेत्र में क्रिकेट एकेडमी से सुनील सिंह के मकान होते हुए सतीश यादव के मकान तक सड़क के दोनों ओर साइड पटरी इंटरलॉकिंग कार्य का शुभारंभ किया गया। इसके अतिरिक्त केशवनगर में ही विकास शुक्ला के घर के सामने सड़क व नाली निर्माण कार्य प्रारंभ कराया गया, जबकि फैजुल्लागंज चतुर्थ वार्ड के प्रभातपुरम कॉलोनी में त्रिकाल फैक्ट्री के निकट प्रेम जनरल स्टोर से अंकुश वर्मा के घर तक सड़क व नाली निर्माण कार्य का भी भूमि पूजन किया गया।

## यूपी में सौर ऊर्जा विस्तार में स्थानीय चैनल पार्टनर्स की अहम भूमिका

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा क्षेत्र को नई गति देने की दिशा में गुरुवार को एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। प्रभा एंटरप्राइजेज द्वारा अपने क्षेत्रीय चैनल पार्टनर्स के सम्मान में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कंपनी, जो यूटीएल सोलर की क्षेत्रीय वितरक है, ने इस कार्यक्रम के माध्यम से न सिर्फ अपने नेटवर्क को मजबूत बनाया बल्कि जमीनी स्तर पर सक्रिय पार्टनर्स के योगदान को भी सराहा। कार्यक्रम का आयोजन फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित कार्यालय में किया गया, जहां बड़ी संख्या में चैनल पार्टनर्स मौजूद रहे। इस दौरान उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सहयोगियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए गए। पुरस्कारों में इलेक्ट्रिक स्कूटर और मिनी पिकअप ट्रक छोटा हाथी शामिल रहे, जिसने उपस्थित प्रतिभागियों के बीच उत्साह का माहौल बना दिया।

कंपनी प्रतिनिधियों ने कहा कि उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा के विस्तार में स्थानीय चैनल पार्टनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऐसे प्रोत्साहन कार्यक्रम न केवल उनके मनोबल को बढ़ाते हैं, बल्कि उन्हें बेहतर लॉजिस्टिक्स और सेवा क्षमता भी प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम में यह भी रेखांकित किया गया कि निजी क्षेत्र, विशेषकर क्षेत्रीय वितरक और उनके पार्टनर्स, राज्य में सौर ऊर्जा अपनाने की गति बढ़ाने में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मजबूत आपूर्ति श्रृंखला और अंतिम मील तक सुगम डिलीवरी के कारण सौर ऊर्जा समाधान अब आम उपभोक्ताओं के लिए अधिक सुलभ और प्रभावी होते जा रहे हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, यह पहल उत्तर प्रदेश में विकसित हो रहे सौर ऊर्जा इकोसिस्टम का सकारात्मक संकेत है, जहां सरकारी नीतियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र की सक्रिय भागीदारी भी विकास को नई दिशा प्रदान कर रही है।

## नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने पर पर वृद्ध स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ /लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार के नव निर्माण के नौ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आज कलेक्ट्रेट स्थित अटल सभागार में एक वृद्ध स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता ने की।संगोष्ठी के दौरान सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने प्रदेश में संचालित विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा आमजन, विशेषकर बुजुर्गों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए कई महत्वपूर्ण योजनाएं चलाई जा रही हैं।उन्होंने आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, राष्ट्रीय गैर संचारी रोग नियंत्रण कार्यक्रम, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, जननी सुरक्षा योजना, जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम तथा आभा आईडी जैसे डिजिटल स्वास्थ्य मिशन की जानकारी देते हुए इनके लाभ बताए।सीएमओ ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क या सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे प्रदेश में स्वास्थ्य सूचकांकों में निरंतर सुधार हो रहा है।इस अवसर पर अपर/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, डीएमओ, आरकेएसके कंसल्टेंट, डीईआईसी मैनेजर, डीएफपीएलएम मैनेजर, एफएलसी-एनसीडी टीम, आयुष्मान भारत टीम, बीसीपीएम बेहजम सहित आशा संगिनी एवं आशा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर बुजुर्गों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा सरकार की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाना रहा।

## अशोक यादव बने भारतीय किसान क्रांति यूनियन सरकार के जिला प्रभारी

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ/ मोहनलालगंज।**



**अशोक** यादव की भारतीय किसान क्रांति सरकार के प्रति उनकी निष्ठा और सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हे जिला प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने भारतीय किसान क्रांति यूनियन सरकर को और मजबूती की तरफ ले जाने की उम्मीद जताई एवं निष्ठा पूर्वक किसानों के प्रति समर्पण भाव दिखाया। भारतीय किसान क्रांति यूनियन ने अशोक यादव को उत्तर प्रदेश के जनपद लखनऊ का जिला प्रभारी मानोनीत करते हुए अपेक्षा कि वे संगठन में ईमानदारी, मेहनत के दम पर किसान की हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे और किसान के साथ खड़े मिलेंगे। अगर किसान को कोई जरूरत पड़ती है भारतीय किसान क्रांति के जिला प्रभारी अशोक यादव हर वक्त किसान के लिए हर जरूरत पर साथ देंगे।

## वी स्मार्ट सोलरटेक के नए वेयरहाउस का शुभारंभ

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ।** सौर ऊर्जा क्षेत्र में तेजी से उभर रही वी स्मार्ट सोलरटेक कंपनी ने अपने नए अत्याधुनिक वेयरहाउस का आज विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम की शुरूआत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना से हुई, जिसमें कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया। पूजा के उपरांत फीता काटकर वेयरहाउस का औपचारिक शुभारंभ किया गया। कंपनी के निदेशक अमन गुप्ता और दीप्ति चौहान ने बताया कि यह नया वेयरहाउस कंपनी के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे ग्राहकों को तेज और बेहतर सेवाएँ मिल सकेंगी। नया केंद्र अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त है, जहाँ सौर पैनल, इनवर्टर, बैटरी व अन्य सौर उत्पादों का सुरक्षित भंडारण तथा सुचारू वितरण सुनिश्चित किया जाएगा।







## मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर को लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय कॉन्फ्रेंस में सम्मानित किया गया

**कार्यालय जागरण मोर्चा**

**लखनऊ /लखीमपुर खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी की स्वास्थ्य टीम को आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत उत्कृष्ट कार्य के लिए बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। 25 मार्च 2025 को लखनऊ स्थित होटल क्लार्क अवध में आयोजित राज्य स्तरीय एबीडीएम कॉन्फ्रेंस के दौरान अभियान अवधि में सबसे अधिक आभा आईडी बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष गुप्ता को प्रशंसा पत्र प्रदान किया गया है।यह सम्मान महानिदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं द्वारा सचिव स्वास्थ्य/मिशन डायरेक्टर एबीडीएम उत्तर प्रदेश रितु माहेश्वरी तथा अपर निदेशक



लखनऊ मंडल की उपस्थिति में प्राप्त हुआ। कॉन्फ्रेंस में कई मंडलों के अपर निदेशक, मुख्य चिकित्सा अधिकारियों, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डिप्टी सीएमओ व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात अधीक्षक सहित 200 से अधिक अधिकारी सम्मिलित हुए।इस उपलब्धि पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने खुशी जताते हुए कहा कि यह सम्मान पूरे जनपद की स्वास्थ्य टीम की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

इस सफलता में जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल व मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन का विशेष योगदान है। इसी के साथ अधीक्षक, डीपीएमयू स्टाफ, बीपीएमयू स्टाफ, सीएचओ, एएनएम, संगिनी, आशा कार्यकर्ता तथा अन्य पैरामेडिकल स्टाफ का भी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
जागरण मोर्चा
क्लासीफाइड
विज्ञापन दर
रू. 400/*- Size 40 Sqcm (Colour)
* नियम एवं शर्तें लागू।
विज्ञापन बुकिंग हेतु सम्पर्क करें
7579849555, 9627739857, 9411916020, 9997745413

जागरण मोर्चा राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक स्वामी, किरन दीक्षित के लिए प्रकाशक, मुद्रक, मनोज कुमार दीक्षित द्वारा लक्ष्य प्रिन्टर्स 158/ 4 भानमती चौराहा मॉडल हाउस हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से मुद्रित एवं मीडिया हाउस 20ए शिवाजीमार्ग हुसैनगंज लखनऊ, ( उ०प्र० ) से प्रकाशित । सम्पादक योगेश कुमार वर्मा मो0- 7579849555,9627739857 E-mail: www.jagranmorchadaily@gmail.com RNI.No.-UPHIN/2022/82743 समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ मान्य होगा ।

स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस बहुत पेनफुल समस्या है। इसके अलावा सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस जैसी स्पाइन रिलेटेड समस्याओं के ट्रीटमेंट में ईएसडीएस काफी इफेक्टिव हो सकती है। किस तरह की जाती है यह सर्जरी और नॉर्मल सर्जरी से कैसे है यह अलग, जानिए।

# स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस के ट्रीटमेंट में इफेक्टिव ईएसडीएस

ट्रीटमेंट



डॉ. सुदीप जैन
डायरेक्टर-स्पाइन सॉल्यूशंस इंडिया
नई दिल्ली



रीढ़ की गठिया यानी स्पाइनल ऑस्टियोअर्थराइटिस की समस्या के इलाज के अंतिम विकल्प के रूप में एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) से मरीजों को अच्छे रिजल्ट मिल रहे हैं। इसके साथ ही सर्वाइकल स्पॉन्डिलाइटिस और लंबर स्पॉन्डिलाइटिस की समस्या दूर करने में भी ईएसडीएस कारगर साबित हो रही है। ईएसडीएस की सफलता दर 95 प्रतिशत से ज्यादा है। इस तरह की सर्जरी के लिए इंट्राऑपरेटिव कंप्यूटर नेविगेशन सिस्टम, व्-आर्म और 3डी प्रिंटिंग का इस्तेमाल करके इंट्राऑपरेटिव 3डी रिकंस्ट्रक्शन इमेजिंग और रोबोट का प्रयोग किया जाता है।

**क्या है यह सर्जरी:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के तहत सर्जन रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के प्रभावित भाग पर एक सूक्ष्म चीरा या कट लगाते हैं। फिर इस कट के जरिए वह एंडोस्कोप को मरीज के प्रभावित भाग जैसे रीढ़ की वर्टिब्रा या डिस्क के समीप ले जाते हैं। एंडोस्कोप एक ट्यूब सदृश होती है, जिसमें लाइट और कैमरा फिट होते हैं, जिनकी मदद से सर्जन ईएसडीएस की प्रक्रिया को अंजाम देते हैं।



**नहीं होती कटिंग:** इस सर्जरी का नाम एंडोस्कोपिक स्पाइनल डिब्राइडमेंट सर्जरी (ईएसडीएस) तो है लेकिन खास बात यह है कि इसमें चीरफाड़ के स्थान पर रेडियो फ्रीक्वेंसी वेव्स, शॉक वेव्स, अल्ट्रासोनिक वेव्स और 'कोल्ड लेजर' का इस्तेमाल किया जाता है। इसके अलावा ओजोन का तरल रूप में इस्तेमाल भी करते हैं। रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) के एब्नॉर्मल टिशूज को फ्रीज करके हटा दिया जाता है। स्पाइन के एब्नॉर्मल भाग को निकाल कर उसे वैक्यूम के जरिए सक कर निकाल लिया जाता है। ऐसा प्रोसीजर ट्रेडिशनल सर्जरी में नहीं होता।

**सर्जरी प्रोसीजर:** सर्जरी से पहले एंडोस्कोपी के जरिए विकारग्रस्त हड्डी की सटीक एनाटॅमी अत्यधिक सुस्पष्ट, बड़े (इनलार्ज) रूप में सर्जन को पता चल जाती है। जब कीहोल के जरिए एंडोस्कोपी को स्पाइन के प्रभावित भाग तक पहुंचाया जाता है, तब उस भाग की बड़ी और स्पष्ट छवि नजर आती है, जिससे सर्जन को सटीक ऑपरेशन करने में मदद मिलती है। ये विशेषताएं पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होतीं।

**नर्व्स रहती हैं सुरक्षित:** ईएसडीएस की प्रक्रिया के दौरान स्पाइन के इर्द-गिर्द स्थित नसें (नर्व) सुरक्षित रहती हैं और इनके साथ कोई छेड़छाड़ नहीं होती। नसों के सुरक्षित रहने की स्थिति में मरीज तंत्रिका तंत्र (नर्वस सिस्टम) से संबंधित कई आशंकित समस्याओं से सुरक्षित रहता है। जबकि यह बात पारंपरिक सर्जरी के संदर्भ में लागू नहीं होती।

**मधुमेह और हृदय रोगियों को राहत:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में सर्जिकल टाइम कम होता है। इस कारण मरीज को एनेस्थीसिया भी कम दी जाती है। इस कारण मधुमेह और हृदय रोगों से ग्रस्त लोगों या फिर बढ़ती उम्र में होने वाली जटिलताओं से गुजर रहे व्यक्तियों में सर्जिकल प्रक्रिया के दौरान होने वाला जोखिम बहुत कम हो जाता है।

**देते हैं लोकल एनेस्थीसिया:** अनेक मरीज बेहोशी शब्द सुनकर डर जाते हैं, लेकिन ईएसडीएस के अधिकतर मरीजों में लोकल एनेस्थीसिया से ही काम चल जाता है। इस सर्जरी में ज्यादातर लोकल एनेस्थीसिया देने से ज्यादातर मरीजों को बेहोश करने की जरूरत नहीं होती।

**रक्त की कम हानि:** पारंपरिक सर्जरी की तुलना में ईएसडीएस में रक्त का कम से कम नुकसान होता है। ऐसी स्थिति में मरीज के ब्लड प्रेशर और ब्लड शुगर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है।

**अगले दिन डिस्चार्ज:** सर्जरी के अगले दिन व्यक्ति अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया जाता है, जबकि पारंपरिक सर्जरी में ऐसा नहीं होता। सर्जरी के लगभग एक हफ्ते के बाद व्यक्ति अपने कार्य पर वापस जा सकता है। जो लोग वजन उठाने या शारीरिक श्रम से संबंधित कार्यों से जुड़े हैं, वे लोग भी अपने कार्य कर सकते हैं। आमतौर पर ट्रेडिशनल ओपन सर्जरी के बाद लगभग 20 से 25 प्रतिशत ऐसे मामले सामने आते हैं, जिनमें दोबारा सर्जरी करनी पड़ती है, जिन्हें मेडिकल भाषा में 'फेल्ड बैक सर्जरी सिंड्रोम' कहते हैं। इसके विपरीत ईएसडीएस में अधिकतम 1 से 2 प्रतिशत मामलों में ही रिवीजन सर्जरी की जरूरत पड़ सकती है। *

प्रस्तुति: विवेक शुक्ला

---

डाइट सजेशन

शिखर चंद जैन

लंच, डिनर या ब्रेकफास्ट के समय या दिन में एक दो बार खाने का विचार आना सामान्य है, लेकिन ऐसा जब दिन में कई बार या कहें बार-बार आने लगे तो ऐसा फूड नॉइज के कारण हो सकता है। इसकी कई वजहें हो सकती हैं। इसका आपके सामान्य जीवन पर गहरा असर हो सकता है। इसके कारण, लक्षणों के साथ बचाव के बारे में भी जानिए।

# फूड नॉइज जब दिमाग में हर वक्त आए सिर्फ खाने का विचार





कई लोगों के मन में हमेशा या कुछ कुछ देर के बाद खाने का विचार आता रहता है। कई बार तो एक समय का खाना खाने के दौरान ही दूसरे वक्त के खाने के बारे में खयाल आने लगते हैं। खाने के विचारों पर इस तरह का अनियंत्रण फूड नॉइज की वजह से हो सकता है।

## क्या है फूड नॉइज

जब आपके दिमाग में बार-बार लगातार सिर्फ भोजन की बातें गूंजने लगती हैं या कभी व्हाट्सएप, कभी यू-ट्यूब या कभी इंस्टाग्राम अथवा फेसबुक के माध्यम से अच्छे-बुरे फूड, नए-पुराने फूड या पौष्टिक-जंक फूड की चर्चा आपके जेहन में पहुंचाई जाती हैं तो यह सिचुएशन फूड नॉइज कहलाती है। फूड नॉइज का अर्थ है, भोजन के बारे में लगातार और अकसर परेशान करने वाले विचार। यह केवल 'भूख' लगने जैसा नहीं है। यह मन में चलने वाली एक ऐसी रेडियो फ्रीक्वेंसी की तरह है, जो आपको हर समय खाने, अगले भोजन की योजना बनाने या विशिष्ट खाद्य पदार्थों की लालसा के बारे में बताती रहती है। वास्तव में यह एक मेंटल स्टेट होती है। लेकिन अगर सही तरीके से मैनेज किया जाए तो इस समस्या का समाधान हो सकता है।

## फूड नॉइज के मुख्य लक्षण

फूड नॉइज महसूस करने वालों में इस तरह के लक्षण दिख सकते हैं।

- पेट भरा होने के बावजूद भोजन के बारे में सोचना। हर वक्त भोजन की योजना बनाना, जैसे रात के खाने में क्या होगा? या कल दोपहर क्या खाएंगे? इस तरह के विचारों का बार-बार आना।



- खाने पर नियंत्रण की कमी। यानी, खाने की इच्छा को नजरअंदाज करना लगभग असंभव लगना।
- खाने से भावनात्मक संबंध महसूस होना। किसी प्रकार के तनाव या बोरियत महसूस होने पर तुरंत खाने के बारे में सोचना।

## सामान्य भूख से अलग

जैविक भूख तो शरीर की जरूरत होती है। पेट में गुड़गुड़ाहट होना, ऊर्जा कम महसूस होना और खाना खाने के बाद यह शांत हो जाना, यह सब सामान्य है। लेकिन फूड नॉइज एक मानसिक समस्या है। खाना खाने के तुरंत बाद भी व्यक्ति यह सोच सकता है कि फ्रिज में रखी मिठाई या कोई डिश कब खानी है?

## फूड नॉइज के मुख्य कारण

मस्तिष्क का रिवॉर्ड सिस्टम इसमें बड़ी भूमिका निभाता है। जब हम भोजन देखते हैं या उसके बारे में सोचते हैं, तो मस्तिष्क डोपामाइन रिलीज करता है। जिन लोगों में फूड नॉइज अधिक होता है, उनका मस्तिष्क भोजन के संकेतों (जैसे विज्ञापन या गंध) के प्रति अधिक संवेदनशील होता है। हार्मोनल असंतुलन भी इसकी एक वजह है। शरीर के कुछ हार्मोन भूख और तृप्ति को नियंत्रित करते हैं। जैसे लेप्टिन मस्तिष्क को बताता है कि पेट भर गया है, जबकि घ्रेलिन यह भूख लगने का संकेत देता है। फूड नॉइज से ग्रस्त लोगों में इन हार्मोंस का संचार ठीक से नहीं होता, जिससे मस्तिष्क को कभी 'फुल' होने का संकेत नहीं मिलता। इनके अलावा कुछ दवाओं के सेवन ने भी फूड नॉइज शब्द को लोकप्रिय बनाया है। ये दवाएं मस्तिष्क में जी एक पी-1 रिसेप्टर्स पर काम करती हैं, जो न केवल पाचन को धीमा करती हैं बल्कि मस्तिष्क में उस 'शोर' को भी शांत कर देती हैं। कई लोग इन दवाओं को लेने के बाद पहली बार महसूस करते हैं कि बिना भोजन के विचार के भी रहा जा सकता है।

इसके अलावा तनाव और चिंता इसकी बड़ी वजह है। तनावपूर्ण स्थितियों में मस्तिष्क 'सर्वाइवल मोड' में चला जाता है और कैलोरी-युक्त भोजन की मांग करता है। प्रतिबंधित डाइटिंग भी इसकी वजह हो सकती है। जब हम किसी चीज को खाने से खुद को सख्ती से रोकते हैं, तो मस्तिष्क उस चीज के प्रति अधिक 'शोर' पैदा करता है।

## फूड नॉइज का जीवन पर प्रभाव

फूड नॉइज समस्या के कई तरह के मानसिक प्रभाव दिख सकते हैं। इनमें शामिल हैं-



**मानसिक थकान:** हर समय भोजन के बारे में सोचना मानसिक रूप से आपको थका देने वाला होता है।

**अपराध बोध:** बार-बार खाने के विचारों के कारण व्यक्ति खुद को कमजोर इच्छाशक्ति वाला मानने लगता है।

**एकाग्रता में कमी:** फूड नॉइज से ग्रस्त व्यक्ति का काम या पढ़ाई के दौरान भी ध्यान भोजन पर ही बना रहता है। *

(डाइटिशियन पिंकी गोयल से बातचीत पर आधारित)

### फूड नॉइज को कैसे रोकें

इस समस्या के समाधान के लिए आप कुछ उपाय कर सकते हैं।

**माइंडफुल ईटिंग:** खाते समय पूरी तरह से भोजन पर ध्यान देना और उसके स्वाद को महसूस करना।

**पर्याप्त प्रोटीन और फाइबर:** ये लंबे समय तक पेट भरा होने का एहसास कराते हैं, जिससे मानसिक लालसा कम हो सकती है।

**नींद:** नींद की कमी भूख बढ़ाने वाले हार्मोंस को सक्रिय कर देती है।

**प्रोफेशनल मदद:** यदि यह ईटिंग डिसऑर्डर का रूप ले ले, तो मनोवैज्ञानिक या डाइटिशियन से सलाह लेना आवश्यक है।




---

# मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है

फिटनेस फंडा

विकास सालगोत्रा



एक्टर विकास सालगोत्रा इन दिनों सोनी सब पर टेलिकास्ट हो रहे सीरियल 'गाथा शिव परिवार की-गणेश कार्तिकेय' में भगवान विष्णु की भूमिका में नजर आ रहे हैं। सीरियल में उनकी बॉडी काफी फिट और टोंड दिख रही है। वे अपनी हेल्थ और फिटनेस को मेंटेन करने के लिए क्या कुछ करते हैं, बता रहे हैं अपनी जुबानी।

**डाइट प्लान:** मैं प्योर वेजिटेरियन हूं, इसलिए कोशिश करता हूं कि सभी जरूरी न्यूट्रिएंट्स मुझे वेजिटेरियन फूड से ही मिलें। इसीलिए अपनी डाइट में मैं प्रोटीन, फाइबर को प्रचुर मात्रा में शामिल करता हूं। मेरा मेन फोकस बैलेंस्ड डाइट पर रहता है।

**वर्कआउट रूटीन:** अपनी फिजिकल फिटनेस को मेंटेन करने के लिए मैं हफ्ते में कम से कम 5 दिन वर्कआउट जरूर करता हूं। मेरा वर्कआउट रूटीन-हार्डकोर हैवी वेट ट्रेनिंग और कार्डियो का कॉम्बिनेशन होता है। इसके अलावा मुझे जॉगिंग करना भी बहुत पसंद है। इसलिए जॉगिंग भी करता हूं।

**बिजी शेड्यूल में टाइम:** यह सही है कि मेरा शेड्यूल बिजी रहता है। लेकिन मैं अपने फिटनेस को लेकर समझौता नहीं करता, उसके लिए टाइम जरूर निकालता हूं। इसके लिए मैं कोशिश करता हूं कि ज्यादा ना सोऊं, ताकि अपने फिटनेस रूटीन के लिए समय निकाल सकूं। हेल्थ के लिए जितनी देर सोना जरूरी है, उतना ही सोता हूं। आलस में बेड पर पड़े रहकर टाइम वेस्ट नहीं करता हूं।

**मेंटल हेल्थ:** मेंटली हेल्दी रहने के लिए हमेशा पॉजिटिव सोचता हूं। इसके अलावा मेडिटेशन और योगाभ्यास भी करता हूं। अच्छी किताबें पढ़ता हूं और म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स भी बजाता हूं। इससे मुझे काफी संतुष्टि मिलती है।

**फिटनेस आइडल:** मेरे फिटनेस आइडल अक्षय कुमार हैं। उनकी फिटनेस और एनर्जी लेवल मुझे बहुत इंस्पायर करते हैं।

**रीडर्स के लिए मैसेज:** अपने फैंस और रीडर्स से यही कहना चाहूंगा कि फिटनेस दिमाग से शुरू होती है। अपने बारे में और दूसरों के लिए हमेशा अच्छा सोचिए, यही असली फिटनेस का मंत्र है। *

प्रस्तुति: सेहत फीचर्स

---

हर्बल जोन

रेखा देशराज

बदलते मौसम में शारीरिक रोगों के होने की आशंका बढ़ जाती है। इनसे बचाव के लिए अन्य सावधानियों के साथ ही आप नीम की कोमल पत्तियों का सेवन भी कर सकते हैं। ये किस तरह फायदेमंद है, बता रहे हैं विस्तार से।

# मौसमी रोगों से बचाती हैं नीम की कोमल पत्तियां






अपने देश में ऋतुओं के बदलने के साथ ही हमारी जीवनशैली भी बदल जाती है। इस तरह देखें तो हमारा शरीर बहुत कुछ प्राकृतिक बदलाव के साथ बदलता है। अगर हम इस बदलाव के अनुकूल नहीं चलते तो हमें कई तरह की शारीरिक परेशानियों का सामना करना पड़ता है और अगर इस बदलाव को प्रकृति के साथ बदल लेते हैं, तो निरोग रहते हैं। इन दिनों के वसंत ऋतु के दौरान वातावरण में हल्की गर्मी शुरू हो जाती है। ऐसे में हवा में पराग कणों की संख्या भी बढ़ जाती है। ऐसे में इस दौरान अगर सावधानी न बरती तो कई तरह की मौसमी बीमारियों के चंगुल में आ सकते हैं। इन समस्याओं से बचने के लिए नीम की कोमल पत्तियों का सेवन बहुत कारगर होता है। आयुर्वेद में नीम की कोमल पत्तियों को 'सर्वरोग निवारणी' कहा गया है। वसंत ऋतु में नीम के पेड़ों पर नई कोमल और हल्की कड़वी पत्तियां निकलती हैं, तब उन्हें विशेष रूप से औषधीय माना जाता है। यही कारण है कि इस मौसम में बहुत से स्वास्थ्य के प्रति सजग लोग नीम की कोमल पत्तियों को चबाकर खाते हैं।

**कम करे विषैले पदार्थ:** आयुर्वेद के मुताबिक वसंत ऋतु में शरीर में जमा हुआ कफ पिघलने लगता है। क्योंकि शीत ऋतु में हम प्रायः दूसरे मौसमों के मुकाबले ज्यादा और गरिष्ठ भोजन करते हैं। इस मौसम में मेहनत भी दूसरो मौसमों के मुकाबले कम करते हैं। यही कारण है कि सर्दी के दौरान खूब खाया गया कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं के रूप में हमारे सामने आता है। एलर्जी, जुकाम, त्वचा रोग, सुस्ती और पाचन संबंधी गड़बड़ियों का नाता कहीं न कहीं इस मौसम की परिस्थितियों से होता है। ऐसे में नीम की पत्तियों का खाना बहुत लाभकारी होता है। नीम की पत्तियों का कड़वा स्वाद शरीर के भीतर जमा कफ और विषैले तत्वों को कम करने में सहायक होता है। इसलिए आयुर्वेद में वसंत को शोधन यानी सफाई का मौसम कहा जाता है और इस प्रक्रिया में ही नीम की पत्तियों का सबसे बड़ा योगदान होता है।

**बढ़ाए प्रतिरोधक क्षमता:** नीम की पत्तियों में कई प्रकार के जैव सक्रिय तत्व पाए जाते हैं जैसे-निंबिन, निमगिन और एंटीऑक्सीडेंट यौगिक। ये तत्व हमारे शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाते हैं। आज के समय जब प्रदूषण, असंतुलित खान-पान और तनाव, हमारी प्रतिरक्षा क्षमता कमजोर कर रहा है, तब नीम की पत्तियां पहले से कहीं ज्यादा लाभकारी साबित होती हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि ये सस्ती और सुलभ प्राकृतिक औषधि के रूप में हमें उपलब्ध होती है। अगर हम इस मौसम में नियमित रूप से नीम की पत्तियों का प्रतिदिन सेवन कर लें तो एक महीने का सेवन पूरे साल हमें कई तरह के शारीरिक संक्रमणों से बचाता है।

**त्वचा की सुरक्षा-रक्त शुद्धि:** वसंत ऋतु में त्वचा संबंधी समस्याएं भी बढ़ जाती हैं, जैसे दाने निकलना, खुजली, फुंसियां होना तथा एलर्जी होना। नीम को इन सभी तरह की समस्याओं से छुटकारा देने वाली प्राकृतिक औषधि माना जाता है। इसके अलावा नीम की पत्तियों वाले उबले पानी से नहाएं तो हमें कई तरह की त्वचा संबंधी परेशानियां नहीं होंगी। रक्त शुद्धि करने वाला नीम इसीलिए सदियों से भारतीय समाज में एक औषधीय पेड़ के रूप में ही उगाया जाता रहा है।

**करे पाचन में सुधार:** नीम की कड़वाहट हमारी पाचनशक्ति को भी सक्रिय बनाने में अहम भूमिका निभाती है। कोमल नीम की पत्तियां कुछ दिनों तक सेवन करने से शरीर में मौजूद विषैले तत्वों को बाहर निकालने में सहायक होती हैं। यही नहीं इस मौसम में नीम की पत्तियां सेवन करने से हमारा पाचनतंत्र बेहतर और मजबूत होता है। *



## संक्षिप्त समाचार

### फर्जी जवान गिरफ्तार, वर्दी पहनकर जुटा रहा था जानकारी

**अलीपुरद्वार।** विधानसभा चुनाव 2026 से पहले सुरक्षा के बीच एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। सेना की वर्दी पहनकर घूम रहे एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। घटना बुधवार की है, जब स्टेटिक सर्विलांस टीम (एसएसटी) द्वारा लगाए गए नाका चेकिंग प्वाइंट पर एक युवक सेना की वर्दी में फोटो खिंचवाता नजर आया। शक होने पर पुलिस ने उसे रोका और पूछताछ शुरू की, जिसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। सूत्रों के अनुसार, युवक शामुकतला इलाके का रहने वाला है। वह न सिर्फ वर्दी पहनकर फोटो खींच रहा था, बल्कि वहां तैनात कर्मियों से हासीमारा सेना छावनी के बारे में संवेदनशील जानकारी भी जुटाने की कोशिश कर रहा था। उसकी बातचीत में विरोधाभास मिलने पर पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया।

### फिल्म 'धुरंधर 2' तोड़ रही रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह की जासूसी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। कारोबारी दिनों में भी फिल्म की रफ्तार बरकरार है, जिससे साफ है कि इसकी कमाई अभी थमने वाली नहीं है। हालांकि छठे दिन कलेक्शन में हल्की गिरावट देखने को मिली, लेकिन इसके बावजूद फिल्म 600 करोड़ क्लब के बेहद करीब पहुंच गई है। ट्रेड रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म ने छठे दिन यानी मंगलवार को 56.55 करोड़ रुपये का कारोबार किया। इससे पहले फिल्म ने पहले दिन 102.55 करोड़, दूसरे दिन 80.72 करोड़, तीसरे दिन 113 करोड़, चौथे दिन 114.85 करोड़ और पांचवें दिन 65 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस तरह छह दिनों में फिल्म का कुल घरेलू नेट कलेक्शन 575.67 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है।

### पुलिस ने बारामूला में ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया

**जम्मू।** नशीली दवाओं की तस्करी के खिलाफ अपने निरंतर अभियान को जारी रखते हुए बारामूला में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने एक ड्रग तस्कर को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से प्रतिबंधित पदार्थ बरामद किया। पुलिस स्टेशन कुंजर की एक पुलिस पार्टी ने चिचिलोरा कुंजर में नियमित गश्त के दौरान एक संदिग्ध वाहन ( एचआर 55 एडी 2930 ) को रोका। चेकिंग के दौरान एक व्यक्ति मौके से भाग गया, जबकि चालक वहीद सुल्तान पुत्र मोहम्मद सुल्तान गनी निवासी शीरपोरा बंगिल, पट्टन को पकड़ लिया गया। उसकी तलाशी के दौरान 27 ग्राम चरस बरामद हुई।

### बंगाल में चुनाव से पहले ममता बनर्जी ने 'लाभ के पद' से दिया इस्तीफा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में अगले महीने होने वाले दो चरणों के विधानसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने पास मौजूद विभिन्न 'लाभ के पदों' से इस्तीफा दे दिया। आचार संहिता लागू होने और चुनाव आयोग की निगरानी के बीच इस कदम को प्रशासनिक पारदर्शिता से जोड़कर देखा जा रहा है। ममता बनर्जी दक्षिण कोलकाता के भवानीपुर से अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार हैं। मुख्यमंत्री के इन पदों से इस्तीफे के बाद राज्य प्रशासन ने आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

## आस्था का अद्भुत संगम



### प्रतिमा की विशेषताएं

- यह 108 फीट ऊंची प्रतिमा एक चरण पर खड़ी विश्व की संभवतः सबसे विशाल प्रतिमा है। इसे 8 फीट ऊंचे पृष्ठतल पर स्थापित किया गया है।
- निर्माण में लगभग एक वर्ष का समय लगा और इसे पंचधातु (मुख्यतः कांस्य) से बनाया गया है।
- प्रतिमा निर्माण में अक्षरधाम के शिल्पी संतों, करीब 50 कारीगरों और अनेक स्वयंसेवकों का योगदान रहा है।
- यह प्रतिमा उस तपस्या का मूर्त रूप है, जो भगवान स्वामिनारायण ने नीलकंठ वर्णी के रूप में मुक्तिनाथ (पुलहाश्रम) में चार महीने तक एक पैर पर खड़े रहकर की थी।

### अक्षरधाम में आज स्थापित होगी 108 फीट ऊंची तपोमूर्ति



**नई दिल्ली।** दिल्ली स्थित स्वामिनारायण अक्षरधाम देश की सांस्कृतिक और राष्ट्रीय धरोहर के रूप में विश्वभर में प्रसिद्ध है। 26 मार्च को यहां एक ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने जा रहा है। वैश्विक बोचासनवासी अक्षर पुरुषोत्तम स्वामीनारायण संस्था (बीएपीएस) के प्रमुख महंत स्वामी महाराज के कर-कमलों द्वारा तपोमूर्ति श्री नीलकंठ वर्णी (भगवान स्वामिनारायण) की 108 फीट ऊंची विशाल प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। गुरुवार प्रातः 6 बजे से मुख्य प्रतिष्ठा विधि प्रारंभ होगी, जिसके बाद विधिवत लोकार्पण किया जाएगा।

> भगवान स्वामिनारायण ने मात्र 11 वर्ष की आयु में गृह त्याग कर 7 वर्षों तक संपूर्ण भारत में लोककल्याण के लिए यात्रा की। लगभग 12 हजार किलोमीटर से अधिक की इस कठिन आध्यात्मिक यात्रा के दौरान उन्होंने उत्तर में हिमालय, बदरीनाथ-केदारनाथ, कैलाश-मानसरोवर, नेपाल में मुक्तिनाथ, पूर्व में कामाख्या देवी मंदिर, ओडिशा के पुरी में जगन्नाथ, दक्षिण में रामेश्वरम, नासिक, पंढरपुर तथा पश्चिम में द्वारका जैसे प्रमुख तीर्थों की यात्रा की।

## दिलचस्प विरोधाभासा | तेल की कीमतों में 40 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी

# ड्रोन-मिसाइल ही नहीं, ईरान ने होर्मुज को भी बना लिया हथियार




तीन देशों के बीच युद्ध

ये एक बेहद दिलचस्प विरोधाभास है कि दुनियाभर में इस समय सबसे ज्यादा चर्चा में रहने वाला होर्मुज ना तो अभी पूरी तरह से खुला है और ना ही औपचारिक रूप से बंद है। दुनिया के इस सबसे महत्वपूर्ण तेल मार्ग में से जहाजों की आवाजाही लगभग बंद है। इसका असर ये हुआ कि तेल की कीमतों में 40 फीसदी से अधिक की बढ़ोतरी देखने को मिली है। मूल रूप से दुनिया उस युद्ध की आर्थिक कीमत चुका रही है जो तीन देशों के बीच लड़ा जा रहा है।

ऐसा नहीं है कि 28 फरवरी को जब अमेरिका या इजराइल ने ईरान पर हमला किया तो उसे युद्ध के नतीजों का अंदाजा नहीं था। ईरान, होर्मुज के किनारे स्थित है। इस शिपिंग रूट को प्रभावी रूप से नियंत्रित करता है। यह होर्मुज की खाड़ी इतनी संकरी है कि जहाज ईरान द्वारा दावा किए गए जलक्षेत्र से बचकर गुजरने में असमर्थ होते हैं। ईरान इसका हमेशा से प्रेशर पॉलिटिक्स के तौर पर इस्तेमाल करता है।

### दो हजार जहाज समुद्री क्षेत्र में फंसे हुए हैं

अंतरराष्ट्रीय समुद्री संगठन के अनुसार, मार्च में अब तक केवल 138 जहाज इस संकरे जलमार्ग से गुजरे हैं, जिनमें 87 तेल और गैस टैंकर शामिल हैं यानी प्रतिदिन सिर्फ 5 से 6 जहाज। लेकिन युद्ध से पहले रोजाना लगभग 138-140 जहाज होर्मुज से गुजरते थे। मौजूदा समय में लगभग 2,000 जहाज होर्मुज के आसपास के समुद्री क्षेत्र में फंसे हुए हैं।



### किन देशों को ईरान की मंजूरी मिली?

बहुत कम देशों को अपने टैंकर इस शिपिंग रूट से निकालने की अनुमति मिली है. प्रतिबंधित टैंकर और तथाकथित शैडो फ्लीट अब अधिकांश आवाजाही का हिस्सा बन चुके हैं. 28 फरवरी के बाद से अधिकतर तेल एशिया, विशेष रूप से चीन की ओर गया है। चीन को ईरान का सहयोगी भी माना जाता है। इस अवधि में 1.2 करोड़ बैरल से अधिक तेल चीन पहुंच चुका है। कुछ टैंकरों ने सुरक्षित मार्ग पाने के लिए खुद को चीन से जुड़ा हुआ भी घोषित किया है. लॉयड्स के एनालिसिस के अनुसार, लगभग एक-तिहाई जहाज ईरान से जुड़े या उसके स्वामित्व वाले थे. इसके बाद ग्रीक और चीन के जहाज हैं. भारत के लिए जा रहे छह टैंकर इस मार्ग से गुजर चुके हैं, जबकि लगभग 20 भारतीय झंडे वाले जहाज, जिनमें 540 भारतीय नाविक हैं, अभी भी पार होने का इंतजार कर रहे हैं. पाकिस्तान और तुर्की के जहाजों को भी ईरान ने अनुमति दी है।

#### प्रति जहाज 18 करोड़ रुपए वसूल रहा

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ईरान सुरक्षित मार्ग के लिए प्रति जहाज 20 लाख डॉलर ( करीब 18 करोड़ रुपये ) तक वसूल रहा है, हालांकि ईरान ने इस दावे से इनकार किया है। वास्तव में, इस पूरे मार्ग को इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स द्वारा नियंत्रित किया जा रहा है।

#### होर्मुज से गल्फ वापस लौटा पाकिस्तान जा रहा कंटेनर जहाज!

ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजरायल की जंग के बीच पाकिस्तान खुद को एक मध्यस्थ की तरह पेश कर रहा है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थ बनने की पेशकश की है और उनके इस प्रस्ताव को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी सोशल मीडिया पर साझा किया है, लेकिन इस बीच खबर है कि मध्यस्थ बनने की तमन्ना लिए बैठे पाकिस्तान जा रहे एक कंटेनर जहाज को ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट से लौटा दिया है। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट के एंट्री गेट पर कराची जा रहे एक कंटेनर जहाज को वापस लौटा दिया। ईरान ने कहा कि पाकिस्तान जा रहे जहाज ने इस अहम समुद्री रास्ते से गुजरने की इजाजत पहले से नहीं ली थी। एआईएस ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक, 'सेलेन' नाम का जहाज 23 मार्च को शारजाह एंकरेज से रवाना हुआ था।

## ल्वीव समेत कई शहरों में भारी तबाही

# रूस ने यूक्रेन पर दागी 1000 से ज्यादा मिसाइलें, 7 की मौत

- कई शहरों में देखने को मिली भारी तबाही

एजेंसी ■ मास्को

रूस ने यूक्रेन पर अब तक के सबसे बड़े हवाई हमले को अंजाम देते हुए करीब 1,000 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इस हमले में सात की मौत हुई, दर्जनों घायल हुए और ल्वीव समेत कई शहरों में भारी तबाही देखने को मिली।

यह हमला ऐसे समय में हुआ है जब युद्ध खत्म करने की कोशिशों के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार यूक्रेन पर रूस ने हाल के दिनों में अब तक के सबसे बड़े हवाई हमलों में से एक को अंजाम दिया है। अधिकारियों के अनुसार करीब 24 घंटे के भीतर रूस ने लगभग 1,000 ड्रोन और मिसाइलें दागीं, जिनमें कम से कम सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। बताया गया है कि रात के समय करीब 400 लंबी दूरी के ड्रोन और 23 क्रूज़ मिसाइलें दागी गईं। इसके बाद दिन में भी असामान्य रूप से 556 ड्रोन से हमला किया गया, जिसने पश्चिमी यूक्रेन के कई शहरों को निशाना बनाया।



#### 11 प्रशासनिक क्षेत्रों में नुकसान की पुष्टि

पश्चिमी शहर ल्वीव में एक रूसी ड्रोन ने 16वीं सदी के बर्नार्डिन मठ (यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल) को नुकसान पहुंचा है। हमले में पास की आवासीय इमारतों में आग लग गई और कई लोग घायल हो गए। यूक्रेनी के अनुसार टेरनोपिल, विन्नित्सिया, इवानो-फ्रैंकिव्स्क, जाइटॉमिर, ज़ापोरिज़्या और डीनिप्रो सहित कई क्षेत्रों में हमले हुए। इवानो-फ्रैंकिव्स्क में दो लोगों और विन्नित्सिया में एक व्यक्ति की मौत हुई है। इसके अलावा पोल्टावा क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई और 11 घायल हो गए।

## वित्तमंत्री ने लोकसभा में वित्त विधेयक 2026 पर चर्चा का दिया जवाब

# सरकार एमएसएमई, किसानों और सहकारी समितियों को सशक्त बना रही : सीतारमण

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को लोकसभा में वित्त विधेयक 2026 पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि सरकार एमएसएमई, किसानों और सहकारी समितियों को सशक्त बना रही है। सीतारमण ने सदन को बताया कि रोजगार और विकास के केंद्र में हैं। उन्होंने भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए डिजिटल, इलेक्ट्रॉनिक्स और रक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों को समर्थन देने की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने कहा कि



भारत में सुधार किसी दबाव में नहीं, बल्कि दृढ़ विश्वास के साथ किए जा रहे हैं और देश रिफॉर्म एक्सप्रेस पर आगे बढ़ रहा है। सरकार द्वारा टैक्स सिस्टम को आसान बनाया जा रहा है।

#### ऑनलाइन प्रक्रिया

17 जीवनरक्षक दवाओं पर कस्टम ड्यूटी खत्म और छोटे टैक्सपेयर्स के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया लागू की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार का फोकस भरोसे पर आधारित टैक्स सिस्टम बनाने पर है, जिसके तहत ईमानदार करदाताओं के लिए परेशानियां कम की जा रही हैं। टैक्स प्रशासन को अधिक पारदर्शी और आसान बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं।

### प्याज उत्पादक किसानों की मदद के लिए सचिव स्तर की कमेटी बनाएं : फडणवीस

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को विधान भवन में अधिकारियों को प्याज उत्पादक किसानों की मदद के लिए सचिव स्तर की कमेटी बनाने का निर्देश दिया है। मुख्यमंत्री फडणवीस ने बुधवार को विधान भवन में प्याज उत्पादक किसानों की समस्या को लेकर आयोजित बैठक में कहा कि राज्य में हर साल प्याज उत्पादक की समस्या उठती है। इस समस्या का स्थायी समाधान निकालने की जरूरत है।

## पंजाब में खौफ और अन्याय का माहौल

# दिल्ली विधानसभा में पंजाब की आम आदमी पार्टी की सरकार के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश

दिल्ली विधानसभा में बुधवार को कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने



पंजाब में आप सरकार के भ्रष्टाचार और अत्याचारों पर गंभीर आरोप लगाते हुए निंदा प्रस्ताव पेश किया। उन्होंने गगनदीप सिंह रंधावा की आत्महत्या का जिक्र करते हुए कहा कि आप सरकार के मंत्री लालजीत सिंह भुल्लड़ ने टेंडर परिवार के लोगों को दिलाने के दबाव में अधिकारी को बंधक बनाकर वीडियो बनवाया। भुल्लर के दबावों के चलते वेयरहाउसिंग के जनरल मैनेजर गगनदीप सिंह रंधावा को आत्महत्या के लिए मजबूर होना पड़ा।

#### अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया

सिरसा ने अन्य घटनाओं का भी उल्लेख किया, जिसमें विधायक अमृतपाल सिंह सुखारा द्वारा एसडीएम वालिया को गैंगस्टरों द्वारा मरवाने की धमकी और आआपा के कारण फरीदकोट के दो भाइयों का कर्ज और दबाव के चलते आत्महत्या करना प्रमुख घटनाएं हैं। ये सभी घटनाएं पंजाब में खौफ और अन्याय का माहौल दिखाती हैं। पंजाब को इन्होंने इतना बर्बाद किया है कि आज सदन में निंदा प्रस्ताव आया है।

## जन्म से ही दोनों हाथ नहीं करते काम, 5वीं की परीक्षा दे रहा

# नेपाल: 12 वर्षीय बालक सन्देश बुढामगर पैरों से लिख रहा भविष्य

एजेंसी ■ काठमांडू

रोल्पा की ऊबड़-खाबड़ पहाड़ियों पर करीब डेढ़ घंटे पैदल चलकर 12 वर्षीय एक बालक रोज़ परीक्षा केंद्र पहुंचता है। फिर वह अपने पैरों से ही परीक्षा लिखकर वापस लौटता है। उनकी लिखावट में छिपा संघर्ष और मेहनत असाधारण है। ऐसा लगता है कि हर परीक्षा उनके लिए केवल शैक्षिक मूल्यांकन नहीं, बल्कि आत्मविश्वास की भी परीक्षा है। सन्देश की यह प्रस्तुति देखने वाले लोग आश्चर्यचकित रह जाते हैं।

रोल्पा नगरपालिका-10 धवाङ, धाड्सी गांव के निवासी सन्देश बुढामगर इस समय अपने पैरों के सहारे अपना भविष्य लिख रहे हैं। नेपाल राष्ट्रीय आधारभूत विद्यालय की कक्षा-5 के छात्र सन्देश परीक्षा देने के लिए दूसरे वॉर्ड में स्थित हिमालय माध्यमिक विद्यालय पहुंचते हैं। वे जिले में चैत 8 गते से शुरू हुई पालिका-स्तरीय वार्षिक परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।



#### नर्सरी कक्षा से ही लिखने का अभ्यास किया था

नर्सरी कक्षा से ही उन्होंने पैरों से लिखने का अभ्यास शुरू कर दिया। आज वे कहते हैं, 'स्कूल जाना शुरू करने के बाद से ही मैंने पैरों से लिखने का अभ्यास किया। अब तो जितना भी लिखना पड़े, मैं आसानी से पैरों से लिख सकता हूं।' शिक्षक खिम बुढामगर के अनुसार सन्देश उत्तरपुस्तिका के सभी प्रश्नों के उत्तर साफ और समझने योग्य तरीके से पैरों से ही लिखते हैं। दुर्गम गांव में सड़क पहुंचने के बावजूद यातायात की सुविधा न होने के कारण वे रोज़ डेढ़ घंटे पैदल चलकर परीक्षा केंद्र पहुंचते हैं।

## रामनवमी पर पूरे दिन खुला रहेगा राम मंदिर

# अयोध्या: रामलला को छह क्विंटल पंजीरी का लगेगा भोग

रामनवमी के पावन अवसर पर इस वर्ष श्री राम जन्मभूमि मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। राम जन्मोत्सव को लेकर व्यापक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु सहजता से दर्शन कर सकें। इस दिन राम मंदिर पूरे दिन खुला रहेगा। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामनवमी के दिन प्रातः 6:30 बजे से अनुष्ठान शुरू होकर सुबह 11:00 बजे तक चलेंगे।

इस विशेष दिन मंदिर के कपाट पूरे दिन खुले रहेंगे और उन्हें बंद नहीं किया जाएगा, जिससे अधिक से अधिक श्रद्धालु रामलला के दर्शन कर सकें। आवश्यकता पड़ने पर दर्शन की अवधि को और बढ़ाया भी जा सकता है। दोपहर ठीक 12:00 बजे भगवान रामलला का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। इस दौरान सूर्य की किरणें भगवान के मस्तक पर पड़कर दिव्य 'सूर्य तिलक' का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेंगी। पूरे आयोजन का लाइव प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से भी किया जाएगा, ताकि देश दुनिया के श्रद्धालु भी इस अलौकिक क्षण के साक्षी बन सकें।

### रामलला की आकर्षक फूल बंगला झांकी भी सजाई जाएगी



रामलला को इस अवसर पर करीब छह क्विंटल पंजीरी का विशेष भोग अर्पित किया जाएगा। साथ ही मंदिर परिसर में इन दिनों 'बधाई गान' का आयोजन लगातार चल रहा है, जिससे भक्तिमय वातावरण बना हुआ है। जन्मोत्सव के दिन राम परिवार के दरबार में भी बधाई गान होगा। श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दर्शन पथ पर मैट बिछाए जाएंगे और जहां कैनोपी नहीं है, वहां छाया की विशेष व्यवस्था की जाएगी। इसके अलावा रामलला की आकर्षक फूल बंगला झांकी भी सजाई जाएगी, जो श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होगी। शाम होते ही मंदिर का शिखर भव्य फसाड लाइटिंग से जगमगा उठेगा, जिससे पूरा परिसर दिव्य और आलौकिक आभा से भर जाएगा। रामनवमी के इस भव्य आयोजन को लेकर अयोध्या नगरी में उत्साह और श्रद्धा का वातावरण देखने को मिल रहा है।

#### हनुमान जयंती पर होगा हनुमान मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण

राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि रामनवमी तक सूर्य, गणेश, शिव और दुर्गा मंदिर पर के शिखर पर ध्वजारोहण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा। यह सारे आयोजन सीमित स्तर पर होंगे। दो अप्रैल को हनुमान जयंती के दिन हनुमान मंदिर और शेषावतार मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया जाएगा। इस आयोजन में 50 से अधिक मेहमानों का आमंत्रित किया जा रहा है।